


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जीवनसाथी के प्रति प्रेम और समर्पण का पर्व व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कार्तिक कृष्ण पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 335, पृष्ठ -20+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 33.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 06 : 16 सूर्यास्त 05 :38

बरेली, रविवार, 20 अक्टूबर 2024

राष्ट्रपति नेतन्याहू के आवास पर हिजबुल्ला का ड्रोन अटैक...18













करवा चौथ की
हार्दिक शुभकामनाएं
Smt. Manju Agarwal
Piyush Kumar Agarwal
Kumar Agencies Bareilly


करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाएं
Sushil Saxena
Smt. Meena Saxena


आप सभी दम्पत्तियों को
करवा चौथ (पर्व)
की हार्दिक शुभकामनाएं
'अत्यन्त हर्ष के साथ अवगत कराना चाहूंगा कि हम लोग 15 वर्ष की आयु में शादी के बंधन में बंध गये थे और हम दोनों लोगों ने एक दूसरे का हर सुःख दुःख में साथ दिया और अपने परिवार को निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसित किया।
अतः आप सभी से आग्रह है कि सभी दम्पत्तिगण अपने जीवन का सुःखपूर्वक निर्वाह करें, ऐसी मैं शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ।'
श्री राममूर्ति मौर्य
(वरिष्ठ भाजपा नेता)
श्रीमती मुन्नी देवी मौर्य
(पूर्व सभासद)
आर. मूर्ति सैनेट्री स्टोर
विगत 25 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर है।
अच्छा काम, उचित दाम
हमारी दुकान पर सेनेट्री का सामान उचित दाम पर मिलता है।
पता :- आभा ड्राइक्लीनर्स के सामने निकट सैटेलाइट, बरेली।


करवा चौथ (पर्व)
की हार्दिक शुभकामनाएं
Hero
DESTINI 125
ऑफर्स शानदार,
भरोसा दमदार
आज ही घर लाइए
अपनी हीरो
कम
डाउन पेमेंट
₹7,999/-**
से शुरू
3000/-*
की विशेष छूट
कम ब्याज दर
ऑन रोड कीमत
₹91,999/-
कम कागजी कार्यवाही
7 फ्री सर्विस के साथ पायें
5 साल तक 1st पार्टी बीमा
श्री बाँके बिहारी हीरो
बाईपास रोड, बरेली।
फोन : 9289922497, 9675235678
राधा रानी ऑटोमोटिव
ऑफिस के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली।
फोन नं. : 0581-2302255, 7409819090


चाँद भी हैरान दरिया भी परेशानी में है
अक्स किस का है कि इतनी रौशनी पानी में है
HAPPY
करवा चौथ
Gaurav Sharma
Dolly Sharma


free gift on every purchase of mobile on this diwali
MOBILE VALA
9808485786, 9808985786
करवा चौथ
की
हार्दिक शुभकामनाएं
Tushar Nishtha
Mob.: 9808485786, 9808985786
91 kanya degree college bhoor near koharaperr petrol pump Bareilly


Happy Karva Chauth
डॉ. सुदीप सरन
(एम.डी.)
डॉ. भारती सरन
(एम.एस.)
सरन हॉस्पिटल इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस, बरेली
7351005354, 7088276666, 7088044333


Happy Karwa Chauth
आप सभी जनपदवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
दीप्ती गुप्ता माहेश्वरी
जिलाध्यक्ष- बी.वा. हिन्दू जागरण मंच, कासगंज
जिलाध्यक्ष- अ.वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई, कासगंज
जिला महामंत्री- उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल महिला इकाई, कासगंज
प्रबन्धक- सशक्त नारी महिला संगठन, कासगंज
दुर्गेश माहेश्वरी
जिला संयोजक-
बेटी बचाओ हिन्दू जागरण मंच, कासगंज
विधान सभा अध्यक्ष
उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई, कासगंज


Happy Karwa Chauth
आप सभी जनपदवासियों को
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र बौहरे
पूर्व पालिकाध्यक्ष
मीना माहेश्वरी
पालिकाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, कासगंज



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जीवनसाथी के प्रति प्रेम और समर्पण का पर्व व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कार्तिक कृष्ण पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार



वर्ष 5, अंक 335, पृष्ठ -20+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम | 33.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 06 : 16 सूर्यास्त 05 :38

बरेली, रविवार, 20 अक्टूबर 2024


सनी देओल की फिल्म जाट का पोस्टर रिलीज...17









# 30 से अधिक विमानों को बम से उड़ाने की धमकी से दहशत

## कई फ्लाइट्स की कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग, जांच में कुछ नहीं मिला

- इस हफ्ते भारतीय कंपनियों की 70 उड़ानों को मिली है धमकी

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी



देश की विभिन्न विमानन कंपनियों की 30 से अधिक उड़ानों में शनिवार को बम होने की धमकी मिली। सूत्रों ने बताया कि विभिन्न सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए एयर इंडिया, इंडिगो, अकासा एयर, विस्तारा, स्पाइसजेट, स्टार एयर और अलायंस एयर की 30 से अधिक घरेलू और विदेशी उड़ानों में बम होने की धमकी मिली है।

उन्होंने बताया कि एक उड़ान के शौचालय में एक नोट मिला, जिसमें विमान में बम होने की बात लिखी हुई थी। इस हफ्ते अब तक भारतीय विमानन कंपनियों की कम से कम 70 उड़ानों में बम होने की धमकी मिली है। हालांकि, ये सभी धमकियां बाद में अफवाह निकलीं। विस्तारा ने शनिवार को बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर संचालित उसकी पांच उड़ानों में सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से बम की धमकी मिली, जिनमें यूके106 (सिंगापुर से मुंबई), यूके027 (मुंबई से फ्रैंकफर्ट), यूके107 (मुंबई से सिंगापुर), यूके121 (दिल्ली से बैंकॉक) और यूके131 (मुंबई से कोलंबो) शामिल हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि सभी प्राधिकारियों को तुरंत सतर्क किया गया। सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है।

उदयपुर से मुंबई जाने वाली विस्तारा की उड़ान यूके 624 को सुरक्षित रूप से उतरने के बाद उसे अनिवार्य जांच के लिए आइसोलेशन बे में ले जाया गया। एक सूत्र ने बताया कि विमान के शौचालय में एक नोट मिला था, जिसमें लिखा था कि उसमें बम है। वहीं, इंडिगो ने बताया कि उसकी चार उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट प्राप्त हुए, जिनमें 6ई17 (मुंबई से इस्तांबुल), 6ई11 (दिल्ली से इस्तांबुल), 6ई184 (जोधपुर से दिल्ली) और 6ई108 (हैदराबाद से चंडीगढ़) शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि वह मुंबई और दिल्ली से इस्तांबुल जाने वाली उड़ानों से जुड़े घटनाक्रम से वाकिफ है। दिल्ली-जोधपुर उड़ान के संबंध में कहा कि विमान को राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। हैदराबाद-चंडीगढ़ उड़ान के बारे में इंडिगो ने कहा कि विमान के उतरने के बाद सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया।

### लखनऊ से अजमेर जा रही उड़ान से उतारे गए यात्री

**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार को विमान में बम होने की धमकी के बाद हड़कंप मच गया। स्टार एयरलाइंस का विमान किशनगढ़ (अजमेर) के लिए उड़ान भरने जा रहा था। एटीसी ने विमान को उड़ान भरने से रोक दिया और यात्रियों को उतार कर रन-वे से अलग किया गया। आइसोलेशन-बे में लाए गए विमान से यात्रियों का लगेज बाहर निकाला गया और जांच की गई। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों और बम निरोधक दस्ते की सवा दो घंटे तक चली जांच के दौरान विमान में बम होने की बात अफवाह निकली तब विमान ने किशनगढ़ (अजमेर) के लिए उड़ान भरी।

### धमकियों का सिलसिला रोके सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने विमानों को बम से उड़ाने की आए दिन मिल रही धमकियों पर हैरानी जताते हुए कहा है कि जब लोग त्यौहार पर अपने घर जाने की तैयारी कर रहे हैं तो इस तरह की धमकियां मिल रही हैं जिसको लेकर सरकार को सख्ती से काम करना चाहिए। कांग्रेस ने एक्स पर अपने आधिकारिक पेज पर कहा कि आए दिन देश के विभिन्न हिस्सों में विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही है जिससे यात्रियों में भय का माहौल है। सरकार को इस दिशा में तत्काल ठोस कदम उठाने चाहिए।

## प्रधानमंत्री मोदी आज वाराणसी में करेंगे कई प्रोजेक्ट का लोकार्पण

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को वाराणसी पहुंचेंगे। वे 6,611.18 करोड़ की वाराणसी समेत देश के कई प्रदेशों में भी 23 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। उधर, अपने सांसद का भव्य स्वागत करने के लिए काशी भी तैयार है। प्रधानमंत्री की अगवानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी।



कार्यक्रम में दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत कई केंद्रीय और राज्य के कैबिनेट मंत्रियों के मौजूद रहने की भी संभावना है। सिविल एविएशन, ओलिंपिक संघ आदि के पदाधिकारी भी मौजूद रह सकते हैं । मोदी का ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा से स्वागत की तैयारी पूरी हो गई है। मोदी बाबतपुर इंटरनेशल एयरपोर्ट से हरहुआ गाजीपुर रिंग रोड स्थित शंकरा नेत्रालय के उद्घाटन के बाद सिगरा स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स पहुंचकर परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास के बाद एक बड़ी जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। वे यहीं से रीवा, अंबिकापुर, सरसावा, बागडोगरा, दरभंगा, आगरा एयरपोर्ट से जुड़े कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

# जीवन व स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी में छूट की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- मंत्री समूह ने की बैठक, दर पर अंतिम निर्णय लेगा जीएसटी परिषद

सावधि जीवन बीमा तथा वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम को कर मुक्त किया जा सकता है। जीवन व स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर पर निर्णय लेने को मंत्री समूह की शनिवार को बैठक हुई। वरिष्ठ नागरिकों के अलावा अन्य लोगों के लिए पांच लाख तक के स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम पर जीएसटी से छूट का निर्णय लिया गया। इस संबंध में अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद का होगा।

पांच लाख से अधिक के स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम पर 18% जीएसटी लगेगा। इस समय सावधि पॉलिसी और फैमिली फ्लोटर पॉलिसी के प्रीमियम पर 18% जीएसटी है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मंत्रिसमूह लोगों को राहत देना चाहता है। हम परिषद को रिपोर्ट सौंपेंगे।

हालांकि वरिष्ठ नागरिकों के बीमा प्रीमियम पर जीएसटी नहीं लग सकता है, भले ही राशि कितनी भी हो। जीएसटी परिषद ने गत बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर कर के बारे में निर्णय लेने के लिए 13 सदस्यीय मंत्री समूह गठित किया था। चौधरी इसके संयोजक हैं। इसमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, प. बंगाल, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, गोवा, गुजरात, मेघालय, पंजाब, तमिलनाडु और तेलंगाना के मंत्री शामिल हैं।

### साइकिल और पानी बोतल पर कम होगी जीएसटी

जीएसटी दर युक्तिकरण पर गठित मंत्री समूह (जीओएम) ने 20 लीटर की पानी की बोतल, साइकिल और नोटबुक पर कर की दर घटाकर 5% करने का फैसला किया। वहीं, जीओएम ने महंगी घड़ियों और जूतों पर कर बढ़ाने का सुझाव दिया। अधिकारी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री चौधरी की अध्यक्षता जीओएम के इस फैसले से 22,000 करोड़ का राजस्व लाभ होगा। जीओएम ने 20 लीटर और उससे अधिक की पानी की बोतलों पर जीएसटी को 18 से घटाकर 5% , अभ्यास नोटबुक पर 12 से घटाकर 5% और 10,000 रुपये से कम कीमत वाली साइकिल पर जीएसटी 12 से घटाकर 5% करने का सुझाव है। जीओएम ने 15,000 रुपये से अधिक कीमत वाले जूतों और 25,000 रुपये से अधिक कीमत वाली कलाई घड़ियों पर जीएसटी 18 से बढ़ाकर 28% करने का भी सुझाव दिया।

## एक नजर

### केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के भाई ठगी में गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** पुलिस ने जनता दल (सेक्युलर) के एक पूर्व विधायक की पत्नी द्वारा दायर शिकायत के आधार पर शनिवार को केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के भाई को गिरफ्तार कर लिया। गोपाल जोशी और विजयलक्ष्मी जोशी नामक महिला के खिलाफ बसवेश्वरनगर पुलिस ने गुरुवार रात मामला दर्ज किया था। गोपाल के बेटे अजय जोशी को भी प्राथमिकी में नामजद किया गया है।

### प्रश्न पत्र लीक होने का खुलासा, 28 गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में पुलिस के विशेष कार्यबल (एसओजी) ने राजस्व एवं अधिशासी अधिकारी (स्वायत्त शासन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 में प्रश्न पत्र लीक का खुलासा करते हुए पांच महिलाओं सहित 28 लोगों को गिरफ्तार किया। एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक वीके. सिंह ने शनिवार को बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 14 मई 2023 को राजस्व अधिकारी (ग्रेड- द्वितीय) और अधिशाषी अधिकारी चतुर्थ श्रेणी-2022 की परीक्षा दो चरणों में करवाई थी।

### दिल्ली में 17 चक्र गोलियां चलीं, महिला घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वेलकम इलाके में शनिवार शाम को पैसों के विवाद में दो समूहों में 17 चक्र गोलियां चलीं। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी में 22 वर्षीय महिला घायल हो गई, जिसकी पहचान इफरा के तौर पर हुयी है। जींस बनाने वाले दो समूहों में पैसे के लेन-देन को लेकर शाम साढ़े चार बजे झगड़ा हुआ। दोनों तरफ से 17 राउंड गोलियां चलीं। इफरा घटनास्थल के पास खड़ी थी और उसे सीने में गोली लग गयी। उसे तुरंत जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि समूहों की पहचान हो गई है।

### संघ की राष्ट्रीय बैठक में शामिल होंगे भागवत


**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय कार्यकारिणी मण्डल की दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक मथुरा में रविवार से शुरू होगी। आरएसएस के एक पदाधिकारी ने शनिवार को बताया कि सर संघचालक डाक्टर मोहन भागवत की अध्यक्षता में यहां परखम गांव में प्रस्तावित राष्ट्रीय बैठक रविवार को करीब साढ़े तीन हजार स्वयंसेवकों के साथ योगाभ्यास से शुरू होगी। सर संघचालक शनिवार शाम को यहां पहुंच गए।

# बलिया में पांच वर्षीया बच्ची से तीन नाबालिगों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

बलिया, एजेंसी

- बलिया की घटना, आरोपियों में छह साल का बच्चा भी शामिल
- पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर तीनों को हिरासत में लिया

बलिया जिले की शहर कोतवाली क्षेत्र में पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में छह साल के एक बच्चे समेत तीन नाबालिग लड़कों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बच्ची की मां द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर बताया कि बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में शिकायतकर्ता के मकान में रह रहे दो किराएदारों के तीन लड़कों ने बुधवार की शाम बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म (गैंगरेप) किया। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने बताया कि तीनों आरोपियों की उम्र छह वर्ष, 13 वर्ष और 16 वर्ष है । कोतवाली प्रभारी योगेंद्र बहादुर सिंह ने शनिवार को बताया कि बच्ची की मां की तहरीर पर शुक्रवार रात तीनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की सुसंगत धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि पुलिस तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।



### 5 साल की बच्ची से छेड़छाड़ पर युवक गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी इलाके में पांच साल की एक बच्ची से छेड़छाड़ करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि गुरुवार की दोपहर बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी यह घटना घटी।

## विजया किशोर रहाटकर होंगी एनसीडब्ल्यू की नई अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** केंद्र ने विजया किशोर रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के अध्यक्ष रूप में नामित किया है। शनिवार को जारी एक सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 3 के तहत की गई यह नियुक्ति तीन साल की अवधि या रहाटकर के 65 वर्ष के होने (दोनों में जो भी पहले हो) तक के लिए होगी। रहाटकर का कार्यकाल तत्काल शुरू होगा। यह घोषणा भारत के गजट में प्रकाशित की जाएगी। रहाटकर की नियुक्ति के अलावा सरकार ने एनसीडब्ल्यू के नए सदस्य भी नामित किए हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार, डॉ. अर्चना मजूमदार को आधिकारिक तौर पर तीन साल के कार्यकाल के लिए एनसीडब्ल्यू का सदस्य नियुक्त किया गया है।

# बारूदी सुरंग में विस्फोट से दो जवान शहीद, दो अन्य घायल


रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बीजापुर के उसूर ब्लॉक में कांग्रेस नेता त्रिपति भंडारी की नक्सलियों ने शनिवार को हत्या कर दी जबकि बारुदी सुरंग विस्फोट की घटना में सुरक्षा बलों के दो जवान शहीद हो गए तथा दो अन्य घायल हो गए।

कांग्रेस नेता एवं पूर्व सरपंच त्रिपति भंडारी की नक्सलियों ने तेजधार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार उसूर थाना क्षेत्र के ग्राम उसूर के सहकारी समिति सोसाइटी में चांवल बांटते समय तीन-चार लोग आए और त्रिपति भंडारी की हत्या कर दी। इसी बीच छत्तीसगढ़ के नाराणपुर जिले में नक्सलियों ने शनिवार को बारूदी सुरंग में विस्फोट किया जिससे भारत-तिब्बत सीमा बल (आईटीबीपी) के दो जवान शहीद हो गए तथा दो अन्य जवान घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि नारायणपुर जिले के ओरछा, मोंडी एवं एरठभट्टी से आईटीबीपी, सीमा सुरक्षा बल एवं जिला रिजर्व पुलिस बल की संयुक्त पार्टी नक्सली अभियान के लिए धुरबेड़ा की ओर रवाना हुई थी। वापसी में शनिवार दोपहर ग्राम कोडलियर के समीप जंगल में बारूदी सुरंग की चपेट में आने से आईटीबीपी के दो जवान शहीद हो गए।

## पूर्व सांसद और अन्य के परिसरों पर ईडी का छापा

**हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन हथियाने के एक मामले से जुड़ी धनशोधन जांच के सिलसिले में आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद और तेलुगु फिल्म निर्माता एमवीवी सत्यनारायण तथा कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर शनिवार को छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने विशाखापत्तनम समेत पांच स्थानों पर तलाशी ली। इनमें पूर्व सांसद और एक ऑडिटर के परिसर शामिल हैं। सत्यनारायण ने वाईएसआरसीपी के टिकट पर विशाखापत्तनम सीट से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वह हार गए थे।



# महाकुंभ 2025 में होंगे सात स्तरीय सुरक्षा इंतजाम

## पिछले महाकुंभ की तुलना में बढ़ाए गए 14 हजार पुलिसकर्मी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मुहैया कराने के साथ ही तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम भी किए गए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अधिकारियों ने सात स्तरीय सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। इस बार मेले में 37611 पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। इसमें मेला क्षेत्र के लिए 22,953 पुलिसकर्मी, कमिश्नरेट के लिए 6887 और जीआरपी के 7771, महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 1378 महिला पुलिसकर्मी तैनात रहेंगी। पिछले महाकुंभ 2013 में 22998 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। इस बार तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या 14713 अधिक है।




### ऐसी होगी सात चक्रीय सुरक्षा

- पहले चक्र में मूल स्थल (प्वाइंट आफ आरीजन) पर चेकिंग होगी।
- दूसरे चक्र में ट्रेन, बस व निजी वाहनों की जांच की होगी।
- तीसरे चक्र में प्रदेश की सीमाओं पर व्यापक पड़ताल की जाएगी।
- चौथे चक्र में जोन की सीमाओं व टोल प्लाजा पर चेकिंग होगी।
- पांचवें चक्र में प्रयागराज कमिश्नरेट की सीमा पर जांच होगी।
- छठे चक्र में मेला क्षेत्र आउटर में सघन जांच की जाएगी।
- 7वें चक्र में इनर व आइसोलेशन कार्डन पर चेकिंग होगी

### 10 तरह के सुरक्षा आपरेशन भी चलाए जाएंगे

महाकुंभ-2025 में प्रयागराज पहुंचने वाले हर व्यक्ति की गतिविधियों पर सुरक्षाकर्मियों की नजर होगी। स्थानीय अभिसूचना इकाई के साथ अन्य शाखाओं के बीच लगातार संवाद व संपर्क रहेगा। संपूर्ण मेला अवधि के दौरान 10 प्रकार के सुरक्षा आपरेशन भी चलाए जाएंगे। इंटेलिजेंस आधारित एकीकृत नियंत्रण व कमान केंद्र (आइसीसीसी) के माध्यम से एआई युक्त सीसीटीवी कैमरों द्वारा फोटो, पहचान के चिह्न व टीएसपी (तकनीकी सेवा प्रदाता) के जरिए निगरानी की जाएगी।

क्या आप नि:संतान हैं? आज ही सम्पर्क करें
माहेश्वरी अस्पताल एवं श्रद्धा IVF सेंटर
डा. श्रद्धा माहेश्वरी
Senior IVF Consultant,
Gynaecologist & IVF Specialist
: सम्पर्क सूत्र :
9548521316
0581-3583111
पता: बन्नूवाल नगर, ट्यूलिप ग्रांड के सामने पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
बाँझपन के प्रमुख कारण:-
महिलाओं में:-
• समय पर महावारी न होना • असंतुलित हार्मोन्स
• अण्डो का न बनना • अधिक उम्र • नलों का बंद होना
पुरुषों में:-
• शुक्राणु निल होना • शुक्राणु का कम होना
• शुक्राणुओं की गति धीमी होना
उपलब्ध सुविधाएं
• IUI • IVF • ICSI
• Hysteroscopy • Laparoscopy
IVF/IUI मेगा फ्री कैम्प
सेंटर की शानदार सफलता और वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आईवीएफ निसंतान दंपत्तियों के लिए
-: दिनांक :-
14/15/16 अक्टूबर 2024 पर विशेष छूट
सभी बच्चेदानी व अंडेदानी की गांठ/रसौली का ऑपरेशन दूरबीन विधि द्वारा उपलब्ध।
Artificial Insemination, Egg/Sperm Donor Facility Available
नि:संतान दम्पत्तियों के लिए पहला परामर्श
सोमवार से शनिवार प्रात: 10:00 बजे से 6:00 बजे तक
बरेली में विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित IVF लैब और उच्च सफलता दर वाला IVF सेन्टर
लोकेशन के लिए स्कैन करें

डॉ. अमित कुमार कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)
श्वांस, दमा, टी.बी, फेफड़ों के कैंसर, खर्राटों की जांच व इलाज की सुविधा एवं अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ
जन अरोग्य क्लीनिक
बन्नू बाल नगर, पीलीभीत रोड बरेली, निकट शहीद भगत सिंह आई ऑस्पिटल
9411477351
समय : - दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक
सोमवार, बुद्धवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार
पीलीभीत क्लीनिक
गौहनिया चौराहा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत।
8191813757
समय : - सुबह 10 से शाम 5 बजे तक
मंगलवार, शनिवार

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रात:- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रात: 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

# जीएम ने जाना कर्मचारियों का दुख दर्द, अफसरों पर जताई नाराजगी

## रेलवे कॉलोनी के निरीक्षण में कर्मचारियों ने गिनाईं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


टिकट घर का निरीक्षण करते उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा।


रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण करने पहुंचे जीएम। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मचारियों ने नलों की टोटी गायब होने, कई साल से पुताई न होने, झाड़ी, घरों प्लास्टर आदि समस्याएं गिनाईं। उन्होंने सरकारी आवासों का निरीक्षण करने के बाद नाराजगी जताई और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर अमृत योजना के तहत हो रहे कार्य का नक्शा देखा और निर्देश दिए कि कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए।

**• रेलवे स्टेशन पर नक्शा देखकर कहा कि निर्माणाधीन कार्य में तेजी लाए**

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा शनिवार सुबह चार बजे नई दिल्ली-लखनऊ एसी एक्सप्रेस से उतरे। उनका निरीक्षण यान गार्ड की बोगी के पीछे जुड़ा था। वह सुबह साढ़े छह बजे अधिकारियों की टीम के साथ प्लेटफार्म एक से होते फुटओवर ब्रिज होकर मालगोदाम रोड पर पहुंचे। उन्होंने कमरे में लगी एटीवीएम मशीन संचालक से प्रतिदिन की अर्निंग पूछी और समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जीएम मालगोदाम रोड होते हुए द्वितीय प्रवेश द्वार पर पहुंचे और अमृत योजना के तहत हो रहे कार्य की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने कहा कि कार्य काफी धीमी गति से हो रहा है। रेलवे अस्पताल से होते हुए रेलवे कॉलोनी पहुंच गए। उन्होंने रेलवे कर्मचारियों से समस्याएं पूछी। कर्मचारियों ने बताया कि शौचालय के टैंक का पानी नहीं निकलता, चारो तरफ झाड़ी है, घरों का प्लास्टर टूटा है, बिजली की वायरिंग सही नहीं है, मकान की पुताई नहीं हुई, टंकी से पानी टपक रहा है, पड़ोसी के प्राइवेट कॉलोनी के लोग कूड़ा डाल जाते हैं। कर्मचारियों ने बताया कि निर्माण निरीक्षक कार्यालय में शिकायत की जाती है, तो शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। कर्मचारियों ने जीएम को आवास के अंदर ले जाकर आवासों की जर्जर हालत की दशा दिखाई। जीएम ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों की क्लास ली। यहां का निरीक्षण करने के बाद जीएम ने स्टेशन पर स्टॉल, एसएस कार्यालय, महिला प्रतीक्षालय, जीआरपी थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला यात्रियों से पूछा कि कोई समस्या हो तो बताए और जीआरपी के कर्मचारियों से समस्याएं पूछी। स्टेशन अमृत योजना के तहत हो रहे कार्य के नक्शे को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए। यहां के बाद जीएम निरीक्षण यान से रोजा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने पावर केबिन, लोको रनिंग यार्ड और स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर संबंधित अधिकारियों के दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण करने के बाद बरेली के लिए रवाना हो गए। निरीक्षण के समय डीआरएम आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### मालगोदाम रोड पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश

रेलवे महाप्रबंधक मालगोदाम रोड पर द्वितीय प्रवेश द्वार के पास खड़े होकर अधिकारियों से पूछा कि रेलवे की जमीन पर अवैध कब्जा कैसे है। ठेले और दुकान से सामान सड़क पर क्यों फैला रखा है। सड़क पर कोई सामान नहीं होना चाहिए और दुकान के अंदर सामान रखे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इसे गंभीरता से लेकर कार्रवाई करें।

### शिकायत पुस्तिका को देखा

जीएम स्टेशन पर निरीक्षण के समय शिकायत पुस्तिका मंगवायी। शिकायत पुस्तिका में स्टेशन से संबंधित शिकायतें दर्ज थी। उन्होंने पूछा कि शिकायत दर्ज होने के बाद क्या कार्रवाई की गयी। अधिकारियों ने बताया कि जो समस्याएं दर्ज कराई गयी थी, उन्हें दूर करा दिया गया है। शिकायत दर्ज होने पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

### रेलवे की टूटी दीवार को सही कराएं

जीएम को रेलवे कॉलोनी में निरीक्षण के समय कई जगह टूटी दीवार मिली। साथ ही स्टेशन से पूर्व दिशा की तरफ रोडवेज फाटक से एक स्थान पर टूटी दीवार पर भी निगाह पड़ी। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि जहां-जहां रेलवे की दीवार टूटी है, उसको सही कराया जाए क्योंकि दीवार टूटी होने से प्राइवेट कालोनी के लोग कूड़ा डाल देते थे।

### पहली बार कॉलोनी में पहुंचे अधिकारी

रेलवे कॉलोनी के कर्मचारियों ने जीएम की तारीफ की और कहा कि पहली बार अधिकारी यहां आएं और कर्मचारियों की समस्याएं सुनी। कर्मचारियों का कहना है कि दिल्ली और मुरादाबाद से अधिकारी आते है। जो स्टेशन का निरीक्षण करके चले जाते है। कभी कॉलोनी की निरीक्षण नहीं किया। इधर निरीक्षण के समय तक स्टेशन अनाधिकृत वेंडर नहीं दिखाई नहीं दिए। उनके जाते ही वेंडर स्टेशन में नजर आने लगे।

## किशोरी को अगवा करने का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुवायां प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि चार दिन पूर्व आरोपी अमित एक किशोरी को अगवा करके ले गया था। पुलिस ने शनिवार को नाहिल रोड से उसे गिरफ्तार कर लिया। टीम में उप निरीक्षक मोहित कुमार, सिपाही कपिल थे।

## नरमू ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रोजा, अमृत विचार :** नरमू शाखा रोजा यूथ विंग कार्यकर्ताओं ने कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं को लेकर जीएम अशोक कुमार वर्मा को ज्ञापन दिया। शनिवार को शहर पहुंचे जीएम को बुके देकर सम्मानित किया। दिए गए ज्ञापन में बताया कि रेलवे कालोनी के आवासों में रसाई, स्नानगृह में टायल्स लगाए जाए, इंजीनियरिंग गेटमैन की ड्यूटी 12 घंटे के स्थान पर 8 घंटे की जाए, रनिंग कर्मचारियों को अवकाश के बाद रेस्ट दिया जाए, ट्रेक मैन कर्मचारियों को सेफ्टी से संबंधित शूज, वाटर बोतल आदि दी जाए और रिस्क एनाउंस दिया जाए। ज्ञापन देने वाले में एबी मिश्रा आदि थे।

## फायरिंग करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर थाना के उपनिरीक्षक उदयवीर सिंह ने बताया कि 23 सितंबर को सतेंद्र सिंह निवासी कस्बा मदनापुर थाना मदनापुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि हरसिमरन, गुरुबक्श सिंह, जज सिंह निवासी कदैया थाना मदनापुर, भूपेंद्र सिंह, शरदवीर सिंह, कर्मवीर सिंह निवासी पच्चड़ थाना खुदागंज द्वारा कंपाइन और पैसे को लेकर थाना गेट के बाहर सतेंद्र सिंह व लाल सिंह निवासी इस्माइलपुर थाना मदनापुर को थाने के बाहर गाली दे रहे थे। विजय सिंह निवासी मदनापुर बीच बचाव कराने के लिए आए। विजय के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर किए थे। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी गुरुबक्श सिंह, जज सिंह, हरसिमरन को गिरफ्तार कर लिया।

## जिला बदर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना उप निरीक्षक भूपेंद्र कुमार ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट ने मनोज निवासी हसनपुर रसकूपा थाना कांट को जिला बदर किया था। पुलिस को शनिवार की सुबह साढ़े दस बजे सूचना मिली कि जिंदो वाली पुलिया के पास वह घूम रहा है। पुलिस ने जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त पर पहले से दो मुकदमे दर्ज है। टीम में सिपाही अभिषेक वर्मा, अमित कुमार थे।

अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोमा की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रात: 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

## एक नजर

### बाइक चोर गिरफ्तार

**जलालाबाद/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि गुरुवार को अफरोज उर्फ शानू निवासी मालूपुर थाना जलालाबाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बाइक कस्बे से चोरी हो गई थी। शनिवार को पुलिस ने अफगान जाने वाले मार्ग एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया चोर सुमित निवासी महाजनान थाना जलालाबाद है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर ली है। टीम में उप निरीक्षक प्रियवृत, सिपाही गौरव तोमर, ब्रजवीर थे।

### संदिग्ध हालात में व्यक्ति की मौत

**रौसर कोठी, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव गुंवारी में खेत पर काम करते समय एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव गुंवारी निवासी देवी दयाल शनिवार सुबह करीब आठ बजे खेत पर काम कर रहे थे। अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में अचेत होकर गिर पड़े। परिवार वाले राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां उनकी मौत हो गई। एसआई कैलाश चंद्र ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई है।

# दो गैंगस्टर समेत चार लोग बना रहे थे लूट की योजना, पकड़े गए

## 10 अक्टूबर की रात छह घरों में चोरी कर उड़ाई थी पुलिस की नींद

- समेट ले गए थे नगदी जेवर समेत लाखों का सामान, अब फिर वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे
- आरोपियों ने कबूल की चोरी की घटनाएं, पुलिस ने बरामद किया जेवर व अन्य सामान

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार :** दस अक्टूबर की रात एक साथ छह घरों में चोरी करने वाले चार चोरों को बंडा पुलिस ने चांदूपुर, हेतम नगला तिराहे के पास लूट की योजना बनाते समय गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लोगों में दो आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खुली हुई है। आरोपियों ने चोरी की घटनाओं को कबूल किया है। पुलिस ने चारों के कब्जे से चोरी का जेवर आदि सामान बरामद किया है।

शनिवार सुबह पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि गांव चांदूपुर, हेतम नगला तिराहे के पास चार लोग अवैध हथियारों के साथ लूट की योजना बनाने की फिराक में बैठे हुए हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चारों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान चारों युवकों ने मोहिउद्दीनपुर, कल्याणपुर धर्माई और सिंगापुर पनई में होने वाली चोरी को स्वीकार किया। जिनके पास से एक 315 बोर तमंचा, एक कारतूस, एक लोहे की सरिया, पेंचकस, प्लास, हथौड़ी, दो जोड़ी चांदी के बिछिया, दो जोड़ी चांदी की पायल, एक सोने की अंगूठी, एक सोने का मंगल सूत्र आदि बरामद हुआ। चोरों ने बताया कि उन्होंने चोरी करने के बाद कुछ सामान को रास्ते में ही किसी अंजान व्यक्ति को बेंच दिया और बाकी सामान को एक झाड़ी में छिपाकर रखा हुआ है। इस दौरान एक युवक ने अपना नाम पता बंडा के मोहल्ला सुनासीर नाथ कॉलोनी निवासी रविंद्र सिंह, दूसरे ने बाबा चरणदास कॉलोनी निवासी अरविंद, तीसरे ने पुवायां के मोहल्ला कसभरा मठिया निवासी अमित गुप्ता और चौथे ने जिला पीलीभीत के थाना बिलसंडा के मोहल्ला देवस्थान निवासी संजय कुमार बताया। पकड़े गए लोगों ने चोरी की घटनाओं को कबूल करते हुए बताया कि इधर दो दिन से रात में लूट की योजना बना रहे थे कि पकड़े गए। पुलिस ने चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।



पुलिस हिरासत में बंडा में छह जगह चोरी के आरोपी। • अमृत विचार

### इन लोगों को चोरों ने लगाई थी चपत

दस अक्टूबर को बंडा के गांव मोहिउद्दीनपुर निवासी जसपाल गौतम के घर से चोर तीन जोड़ी झाले, दो पेंडल, तीन जोड़ी पायल, कमर बिछुआ, एक सोने की चेन, एक-एक जोड़ी झुमकी, एक अंगूठी व 15 हजार रुपये नगद व कुछ बैनामे के कागजात, सत्यपाल के घर छह जोड़ी पायल, एक जोड़ी झाले, एक जोड़ी झुमकी, तीन सोने की चेन, दो सोने की अंगूठी, दो कंठी, एक गुच्छा, पांच जोड़ी बिछिया, चार जोड़ी कंगन व 11 हजार रुपये नगद, सर्वजीत के घर बच्चे की चांदी की करधनी, गांव कल्यानपुर धर्माई निवासी लवकुश सिंह के घर से एक जोड़ी झाले सोने के, एक जोड़ी गुलशन पट्टी, तीन पेंडल व मंगलसूत्र समेत 10 हजार रुपये नगद, राहुल सिंह कुशवाहा के घर चोरी करने में असफल रहे थे। वहीं गांव सिंगापुर पनई निवासी सेवा के घर से दो जोड़ी झाले, दो जोड़ी गुलशन पट्टी, दो कमर बिछुआ, दो मंगलसूत्र, तीन जोड़ी पायल बच्चों की दो जोड़ी छोटी पायल व पांच हजार रुपये नगद चोरी कर लिए थे।

### रविंद्र और अरविंद पर दर्ज हैं कई आपराधिक मामले

पकड़े गए आरोपियों में हिस्ट्रीशीटर रविंद्र के खिलाफ बंडा, पुवायां, खुटार थानों में गैंगस्टर सहित विभिन्न धाराओं में 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं दूसरे आरोपी हिस्ट्रीशीटर अरविंद के खिलाफ भी इन्हीं थानों में गुंडा अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### घर के बाहर खड़ी कार चोरी

**खुटार, अमृत विचार :** तिकुनियां बुझिया निवासी परगन सिंह ने पुलिस को बताया कि खुटार मैलानी मार्ग पर करतार पैलेस के पास उसकी स्विफ्ट डिजायर कार खड़ी थी। शुक्रवार रात करीब डेढ़ बजे चोर कार चोरी कर ले गए। शनिवार सुबह देखा तो कार गायब थी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार की बरामदगी की मांग की। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए। तहरीर दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। सीसीटीवी कैमरे देखे गए है।

### खिड़की तोड़कर घर में घुसे चोर ले गए नगदी समेत लाखों के जेवर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्रेमनगर कॉलोनी में चोरों ने एक अधिवक्ता के मकान को निशाना बना लिया। चोर नगदी समेत लाखों रुपये के जेवर चुराकर ले गए। रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला प्रेमनगर निवासी अधिवक्ता सतेंद्र वाल्मीकि समाज के संरक्षक है। शुक्रवार की शाम वह वाल्मीकि जयंती और भंडारे में व्यस्त थे। रात में परिवार के साथ कार्यक्रम से लौटकर आए और सो गए। चोर रात में खिड़की तोड़कर कमरे में घुस गए और अलमारी का लॉक तोड़ दिया। चोर अलमारी से नगदी और जेवर चुराकर ले गए। वह सुबह उठकर मकान की दूसरी मंजिल पर गए तो देखा कि खिड़की टूटी हुई थी और कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने बताया कि चोर पांच हजार रुपये, सोने की अंगूठी, सोने के झाले आदि सामान ले गए है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि चोरी की तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ट्रक की टक्कर से चार लोग घायल

**रौसर कोठी, अमृत विचार:** ट्रक की टक्कर से एक गाय की मौत हो गई। गाय को टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इसके बाद पिकअप में टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से चार राहगीर घायल हो गए। शनिवार को शाहजहांपुर की ओर से हरदोई की ओर जा रहे ट्रक ने रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गुवारी गांव में पहले गाय को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अनियंत्रित होकर ट्रक चालक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। जिस हादसे में रोहित, सोनू, और एक अन्य घायल हो गया। इसके बाद ट्रक चालक ने पिकअप को टक्कर मार दी, जिसके चलते चौढेरा गांव निवासी गब्बर भी गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं राहगीरों की सूचना पर सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस ने ट्रक को पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार ट्रक ने बादशाह नगर चौराहे पर खड़ी किसी सवारी को भी टक्कर मारी है। थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए एक प्राइवेट चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

# शिकायतों की संख्या अधिक...निस्तारण नाम मात्र का

संवाददाता, शाहजहांपुर/तिलहर

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस शनिवार को सभी ब्लॉकों में आयोजित किया गया। इस दौरान शिकायतों की संख्या अधिक रही लेकिन निस्तारण नाम मात्र का हुआ।

तिलहर ब्लॉक सभागार में एसडीएम जीत सिंह राय की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें 16 शिकायतों में दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायतों को संबंधित को निस्तारण के लिए भेज दिया गया। वहीं पुवायां में 98 शिकायतों में 11 का निस्तारण हो पाया।

संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सबसे पहले पुरानी शिकायतों के समाधान की समीक्षा की, उसके बाद फरियादियों को सुना। जैतीपुर थाना क्षेत्र की गांव सूरजूपुर की नेक्सा देवी पत्नी राम सिंह समाधान दिवस में एसडीएम जीत सिंह राय के समक्ष पेश हुई और रो-रो कर अपनी पीड़ा को बयां किया। प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पिता की मृत्यु हो चुकी है। वह अपने मायके में पिता के मकान में रह रही थी, तभी गांव के दबंगों ने उसका सामान घर से जबरन फेंक दिया और उसके मकान पर काबिज हो गए। विवादित मकान परिसर का मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। गांव जोगीपुर निवासी राजेंद्र ने बताया कि शासन की योजना के तहत वह पिछले 10 महीने से गोवंश पाल रहा है लेकिन अभी तक उस पर होने वाले खर्च की धनराशि प्राप्त नही हुई है। जिस पर एसडीएम ने खंड विकास अधिकारी को जांच कर समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए। गांव लखोहा निवासी भगवान दास से बताया कि शनिवार सुबह जब वह खेत पर काम कर रहा था, तभी गांव के कुछ दबंगों ने उसे घेर लिया और लाठी डंडों से पीट-पीट कर लहूलुहान कर दिया। इस मामले में शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नही की, जिस पर एसडीएम ने तिलहर के प्रभारी निरीक्षक को जांच कर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। तहसीलदार जयप्रकाश यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित चौरसिया, खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त, बृजेश मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार, मनीष यादव सहित समस्त तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



एसडीएम को रो-रोकर अपना दुखड़ा सुनाती नेक्सा देवी।

- तिलहर में 16 शिकायतों में से दो निस्तारित, पुवायां में 98 में से मात्र 11 का निस्तारण
- मायके के पैत्रक मकान में रह रही महिला का दबंगों ने फेंका घरेलू सामान
- मकान पर कब्जा करने का आरोप, जांच के बाद कार्रवाई का मिला आश्वासन

### संपूर्ण समाधान दिवस: एडीएम ने उप निबंधक कार्यालय, तहसील परिसर का किया निरीक्षण

**पुवायां , अमृत विचार :** तहसील सभागार में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम डॉ. सुरेश कुमार और पुलिस कप्तान ने संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान 98 शिकायतें आई जिसमें से 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। एडीएम ने सभी अधीनस्थों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी और कर्मचारी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण करें। वहीं एडीएम ने उप निबंधक कार्यालय तथा तहसील परिसर का निरीक्षण भी किया। इस दौरान एसडीएम संजय पांडेय ,सीओ पंकज पंत, नायब तहसीलदार सृजित निगम, नायब तहसीलदार सगीर अहमद, अमित कुमार ,पुवायां कोतवाल हरपाल बालियान समेत सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद पुलिस अधीक्षक कोतवाली का निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने अभिलेख और ऑफिस आदि का बारीकी से निरीक्षण किया।

### कलान: 60 प्रार्थना पत्र, एक पर भी सुनवाई नहीं

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** शनिवार को कलान तहसील सभागार में एसडीएम चित्रा निर्वाल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 60 शिकायतें दर्ज की गई, जिसमें राजस्व विभाग की 36 , राजस्व व पुलिस की संयुक्त 11, पुलिस विभाग की छह , विकास की दो , आपूर्ति की दो, बिजली की एक तथा स्वास्थ्य विभाग की एक शिकायत शामिल रही। एसडीएम ने सभी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण समय से करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान सीओ अजय कुमार राय , एसएचओ मिर्जापुर योगेन्द्र कुमार व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### पांच महिलाओं को तत्काल मिले राशन कार्ड

**पुवायां, अमृत विचार :** समाधान दिवस में राशन कार्ड बनवाने के लिए आई महिलाओं में से पांच को एसडीएम के आदेश पर पूर्ति निरीक्षक ने तत्काल राशन कार्ड बना कर दिया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुछ महिलाएं राशन कार्ड बनवाने के लिए आई। उन्होंने एसडीएम से कहा वह कई बार चक्कर लगा चुकी है लेकिन उनका राशन कार्ड नहीं बन पा रहा, जिसके बाद एसडीएम ने पूर्ति निरीक्षक को निर्देश दिया और उन्हें तत्काल राशन कार्ड बना कर दिया गया। जिसमें मुस्कान पत्नी पप्पू निवासी जार मानो, प्रीति पत्नी हरिशंकर निवासी ग्राम टाह , सुशीला देवी पत्नी सुशील निवासी ग्राम पंचायत लधौला सिधौली ,प्रिया पत्नी श्रीपाल निवासी ग्राम अटकौना खुटार, पूजा पत्नी धनपाल निवासी भायपुर सिधौली को पूर्ति निरीक्षक महेश कुमार एवं वीर पाल ने को अंत्योदय कार्ड जारी किए। पात्रों को विधायक चेतराम और एसडीएम संजय पांडेय ने राशन कार्ड वितरित किए।

# राजस्व संग्रह अमीन की कार से दो लाख साठ हजार रुपये चोरी

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** तहसील में कार्यरत राजस्व संग्रह अमीन की कार से रुपये से भरा बैग चोरी हो गया। बैग में विभागीय दस्तावेज भी रखे थे। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने बैंक जाकर सीसीटीवी फुटेज खंगाली।

योगेश मिश्रा पुवायांतहसील में राजस्व संग्रह अमीन के पद पर तैनात हैं। उन्होंने दोपहर बाद लगभग 3 बजे के बाद खुटार रोड पर स्थित एसबीआई एडीबी शाखा से दो लाख 63 हजार रुपये अपने खाते से निकाले, जिसके बाद सेंटर चौराहे के पास पंजाब सिंध बैंक के पास कार लॉक करके खड़ी कर दी और घरेलू सामान खरीदने लगे। सब्जी व अन्य सामान खरीदने के बाद कार के पास आए तो कार अनलॉक थी और कार में रखा बैग चोरी हो चुका था। योगेश ने बताया कि बैग में रुपयों के साथ सरकारी अभिलेख भी रखे थे। पुलिस ने मौके पर जाकर सीसीटीवी फुटेज देखे और जांच पड़ताल शुरू कर दी। इंस्पेक्टर क्राइम राकेश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। जिसकी जांच की जा रही है। आसपास लगे कैमरों के सीसीटीवी फुटेज देखे जाएंगे, जल्द चोर को गिरफ्तार कर चोरी गए रुपये व अभिलेख बरामद किए जाएंगे।

### चार चोर गिरफ्तार, नगदी और जेवर बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत सदर बाजार पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नगदी, जेवर बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह को शुक्रवार की रात सूचना मिली कि फैक्ट्री स्टेट की टूटी दीवार कुछ चोर चोरी की योजना बना रहे है। पुलिस ने घेराबंदी करके चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोर बहादुर, त्रिमल, मंती निवासी बलरामपुर थाना निगोही और विनोद कुमार निवासी सिंदलखेड़ा थाना निगोही है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से चोरी का 10 हजार रुपये, दो जोड़ी चांदी की पायल और दो तमंचे व एक चाकू बरामद किया है। बहादुर पर सात, त्रिमल पर तीन, मंती पर सात और विनोद पर सात पहले से मुकदमे दर्ज है। टीम में उप निरीक्षक प्रदीप कुमार, मतीन खां, जगेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### ट्रेन में नगदी समेत पर्स चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नई दिल्ली के मोहल्ला करवल नगर निवासी पूजा ने जीआरपी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 16 सितंबर को गोंडा से आनंद विहार के लिए सफर कर रही थी। शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन छूटने के बाद एसी कोच से उसका पर्स चोरी हो गया। पर्स में सात हजार रुपये, सोने की अंगूठी, मोबाइल आदि सामान था। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### महिला से मोबाइल छीनकर भाग गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर,अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन मोहल्ला नई बस्ती निवासी विवेक कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शुक्रवार को दिन साढ़े 11 बजे उसकी पत्नी बेटे को लेने एक स्कूल में पैदल जा रही थी। वह किसी से मोबाइल पर बात कर रही थी। बाइक पर एक युवक पीछे से आया और झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया और भाग गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।




# दुष्कर्म में बाल अपचारी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

- वर्ष 2020 में खुदागंज थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग से किया था दुष्कर्म

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** खेत पर नाबालिग से दुष्कर्म किए जाने के मामले में आरोप सिद्ध होने पर 16 वर्षीय बाल अपचारी को कोर्ट ने 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा और 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

बाल अपचारी के खिलाफ वर्ष 2020 में खुदागंज पुलिस ने खेत पर नाबालिग से दुष्कर्म किए जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसकी विवेचना पूरी करने के बाद आरोप पत्र न्यायालय को भेज दिया गया था। जहां मुकदमे की सुनवाई के दौरान आरोपी को सजा दिलाए जाने के लिए ऑपरेशन कन्विक्शन के क्रम में उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार और पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशन में मॉनीटरिंग सेल व थाना खुदागंज पुलिस तथा अभियोजन विभाग द्वारा समन्वय स्थापित करके समयबद्ध रूप से न्यायालय एएसजे-43 में साक्षियों को साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी की गई। न्यायालय में सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान और शासकीय अधिवक्ता व बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद पत्रावली का अवलोकन कर न्यायाधीश ने दो सिद्ध होने पर आरोपी बाल अपचारी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।




### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पुवायां, अमृत विचार :** किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व उसके साथ संबंध बनाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि 13 अक्टूबर की रात मेरी नाबालिग पुत्री को गांव चादर गौटिया निवासी अमित बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। शनिवार को मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी की किशोरी को भगा ले जाने वाला आरोपी अमित नाहिल रोड मंडी के पास खड़ा है। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल

**खुटार, अमृत विचार :** पूरनपुर रोड पर मोहनपुर यज्ञशाला मोड़ के पास शनिवार दोपहर बाद करीब दो बजे बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में गांव चठिया बलरामपुर निवासी सोनू (25) घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने मरहम पट्टी कर छुट्टी दे दी।

### टैंपो चालक की दुर्घटना में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लखीमपुर खीरी जिले के थाना मोहम्मदी के गांव विरवा निवासी अरविंद पाल(36) टैंपो लेकर शुक्रवार की सुबह आ रहा था। मोहम्मदी रोड पर वाहन ने टैंपो को टक्कर मार दी, जिससे चालक घायल हो गया था। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी शनिवार शाम मौत हो गई। मृतक के रिश्तेदार मोहित का आरोप है कि डॉक्टर ने मरीज को सही तरीके से नहीं देखा और लापरवाही से उसकी मौत हो गई। उन्होंने सीएमएस से शिकायत की है।



मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याददाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।

संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

खून के आंसू

हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

वरुण अर्जुन
मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
NH-24, बन्थरा, शाहजहांपुर (उ.प्र.)
Ph.: 7521001988, 7521001989
विशेष कैम्प 2 अक्टूबर से प्रारम्भ
मुफ्त परामर्श
मुफ्त आपरेशन
दवाईयों का खर्चा अतिरिक्त
डिलीवरी एवं सिजेरियन मुफ्त
सहयोग राशि 1000/- प्रति डिलीवरी
मुफ्त टीकाकरण
मुफ्त भर्ती व भर्ती मरीजों का
कलर अल्ट्रासाउण्ड 200/- रूपये, एक्स-रे 50/- रूपये मात्र, ECG 20/- रूपये मात्र व सिर का सी.टी. स्कैन 800/- रूपये मात्र सिर का एम. आर. आई. 2000/- रूपये मात्र
वाहय रोगी विभाग की जांचों पर 50 प्रतिशत की छूट
मरीजों का रजिस्ट्रेशन मुफ्त
भर्ती मरीजों की जांचें 75% छूट पर
मोतियाबिन्द ऑपरेशन व लैंस मुफ्त
ओ.पी.डी. का समय सुबह 9 से 3 बजे तक
इमरजेन्सी 24 घंटे
ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे
दवाईयों में 20% छूट
कैम्प द्वारा भर्ती मरीजों का खाना मुफ्त
उपलब्ध विभाग एवं सुविधायें
अस्थिरोग विभाग
नेलिंग, प्लेटिंग, इन्टर लॉकिंग नेलिंग, जोड़ों का बदलना कूल्हे एवं घुटनें के जोड़ की आधुनिकतम सर्जरी।
सर्जरी विभाग
पेट के समस्त आपरेशन, कैंसर के जटिल ऑपरेशन, हार्निया, पित्त की थैली आदि के आपरेशन।
जच्चा बच्चा व स्त्री रोग विभाग
डिलीवरी की सुविधा, सिजेरियन, बच्चेदानी के ऑपरेशन
बाल रोग विभाग
नवजात शिशुओं एवं बच्चों की सभी प्रकार की बीमारियों की जांच व इलाज
मेडिसिन विभाग
पेट, जिगर रोड एवं पीलिया, तेजाब, अल्सर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग आदि।
नेत्र रोग विभाग
आंख की समस्त बीमारियों का इलाज व मोतियाबिन्द का ऑपरेशन।
नाक, कान, गला विभाग
नाक, कान एवं गले से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन।
दन्त रोग विभाग
समस्त प्रकार के दांतों के रोग का इलाज
त्वचा रोग विभाग
त्वचा से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज।
फिजियोथेरेपी विभाग
जोड़ों के दर्द, फालिज, नसों का सुन्नपन, रीड़ की हड्डी की बीमारियों, गठिया आदि का इलाज।
छाती व सांस रोग विभाग
सांस टी.बी. की बीमारियों के लिए।
मस्तिष्क रोग विभाग
मिर्गी के दौरे तथा दिमागी परेशानी के लिये।
आई.सी.यू.
सभी विभाग में आई.सी.यू. अत्याधुनिक वैन्टीलेटरों के साथ गम्भीर मरीजों, एक्सीडेन्ट, पायजनिंग, दौरे व बेहोशी के मरीजों के लिए अत्याधुनिक गहन चिकित्सा कक्षा।
रेडियोलॉजी विभाग
सभी प्रकार के एक्स-रे अल्ट्रासाउण्ड, सी.टी.स्कैन, एम.आर.आई. एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध।
वरुण अर्जुन
मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
NH-24, ग्रा. बन्थरा, शाहजहांपुर

# गुरवाणी कीर्तन से संगत निहाल

## गुरु रामदास साहिब के प्रकाश पर्व हुआ विशेष गुरमत समागम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


गुरुद्वारा में मनाए गए प्रकाश पर्व पर मौजूद सिख समाज की महिलाएं।

- रामनगर गुरुद्वारा में अमृतसर के रागी भाईयों ने गुरु रामदास के जीवन पर डाला प्रकाश

**अमृत विचार :** गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर रामनगर में शनिवार को सिखों के चौथे गुरु रामदास का प्रकाश पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विशेष गुरमत दीवान सजाया गया, जिसके समक्ष सबद गायन और गुरुवाणी का पाठ किया गया।

श्री सुखमनी साहिब के पाठ से शुरू हुए प्रकाश पर्व पर श्री अखंडपाठ साहिब के भोग हुए। गुरु रामदास की नगरी अमृतसर साहिब से आए हुए भाई मंदीप सिंह ने साथियों के साथ श्री गुरु रामदास साहिब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए गुरवाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। इसी क्रम में हजूरी रागी भाई अंग्रेज सिंह, गुरजीत सिंह ने भी हाजिरी भरी। इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष जगजीत सिंह, संरक्षक अवतार सिंह, मंजीत सिंह ने रागी जत्थे समेत बाबा दीप सिंह जत्थे के सहयोगियों को सिरोपा भेंटकर सम्मानित किया गया। हनी बग्गा, सुरजीत सिंह बग्गा, महासचिव जुझार सिंह मोंगा, सीनियर मीत प्रधान करमजीत सिंह बग्गा, मन्नी बग्गा, जागीर सिंह, मंजीत सिंह, गुरमीत सिंह, राजेंद्र सिंह, जसमीत सिंह, सदजाप सिंह, गोपी मनमोहन कौर, सोनिया, सरबजीत कौर, विन्नी, नीना,रहत, इत्यादि का सहयोग रहा। जगजीत सिंह ने बताया कि 20 अक्टूबर को श्री गुरु रामदास साहिब का प्रकाश गुरुपर्व गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कचहरी में मनाया जाएगा।

### फूलों से सजाई गई पालकी



दीवान का संचालन करते हुए जगजीत सिंह ने गुरु रामदास के जीवन का परिचय देते हुए बताया कि इन्होंने श्री अमृतसर साहिब की रचना की। जन्म चूना मंडी लाहौर में हुआ था। बचपन में ही इनके माता पिता का देहांत हो गया था। वह सिखों के चौथे गुरु थे। प्रकाश पर्व पर गुरु महाराज की पालकी को फूलों से सजाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दरबार में नतमस्तक होकर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## जीवन की दिशा और दशा बदल देती हैं राम व कृष्ण की लीलाएं

**मिर्जापुर,अमृत विचार :** मिर्जापुर के चौराबगरखेत में शनिवार को रामलीला व कृष्णलीला मेला का उद्घाटन भाकियू के तहसील अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। शनिवार से रामलीला व कृष्णलीला का मंचन शुरू हो गया है। मथुरा से विशाखा रमण बिहारी रासलीला मंडल के कलाकारों द्वारा 30 तक राम व कृष्ण की लीलाओं का भव्य मंचन किया जाएगा। भाकियू के तहसील अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने कहा कि भगवान राम व कृष्ण हमारे आदर्श हैं। इनकी लीलाएं मनुष्य की जीवन की दिशा व दशा बदल देती हैं। प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम व योगिराज कृष्ण का जीवन मनुष्य को नई सीख देता है। उनके बताए रास्ते पर चलने से मानव जीवन सफल हो जाएगा। इस दौरान आलोक मिश्रा, गंगा सिंह, रमेश सिंह प्नधान ,अजय मिश्रा, इस्नोद सिंह , देवेन्द्र सिंह , पारितोष मिश्रा आदि व्यवस्था में डटे रहे।

## घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, तहरीर दी

**निगोही, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि 16 अक्टूबर की रात उसके घर के दरवाजे पर राम कथा चल रही थी। परिवार के सभी लोग राम कथा सुनने गए थे वह घर में अकेली थी। रात करीब 11 बजे एक युवक दीवार पर चढ़कर घर में घुस गया और महिला से छेड़छाड़ करने लगा। उसके शोर मचाने पर पड़ोसी दौड़कर आ गए। जिन्हें देखकर आरोपी भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## मारपीट के बाद पति को गायब करने का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला आदर्शनगर कॉलोनी निवासी सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक अक्टूबर को सुबह आठ बजे उसके पति सतीश रोजा मंडी में काम करने के लिए गए थे। मठिया कॉलोनी के वेदराम ने उसके पति के साथ मारपीट की। आरोप है कि तब से उसके पति गायब है। उसके पति का पता नहीं चला है। आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## युवक को पीटा, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला भारद्वाजी निवासी शोभित ने बताया कि शुक्रवार को दिन साढ़े दस बजे मुन्नूगंज फाटक के निकट मोहल्ले के पारथ नाथ और दो अज्ञात लोगों उसे रोक लिया। आरोपी उसे गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों उसे मारा पीटा और धमकी दी कि गोली मार दो। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## दहेज हत्या में पति को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर थाना के उप निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि 13 अक्टूबर को महेंद्र कुमार निवासी प्रतापपुर थाना बरखेड़ा पीलीभीत ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री राजकुमारी की शादी देवेंद्र निवासी अकबरपुर तितरिया थाना मदनापुर के साथ की थी। आरोप था कि दहेज की खातिर पति ने पुत्री को मारकर लटका दिया था। पुलिस ने आरोपी पति को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

## सार-संक्षेप

### सामूहिक योग कर लिया अमृतमयी खीर का आनंद



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** योग विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में गुरुवार को आर्य महिला डिग्री कॉलेज परिसर में शरद पूर्णिमा पर सामूहिक योग का आयोजन किया गया। संस्थान के जिला प्रधान डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी त्रिपाठी ने कहा कि शरद पूर्णिमा ऋतु परिवर्तन से जुड़ा स्वास्थ्य व अध्यात्मपूर्ण पर्व है। इसी दिन सोलह कलाओं के पूर्णावतार योगीराज श्रीकृष्ण ने आदिशक्ति राधा व गोपिकाओं के साथ महारास रचाया था। डॉ. इंदु अजनबी ने कहा कि यह पर्व लौकिक जगत में जीवात्मा के परमात्मा से मिलन का पर्व है। विपिन रस्तोगी, राजेश दीक्षित, सौरभ गोयल, तेजवीर गुप्ता, रचना चांदना, अनामिका अवस्थी, डॉ. सारिका अग्रवाल, तराना जमाल आदि ने आसनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम का आरंभ संस्थान के जिला प्रधान और जिला मंत्री ने श्रीकृष्ण व राधा रानी के चित्र पर पुष्पार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समापन पर सभी ने अमृतमयी खीर का आनंद लिया। आयोजन में जीसी मिश्रा, गीता पांडेय, अर्चना दीक्षित, राजवीर सिंह यादव, ललित मोहन, एनसी त्यागी, आलोक दुबे, मिथिलेश त्यागी, संध्या गुप्ता, रामपाल सक्सेना आदि साधक मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक




**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सुदामा विद्या स्थली रेती में पुलिस विभाग की ओर से शनिवार को महिला सशक्तिकरण, मिशन 5 .0 सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 है, जो बच्चों की सुरक्षा के लिए 24 घंटे सेवा प्रदान करता है। इस पर कॉल करके बाल शोषण, बाल तस्करी, बाल मजदूरी और अन्य बच्चों से संबंधित अपराधों की रिपोर्ट की जा सकती है। इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने बताया कि शिकायतें दर्ज कराने के लिए नजदीकी साइबर सेल या पुलिस स्टेशन से संपर्क कर सकते हैं। 1930 या राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### दुर्घटना में व्यक्ति घायल

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** कस्बा सेहरामऊ दक्षिणी निवासी रामदयाल( 42 ) शनिवार की शाम छह बजे थाना से कुछ दूरी पर सड़क पार कर रहा था। रोडवेज बस ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। चालक बस लेकर भाग गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल भेज दिया।


स्व.श्री रमेश चन्द्र गुप्ता
20.10.2014
दशम् पुण्यतिथि
आपका विशाल व्यक्तित्व, स्नेहपूर्ण व उदार व्यवहार हम सभी के लिए प्रेरणा बना रहेगा आपकी दशम् पुण्यतिथि पर हम सभी अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।
श्रद्धावनत: अनीता गुप्ता (पत्नी)
वरूण-श्वेता अग्रवाल, अक्षय-शिल्पी अग्रवाल, आदित्य-पूजा अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधू) व्यान, मनस्वी, काशवी, दक्ष, दक्षिता अग्रवाल, ओजस्वी (पौत्र-पौत्री), तृप्ति-सचिन अग्रवाल (पुत्री-दामाद), वृंदा, ऐशानी, माधव गुप्ता (नातिन-नाती)
फर्म : देवभूमि एसोसिएट, दक्ष एसोसिएट
मो. 7017812588

उठावनी

स्व. श्री योगेन्द्र कुमार गुप्ता
अत्यन्त दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य श्री योगेन्द्र कुमार गुप्ता (वरिष्ठ अधिवक्ता) का गोलोक गमन दिनांक 18.10.2024 दिन शुक्रवार को हो गया है। उठावनी दिनांक 20.10.2024 दिन रविवार, दोपहर 1:00 से 2:00 बजे निज निवास गुप्ता नर्सरी, निकट बड़ा बाग हनुमान मंदिर, इज्जतनगर बरेली पर होना निश्चित हुआ है।
शोकाकुल परिवार
श्रीमती सावित्री देवी (धर्म पत्नी)
महेश चन्द्र अग्रवाल (बहनोई)
एडवोकेट नितिन कुमार गुप्ता-रेनू (पुत्र- पुत्रवधू)
एडवोकेट मिलन कुमार गुप्ता-भारती (पुत्र-पुत्रवधू)
डा. मीता अग्रवाल-डा. नरेश अग्रवाल (पुत्री-दामाद)
एडवोकेट सचिन अग्रवाल-अल्पना (भांजा-भांजावधू)
डा. तरूण गुप्ता-नेहा (पौत्र-पौत्रवधू)
इं. तन्वी गुप्ता-इं. लक्षित गौड़ (पौत्री-पौत्री दामाद)
डा. अनुष्का गुप्ता- डा. अनुराग अग्रवाल (पौत्री-पौत्री दामाद)
एडवोकेट सिद्धांत गुप्ता-एडवोकेट नेहा (पौत्र- पौत्रवधू)
इं. जूही अग्रवाल-इं. ऋषभ (पौत्री-पौत्री दामाद)
डा. अनुराग अग्रवाल (नाती)
आरूष, रूद्राश, शिवान्या, मिराया (परपौत्र- परपौत्री)
एवं समस्त परिवारजन।

## एक नजर

### स्काउट गाइड कैंप का हुआ समापन

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** कस्बा स्थित शिवमंगल सिंह महाविद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय स्काउट गाइड कैंप का शनिवार को समापन हो गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी ने प्रशिक्षु शिक्षकों से जीवन में आत्मनिर्भर बनकर समाजसेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति स्काउट गाइड का योगदान अतुलनीय है। मुख्य अतिथि विजय प्रताप सिंह ने कैंप के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाली टोली मैरी गोल्ड की अर्पणा सिंह और लोटस टोली की तन्वी दीक्षित व रोजी टोली की कोमल शुक्ला को सम्मानित किया। इस दौरान सुदीप श्रीवास्तव , सत्येंद्र प्रताप सिंह , शोभित सिंह , प्रबल प्रताप सिंह , मनोज कुमार , अल्का कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### महिला डॉक्टर को जान से मारने की धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला साउथ सिटी निवासी डॉ. अंकिता वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 15 अक्टूबर को दिन में सवा दो बजे वह अपने क्लीनिक पर मरीजों को देख रही थी। मोहल्ला कच्चा कटरा का लक्ष्मण प्रसाद दवा का कारोबार करता है। उसके चेंबर में घुस गया और कहने लगा कि मेरे ब्रांड की दवा क्यों नहीं लिख रही हो। उसके मना करने पर अभद्र व्यवहार किया और जान से मारने की धमकी देने लगा। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सड़क सुरक्षा पखवाड़ा: 68 वाहनों का चालान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एआरटीओ प्रवर्तन शांति भूषण पांडेय ने बताया कि 10 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चलाया गया। इस दौरान 68 वाहनों का चालान किया गया और 48 वाहनों को सीज करके जिले के विभिन्न थानों में खड़ा करवा दिया गया। वाहनों से साढ़े 29 लाख रुपये प्रशमन शुल्क वसूला गया। खुटार थाना में 12, अल्हागंज में 12, रामचंद्र मिशन में 18, तिलहर में दो, पुवायां एक वाहन और नगरिया पुलिस चौकी पर तीन वाहन निरुद्ध किए गए है।

### पार्षद को जान से मारने की धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला बरेली मोड़ स्थित आवास विकास कॉलोनी के वार्ड संख्या 23 लालपुर के पार्षद सिद्धार्थ शुक्ला ने बताया शुक्रवार की रात साढ़े 11 बजे उसके मोबाइल पर एक काल आई। कॉल करने वाले ने अपना नाम निखिल गुप्ता उर्फ चिकन बताया। आरोपी ने पार्षद से कहा कि उसने अनिल गुरु को गोली मारी थी। अब तुम्हारी सुपारी ली है और उसकी लोकेशन पूछने लगा। आरोपी ने पार्षद को धमकी दी कि एक घंटे में गोली मार देंगे। पार्षद ने चौक कोतवाली को सूचना दी। वह खिरनीबाग चौराहे पर आकर खड़ा हो गया। जैसे ही आरोपी अपनी कार से आया तो पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया पार्षद की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# फाइनल में पहुंचे शाहजहांपुर, कानपुर

## मूक बधिर क्रिकेट: रिलायंस मैदान पर कटरा विधायक प्रिंस ने किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



चैंपियनशिप के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस।

- डेफ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में शुरू हुई प्रथम राज्य मूक बधिर क्रिकेट चैंपियनशिप फाइनल आज

**अमृत विचार :** डेफ स्पोर्ट्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में शनिवार को प्रथम उत्तर प्रदेश राज्य क्रिकेट बधिर क्रिकेट चैंपियनशिप शुरू हुई। चैंपियनशिप में विभिन्न जनपदों की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। एसोसिएशन ऑफ द डीफ वेलफेयर सोसाइटी, शाहजहांपुर के बैनर तले शुरू हुए टूर्नामेंट का उद्घाटन कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने किया।

रिलायंस पॉवर मैदान पर शुरू हुए दो दिवसीय टूर्नामेंट का पहला मैच देवरिया और कानपुर के मध्य हुआ, जिसमें देवरिया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 59 रन बनाए, इसके जवाब में कानपुर की टीम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 4.4 ओवर में ही दो विकेट के नुकसान पर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। दूसरा मैच गाजियाबाद/नोएडा और शाहजहांपुर के मध्य हुआ, जिसमें गाज़ियाबाद/नोएडा की टीम 9.4 ओवर में 36 बनाकर ऑल आउट हो गई। शाहजहांपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2.4 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर 37 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर जीत दर्ज की। तीसरा मैच कानपुर और गाजियाबाद/नोएडा के मध्य हुआ, जिसमें कानपुर ने 10 ओवर में सात विकेट खोकर 104 बना लिए, जवाब में गाज़ियाबाद/नोएडा की टीम सात विकेट खोकर 38 रन ही बना सकी। पहले दिन का अंतिम मैच शाहजहांपुर और देवरिया के मध्य हुआ, जिसमें मेजबान शाहजहांपुर ने 10 ओवर में तीन विकेट खोकर 120 रन बना डाले, देवरिया की टीम ने जीतने की भरसक कोशिश की, लेकिन वह 10 ओवर में 113 रन ही बना सकी। विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने मूक बधिर खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर टूर्नामेंट शुरू कराया। प्रतियोगिता रिलायंस पावर प्रोजेक्ट स्टेडियम में आयोजित हो रही है। उद्घाटन अवसर पर निखिल महेंद्र, नेहा यादव सक्सेना, बलराम सिंह जादौन, विकास शर्मा, मनोज अग्रवाल, सौरभ श्रीवास्तव आदि विशिष्टजन मौजूद रहे। आयोजन सचिव अमन सक्सेना ने बताया कि रविवार को सुबह 10 बजे कानपुर और शाहजहांपुर के बीच फाइनल मुकाबला होगा और पुरस्कार वितरण के साथ समापन किया जाएगा।

### झंडा क्लब का क्रिकेट चैलेंज कप पर कब्जा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जीएफ कॉलेज के मैदान पर चल रहे शाहजहांपुर चैलेंज कप पर झंडा क्लब ने कब्जा जमाया। शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीसीए पुवायां ने 20 ओवर में 119 रन बनाए, रंजीत ने 46 रन और आने ने 24 रन का योगदान दिया। झंडा क्लब की ओर से इंतजार ने तीन विकेट लिए। दूसरी पारी में झंडा क्लब ने 18 ओवर में 9 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विजेता टीम की ओर से आमिर ने 26, रेहान ने 24 रन बनाए। पुवायां की ओर से सुबोध और रंजीत ने तीन-तीन विकेट लिए। रंजीत को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ दि सीरीज घोषित किया गया। अंपायरिंग इरफान व शोभित और स्कोरिंग साहिल ने की। समापन पर मुख्य अतिथि छावनी परिषद के उपाध्यक्ष अवधेश दीक्षित ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। आयोजक मयूर खन्ना ने आभार व्यक्त किया। प्रो. फैयाज अहमद, शिखर दीक्षित, मनोज यादव, डॉ. नीरज अग्रवाल, मयंक वर्मा, मोनू यादव, राहुल सक्सेना, फरीद खान आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## पुवायां के स्कूलों में हुआ भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन



पुवायां के एक स्कूल में परीक्षा देते बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

- 12 विद्यालयों के 1400 विद्यार्थियों ने परीक्षा में किया प्रतिभाग

**अमृत विचार :** संस्कारों का पोषण करने के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से चलाए जा रहे विश्वव्यापी महाअभियान को सफल बनाने के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का शनिवार को आयोजन किया गया। जिसमें 12 विद्यालयों के 1400 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा होली चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल, सरस्वती ज्ञान मंदिर, जनकल्याण कन्या विद्यालय, द सेक्रेड हार्ट एकेडमी, पुवायां इंटर कॉलेज पुवायां, दशमेश एकेडमी, लिटिल फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल पुवायां, प्रेमचंद इंटर कॉलेज, दीदार सिंह राना विद्यालय, डीडब्ल्यू पीएस, आदर्श बालिका विद्यालय में संपन्न हुई। परीक्षा में राकेश चंद्र गुप्ता एडवोकेट, तहसील संयोजक प्रमोद चंद्रगुप्त, मीना गुप्ता, आभा गुप्ता, श्रद्धा गुप्ता, डॉ. सारस्वत गुप्ता, डॉ. पंखुड़ी गुप्ता, प्रधानाचार्य नानक दास मैसी, ब्रज भूषण शुक्ला, जितेंद्र पाल, जलज त्रिवेदी, नीरज सक्सेना, यास्मीन नूर, कनकलता गुप्ता, आयशा खान, अभय सिंह, आदित्य शुक्ला, दीपेश अग्निहोत्री, पवनसुख मिश्रा, राजेश बाबू और लखविंदर सिंह आदि का सहयोग रहा।

## नशे से रहें दूर, राष्ट्र निर्माण में सहायक बनें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मेरा युवा भारत अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र की ओर से हुआ गोष्ठी का आयोजन
- कौशल विकास केंद्र पर हुए कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बांटे प्रमाण पत्र



युवाओं को नशाखोरी से बचने का संदेश देते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में मेरा युवा भारत के अंतर्गत युवाओं में नशे की लत व मादक द्रव्यों के दुष्प्रभाव विषय पर जागरुकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को अंटा चौराहा स्थित प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अभिषेक प्रताप ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहते हुए राष्ट्र निर्माण में सहायक बनना चाहिए।

मुख्य अतिथि ने युवाओं का आह्वान किया कि वह अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और राष्ट्रभावना के साथ करें। विशिष्ट अतिथि डिप्टी सीएमओ डॉ. मनोज मिश्रा ने युवाओं को नशाखोरी से बचते हुए मन को साधने और पूरी दृढ़ता के साथ नशे के विरुद्ध कार्य करने की प्रेरणा दी। इससे पहले नेहरू युवा केंद्र के युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने कार्यक्रम के उद्देश्य की चर्चा करते हुए विषय स्थापना की।

नशा मुक्ति से संबंधित पोस्टर का विमोचन भी किया गया। साथ ही प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आयोजन में हिमांशु सक्सेना, विशाल वर्मा, शुभम कनौजिया, विशाल सिंह, पुष्प राज, शैलेंद्र, सचिन सक्सेना, शिवांगी गुप्ता, मुकुल शर्मा, आयुष सक्सेना, फरीन, निशा, श्रेष्ठा, डॉ. रूपक श्रीवास्तव, अरविंद मिश्रा, नमामि गंगे डी पी ओ विनय सक्सेना, डॉ. प्रीति शुक्ला, नीरा श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, सोनम सचान आदि मौजूद रहे।

### शपथ दिला अभियान में आगे आने का आह्वान

पीएसडब्लू डॉ. नंदिनी सक्सेना ने युवाओं को शपथ दिलाते हुए जागरुकता अभियान में आगे आने का आह्वान किया, वहीं ओंकार मनीषी, मुकेश परिहार आदि ने कहा कि नशा देश की ज्वलंत समस्या है, जो युवा पीढ़ी को गिरफ्त में ले रही है। अभिभावकों को इस दिशा में जरूर ध्यान देना चाहिए।

## विज्ञान प्रदर्शनी में सराहे गए बच्चों के बनाए मॉडल

संवाददाता, पुवायां

- एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता ने बच्चों को किया पुरस्कृत

**अमृत विचार :** होली चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की याद में विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका आरंभ एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट काफी सराहे गए। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने वाटर डिस्पेंसर, मिसाइल, लाइफ साइकिल्स, ऑर्गन तंत्र, फॉग मशीन, भूकंप रोधी मकान, सोलर पंप आदि विभिन्न उपकरण लगाए। निर्णायक मंडल के सदस्य अभय मिश्र ने सभी प्रोजेक्ट को अच्छी तरह देखा। प्रबंधक राजीव शर्मा ने बताया कि प्रथम तुषार भारती, द्वितीय आराध्या और उनकी टीम, तृतीय स्थान पाने वाले आयुष्मान मिश्रा को कैश प्राइज और चार छात्रों को सांत्वना पुरस्कार एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता ने दिया। सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री सुबोध वर्मा ने कहा कि नन्हें बच्चों द्वारा प्रशंसनीय कार्य किया गया।



विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र को पुरस्कृत करते हैं एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता।

## सार-संक्षेप

### कंपोजिट विद्यालय चौकिया में हुई खेलकूद प्रतियोगिताएं



**कलान, अमृत विचार :** कलान न्याय पंचायत के पृथ्वीपुर कुबेरपुर की खेलकूद प्रतियोगिता शनिवार को कंपोजिट विद्यालय चौकिया में आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन नोडल संकुल आलोक यादव ने किया। प्रतियोगिता में दौड़, कबड्डी, खो खो, लंबी कूद आदि खेल कराए गए। कबड्डी जूनियर स्तर बालक वर्ग में कुबेरपुर, बालिका वर्ग में पृथ्वीपुर, प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में कुबेरपुर, बालिका वर्ग में चौकिया, खो-खो प्राथमिक में जुआंखेड़ा, जूनियर वर्ग में पृथ्वीपुर की टीमें शामिल हुईं। दौड़ 100 व 200 मीटर क्रमशः प्राथमिक बालक वर्ग में प्रथम अमन व केशव, द्वितीय माधव व सुभान, तृतीय भोले व शिवम, बालिका वर्ग 100 व 200 मीटर में प्रथम नीलम, द्वितीय कुमकुम व रोशनी, तृतीय स्थान पर सुधा व मानसी रहे। विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में आलोक यादव, अनुज सिद्धू, प्रवेंद्र सोलंकी, विनोद यादव, विजय बहादुर, सुधीर सिंह, हिमांशु भदौरिया, मो .समी, मनोज प्रजापति, गौस मोहम्मद, सोनू कुमार, संगीता गुप्ता, मोहित यादव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### जीएफ की गोल्ड मेडलिस्ट ईशा और बुशरा सम्मानित



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित कर विश्वविद्यालय में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली कॉलेज की छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एमकॉम टॉपर ईशा सक्सेना और एमए इतिहास की बेबी बुशरा को सम्मानित किया गया। साथ ही हिंदी विभाग के प्रो. मोहम्मद साजिद खान को भीलवाड़ा राजस्थान में आनंद प्रकाश जैन शिखर सम्मान प्राप्त करने वाले एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. मोहम्मद सईद अख्तर को उनकी पुस्तक के प्रकाशित होने पर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले प्रो. मोहम्मद साजिद खान की अब तक 29 मौलिक पुस्तकें व 664 रचनाएं प्रकाशित हो चुकी हैं। इनको लगभग 26 राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है, वहीं वनस्पति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद सईद अख्तर की 30 पुस्तकें व लगभग 170 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। इस दौरान डॉ. मोहम्मद सईद अख्तर की पुस्तक का विमोचन भी प्राचार्य ने किया। प्रो. जीए कादरी के संचालन में चले कार्यक्रम में स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

### नेट परीक्षा उत्तीर्ण अरुण और रंजीत सम्मानित



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसएस कॉलेज में इतिहास विभाग के छात्र अरुण कुमार पाठक और रंजीत कुमार वर्मा के यूजीसी नेट परीक्षा में चयन पर विभाग की ओर से हर्ष जताया गया। दोनों को प्राचार्य प्रोफेसर आरके आजाद ने संकाय अध्यक्ष डॉ. विकास खुराना के साथ सम्मानित किया। दोनों छात्रों के चयन पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, कालेज सचिव डॉ. एके मिश्रा, डॉ. आलोक मिश्रा, डॉ. मधुकर श्याम शुक्ला, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. पद्मजा मिश्रा, डॉ. धर्मवीर सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त करते दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गोल्ड मेडलिस्ट नेहा को व्यापार मंडल ने किया सम्मानित



**पुवायां, अमृत विचार :** पुवायां के गांव ककरौआ जप्ती की गोल्ड मेडलिस्ट नेहा शुक्ला को व्यापार मंडल ने उपहार देकर सम्मानित किया। नेहा को मध्य प्रदेश में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विवि में एमलिब में प्रथम स्थान पाने पर राज्यपाल मंगू भाई छगन ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया था। नेहा शुक्ला के घर आने पर शनिवार को व्यापार मंडल के अध्यक्ष केके लील, महामंत्री कपिल गुप्ता( बीटू), विशाल गुप्ता, अखिलेश अग्निहोत्री ने उपहार देकर सम्मानित किया।

### मदरसा नुरुल हुदा में बच्चों को बांटे गए चश्में



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदरसा नुरुल हुदा में शनिवार को पहले से चिन्हित 37 छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य विभाग की ओर से नि:शुल्क चश्मा वितरण किया गया। मुख्य अतिथि अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी पी श्रीवास्तव ने चश्मा वितरण करते हुए बच्चों को अपनी आंखों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आंखों को स्वस्थ और रोशनी बढ़ाने के लिए हरी सब्जियों के साथ ही प्रोटीन और कैल्शियम वाली चीजों का सेवन ज्यादा करना चाहिए। इस मौके पर डॉ. श्रीवास्तव ने आश्वासन दिया कि जल्द ही फिर से कैंप लगवाकर बच्चों की आंखों की जांच कराई जाएगी। प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने आभार व्यक्त किया। चश्मा वितरण में इजहार हसन, शारिक अली खां, मोइन खां आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

### मेहंदी में सोनम, फोटो फ्रेम में अंकित विजयी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसएस कॉलेज के शिक्षा विभाग में शनिवार को करवा चौथ के अवसर पर डीएलएड प्रशिक्षुओं के बीच मेहंदी और फोटो फ्रेम निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार मिश्र ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से सृजनात्मकता का विकास होता है, इसलिए प्रतिभा निखारने और उसे प्रदर्शित करने के लिए इस प्रकार के आयोजनों में सभी को बढ़चढ़ कर सहभागिता करनी चाहिए। मेंहदी प्रतियोगिता में सोनम ने प्रथम, आरती सिंह ने द्वितीय और शीतल देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि फोटो फ्रेम निर्माण में अंकित द्विवेदी को प्रथम, हर्षित मिश्रा को द्वितीय और बुद्धप्रिय गौतम को तृतीय स्थान मिला। प्रवक्ता डॉ. गौरव शर्मा ने प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार किए गय फोटो फ्रेम की सराहना करने हुए कहा कि ऐसे कार्य हमें भविष्य में सृजनात्मक रूप से आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम संयोजक शिवानी भारद्वाज की देखरेख में चले कार्यक्रम में अभिषेक बाजपेयी ने आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिताओं में शैलेंद्र द्विवेदी, अभिषेक बाजपेयी, सर्वोत्तम शर्मा, अमिता रस्तोगी, डॉ. नीरज गुप्ता, प्रतिभा द्विवेदी, रचना रस्तोगी, जय सिंह आदि का सहयोग रहा।

खबरें पेज 15 और 16 पर भी पढ़ें



## बिसौली के प्रगतिशील किसान ने बनाई कंपनी, 80 किसान जुड़े, अभी तक स्थानीय मंडियों में जाता था किसानों का आलू

# बदायूं में होगी देसी खाद वाले आलू की उपज, विदेशों में होगा निर्यात

केपी शर्मा, बदायूं


किसान नरेश कुमार शर्मा।

- तहसील बिसौली के ग्रीन आग्रेनिक प्रोड्यूसर कंपनी ने तैयार किया मसौदा

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार द्वारा 2021 में बनाई गयी निर्यात नीति का देश के किसान लाभ उठाएंगे। इसके लिए जागरूक किसानों के एक ग्रुप ने बिसौली ग्रीन आग्रेनिक प्रोड्यूसर कंपनी बनाकर पहली बार अपने खेतों का आलू विदेशों में भेजने का निर्णय लिया है। जिससे किसानों को आलू का बेहतर लाभ मिलेगा, साथ निर्यात नीति को और बढ़ावा मिलेगा। कंपनी से 80 आलू उत्पादक किसान जुड़े हैं। इनका आलू तेहरान, बांग्लादेश आदि देशों में जाएगा। आलू उत्पादन में सभी किसानों ने जैविक खाद का ही उपयोग करके फसल का उत्पादन किया है।

सरकार की मंशा है कि निर्यात नीति के तहत देश में उगाई जाने वाली फसलों एवं अन्य उत्पादों को विदेशों में निर्यात किया जाए। जिससे एक ओर तो किसानों को बेहतर आर्थिक लाभ मिलेगा वहीं विदेशी मुद्रा भी भारत की आर्थिक दर को रफ्तार देगी। बिसौली के निवासी किसान नरेश कुमार शर्मा की खेती में किये जा रहे नए प्रयोग से प्रशासनिक अधिकारी भी उसे देखने पहुंचते हैं। नरेश ने आलू उत्पादक किसानों को एकजुट कर ग्रीन आग्रेनिक प्रोड्यूसर कंपनी बनाई और उन्हीं किसानों के खेतों में लगाया आलू विदेशों में भेजने का निर्णय लिया है। नरेश का कहना है कि उनकी कंपनी तहसील और जिला प्रशासन तथा मंडल स्तर से पास हो चुकी है। आगे प्रदेश सरकार को निर्णय लेना है। 30 अक्टूबर को लखनऊ में होने वाली बैठक में उनकी कंपनी को पूरी तरह स्वीकृति मिल जाएगी। जिसके बाद वह कंपनी के तहत काम करेंगे।

नरेश का कहना है कि उनके ग्रुप में क्षेत्र के 80 किसान हैं। यह सभी किसान आलू उत्पादक हैं। इनका आलू प्रदेश के अंदर ही मंडियों में बिक्री के लिए जाता है लेकिन अब इन किसानों का आलू बिसौली ग्रीन ऑर्गेनिक प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से विदेशों में जाएगा। विदेशों में जाने से किसानों को उत्पाद का बेहतर मूल्य मिलेगा।

### 50 हेक्टेयर में करेंगे उत्पादन

कंपनी से संबद्ध 80 किसान 50 हेक्टेयर में आलू का उत्पादन करेंगे। करीब आठ सौ बीघा आलू का रकबा अलग से तैयार किया जा रहा है। इस रकबे में अक्टूबर में ही आलू लगाया गया है। कुछ अभी लगाया जाएगा। अक्टूबर में लगने वाला आलू मार्च में तैयार हो जाएगा। उसके बाद उस आलू को निर्यात नीति के तहत बांग्लादेश, भूटान, श्रीलंका, तेहरान आदि देशों में भेजा जाएगा।

### खेतों में देसी खाद का हुआ प्रयोग

किसान नरेश का दावा है कि कंपनी में शामिल सभी 80 किसान अपने खेतों में देसी खाद ही डाल रहे हैं। इन खेतों में रासायनिक खादों का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि रासायनिक खादों के प्रयोग से आलू की उत्पादकता कम होने का खतरा रहता है साथ ही आलू की चमक गायब हो सकती है। देसी खाद से आलू साफ सुथरा और अच्छा निकलता है। उत्पादन भी बेहतर रहता है।

## टेंपो और बाइक की भिड़ंत में बुजुर्ग की मौत, युवक घायल

**सहसवान ,अमृत विचार :** सहसवान कोतवाली क्षेत्र में भवानीपुर मार्ग पर टैंपो और बाइक की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। जिससे टेंपो पलट गया। टेंपो सवार एक बुजुर्ग की मौके पर मौत हो गई जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव बेहटा गुसाई निवासी जान मोहम्मद (55) पुत्र अली जान अपनी पत्नी तस्लीमन के साथ टैंपो में बैठकर गांव नदायल निवासी अपने दामाद काशिफ पुत्र साकिब के घर जा रहे थे। भवानीपुर मार्ग स्थित केले के गोदाम के सामने भवानीपुर की ओर से तेज रफ्तार से आए बाइक सवार सोहेल पुत्र शायर अली से टैंपों की भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद टैंपो मौके पर पलट गया। टैंपो सवार जान मोहम्मद की मौके पर मौत हो गई और बाइक सवार सोहेल गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। दोनों को सहसवान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक ने जान मोहम्मद की मौत की पुष्टि की जबकि हालत गंभीर होने पर सोहेल को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## एक नजर

### हत्या की कोशिश करने के आरोपी दोषी को दस साल का कारावास

**बदायूं,अमृत विचार :** तकरीबन 19 साल पहले हत्या की कोशिश करने के आरोपी को विशेष न्यायालय की न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट रिंकू जिंदल ने दोषी करार देते हुए 10 साल कारवास और तीन हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। दूसरी आरोपी को लगभग 11 साल पहले सजा हो चुकी है। अभियोजन कथानक के अनुसार गांव पस्तोर निवासी प्रेमपाल ने 11 अगस्त 2005 को थाना मूसाझाग पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि गांव दियोचरी हजरतपुर निवासी दुर्गपाल जो उनके भाई का साला है। वह गांव पस्तोर से अपने घर जा रहा था। जिसे छोड़ने के लिए प्रेमपाल अपने भाई के साथ गुलड़िया स्थित बस स्टैंड गए थे। गांव अहोरामई और गुलड़िया के बीच गन्ने के खेत से गांव दियोचरी हजरतपुर निवासी होराम पुत्र मुंशी सिंह, महेश पुत्र सरनाम निकल आए। दुर्गपाल को देखते ही कहा कि तमंचे से दुर्गपाल पर फायर कर दिया। दुर्गपाल को गोली लगी। विवेचना के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। तब से मामला न्यायालय में विचाराधीन था। शनिवार को न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करके एडीजीसी जितेंद्र कुमार सिंह और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद होराम को सजा सुनाई है। जबकि महेश को साल 2013 में सजा हो चुकी है।

### छात्रा उजमा खानम ने पास किया नेट एग्जाम

**ककराला,अमृत विचार :** मुस्लिम डिग्री कॉलेज के उर्दू विभाग की छात्रा उज़मा खानम ने यूजीसी नेट एग्जाम क्वालीफाई किया है। उनकी इस सफलता पर कालेज प्रबंधक हाजी अजमल खान ने कहा कि कॉलेज के स्टूडेंट्स अपनी मेहनत और लगन से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन कामयाबी हासिल कर कॉलेज और ककराला का नाम रोशन कर रहे हैं। प्राचार्य डॉ. रोशन परवीन ने कहा कि ऐसे मेहनती और लगनशील स्टूडेंट्स दूसरे छात्र छात्राओं के लिए रोल मॉडल और मोटिवेशन का काम करते हैं।

### आज सुबह आठ से दो बजे तक ठप रहेगी बिजली

**विजय नगला,अमृत विचार :** बिनावर बिजली घर से क्षेत्र में जाने वाली 33 हजार केवी की लाइन पर 20 अक्टूबर को मरम्मत का कार्य किया जाएगा इसलिए रविवार को सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक 130 गांवों की बिजली सप्लाई ठप रहेगी। अवर अभियंता सतीश चंद्र ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मरम्मत कार्य के चलते छह घंटे को बिजली आपूर्ति रोकी जाएगी इसलिए उपभोक्ताओं को पहले से जानकारी दी जा रही है।

# बच्ची का हत्यारोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, गुस्साये लोगों ने लगाया जाम

## फुसलाकर बच्ची को ले गया और नशे में हत्या कर खंडहर में फेंका, सीसीटीवी में कैद हुआ, जिले से बाहर भागने की फिराक में था पुलिस ने दबोचा

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** बिल्सी कस्बा में दुकान पर सामान लेने जा रही पूर्व सभासद की सात साल की नातिन की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में मोहल्ले के युवक की पहचान हुई है। सीसीटीवी के जरिए हुई पहचान के बाद रात में पुलिस ने उसकी तलाश शुरु कर दी सुबह वह मिला तो पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरु कर दी। सिपाही मनोज कुमार गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने भी जवाब में फायरिंग की। आरोपी के पैर दाहिने पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसने हत्या करने की घटना कबूल की। पुलिस ने आरोपी और सिपाही को सीएचसी पर भर्ती कराया। बच्ची के शव के पोस्टमार्टम में उसके सिर पर वार करके हत्या करने और गर्दन पर नाखून के निशान मिले हैं। परिजन और कस्बा के लोगों ने जाम लगाकर आरोपी को फांसी देने की मांग की।

कस्बा के एक पूर्व सभासद की सात साल की कक्षा तीन में पढ़ने वाली नातिन शुक्रवार दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे लास्टिक लेने के लिए दुकान पर गई थी। पांच बजे तक वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश की। कस्बा, पास में लगे मेला में भी देखा लेकिन कहीं पता नहीं चला। रात लगभग साढ़े नौ बजे बच्ची का शव कस्बा तीन स्थित स्कूल के बराबर के खंडहर की अलमारी में रखा मिला। परिजनों में चीत्कार मच गया। परिजनों ने हंगामा किया। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने मौका मुआयना करके एसओजी और स्थानीय पुलिस को खुलासे का निर्देश दिया। टीम ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो पता चला कि कस्बा निवासी जाने आलम बच्ची को बहला फुसलाकर खंडहर में ले गया था। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची ने विरोध करते हुए शोर मचाया तो उसने ईंट से बच्ची के सिर पर प्रहार करके हत्या कर दी थी। चादर में शव लपेटकर अलमारी में रख दिया था। परिजनों ने देर रात हंगामा किया। पुलिस ने अज्ञात पर दुष्कर्म, हत्या, पॉक्सो आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी।

पुलिस ने रात में ही जाने आलम की तलाश की। उसकी संभावित जगहों पर दबिश दी। शनिवार तड़के लगभग पौने चार बजे बिल्सी से गांव बीनपुर जाने वाले मार्ग पर पुलिस ने आरोपी को घेरा। पुलिस को देखते ही जाने आलम ने फायरिंग शुरू कर दी। एक सिपाही को गोली लगी। वहीं आत्मरक्षा में की गई पुलिस की फायरिंग में जाने आलम को भी गोली लगी। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया है। कहा कि उसने शराब के नशे में घटना की थी।

**भाकियू नेता पीड़ित परिवार से मिले, ज्ञापन दिया: बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के ज़िलाध्यक्ष सतीश साहू शनिवार कोबिल्सी में दरिंदगी की शिकार हुयी सात साल की बच्ची के परिजनों से मिले। पीड़ित परिवार को उन्होने आश्वासन दिया कि संगठन उनके साथ है। पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने के लिए जिलाधिकारी को इस संबंध में 4 सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा है। इस मौके पर जिला प्रभारी अजब सिंह राजपूत,आसिम उमर, आरिफ रज़ा, ठाकुर प्रवेंद्र सिंह, रहीस अहमद मलिक, अरशद खां, इरशाद खां, ज़फर अली, नन्नू सैफी आदि रहे।


शव घर पहुंचने के बाद सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करते बच्ची के परिजन और कस्बे के लोग। ● अमृत विचार


बच्ची की मौत पर प्रदर्शन करते बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

### तीन डॉक्टरों ने किया पोस्टमार्टम सिर पर चोट से हुई थी मौत

बिल्सी और सिविल लाइन पुलिस की मौजूदगी में तीन चिकित्सक डॉ. पीयूष गौतम, डॉ. अमित सक्सेना और डॉ. पारुल ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम किया। इस दौरान वीडियोग्राफी भी कराई गई। बच्ची की मौत सिर पर चोट लगने की वजह से हुई थी। उसके सिर पर कई वार किए गए थे। इसके अलावा बच्ची की गर्दन पर नाखून व अन्य चोट के निशान मिले। साफ हो रहा था कि बच्ची का गला भी दबाया गया था। बच्ची के प्राइवेट पार्ट पर भी चोट के निशान मिले हैं। चिकित्सकों ने स्लाइड तैयार की है। जिसे जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा।

### परिजन और कस्बे के लोगों ने किया हंगामा

रात में परिजनों ने हंगामा किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार तड़के मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया लेकिन परिजनों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। आरोप को पकड़ने के बाद लोगों ने हंगामा किया। समाजसेवी दीपक चौहान के समझाने पर वह मान गए लेकिन पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजन और कस्बा के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। बच्ची का फोटो और न्याय की मांग लिखा बैनर लेकर नारेबाजी करने लगे। कहा कि जाने आलम तो मोहरा है। इसमें वह व्यक्ति भी शामिल है जहां वह काम करता था। घटनास्थल के पास ही उसका घर है। कहा कि जब तक घटना में शामिल दूसरे आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर दी जाती तब तक शव दफन नहीं करेंगे। पुलिस उन्हें समझाती रही लेकिन वह नहीं माने। दो सीओ समेत विभिन्न थानों की पुलिस व प्रभारी निरीक्षक तैनात रहे। एडीएम ने भी लोगों को समझाया। देर शाम तक परिजन और कस्बा के लोग हंगामा करते रहे। आरोपियों को फांसी देने की मांग की।


सड़क पर प्रदर्शन करते लोगों को समझाते सीओ शक्ति सिंह ।


दुष्कर्म व हत्या करने के आरोपी को ले जाते पुलिसकर्मी।

> बच्ची की हत्या करने के आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। उसने जुर्म कबूल किया है। मुठभेड़ में एक सिपाही को भी गोली लगी है। जिससे भर्ती कराया गया है।
> **– डॉ. बृजेश कुमार सिंह,** एसएसपी

# ककोड़ा मेला में पॉलीथिन प्रयोग नहीं कर पाएंगे दुकानदार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



- गंगा किनारे मौजूद रहेंगे दो सौ सफाई कर्मचारी
- मेला समापन के बाद गंगा किनारे चलेगा सफाई अभियान

**अमृत विचार :** मेला ककोड़ा में इस बार पॉलिथीन पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। मेला के दौरान कूड़ा कचरा गंगा में न फेंका जाए इसके लिए दो सौ सफाई कर्मचारी तैनात किये जाएंगे। जिला प्रशासन ने जिला पंचायत अफसरों को यह निर्देश दिये हैं।

मिनी महाकुंभ मेला ककोड़ा में हर साल लाखों लोग आते हैं। गंगा किनारे हवन पूजन करने वाले लोग पूजन सामग्री वहीं छोड़ देते हैं। इसी के साथ अन्य गदंगी को गंगा में डाल दिया जाता है। इससे गंगा का पानी भी दूषित होता है। इस अव्यवस्था पर इस बार जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला प्रशासन ने नमामि गंगे के तहत गंगा के किनारों को शुरू से अंत तक साफ सुथरा रखने का निर्णय लिया है। इसके लिए जिला पंचायत को निर्देशित भी किया है। जिला पंचायत से कहा गया है कि गंगा किनारे सफाई व्यवस्था बनाए रखने को सफाई कर्मचारी तैनात किए जाएं। मेला परिसर में भी सफाई कर्मचारी प्लास्टिक और पॉलिथीन के प्रयोग पर नजर बनाए रखें।

मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने कहा है कि मेला ककोड़ा में सफाई व्यवस्था बनाए रखने को बड़े स्तर पर काम करने की जरूरत है। मेला समापन पर गंगा किनारे पड़ी गंदगी को साफ करना होगा जिससे वह गंदगी गंगा में न जा सके। उन्होंने मेला प्रशासन के साथ बैठक कर इस मामले में सख्ती के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं।

अपर मुख्य अधिकारी मासूम रजा ने बताया कि ककोड़ा मेला में इस बार पॉलीथिन और प्लास्टिक का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। दुकानदारों को पॉलीथिन प्रयोग नहीं करने दिया जाएगा। पॉलिथीन और प्लास्टिक से ही गंदगी बढ़ती है। गंगा किनारे करीब दो सौ सफाई कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। यह कर्मचारी मेला परिसर में भी गंदगी पर नजर रखेंगे।

## उघैती में डेगू का कहर जारी एक और युवक की मौत


मृतक के घर पर मचा कोहराम, बिलखती महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, उघैती

- उघैती निवासी महाराज को हो गया था डेंगू, मुरादाबाद के अस्पताल में हुई मौत
- बिसौली में भी डेंगू के शिकार हैं कई लोग

**अमृत विचार :** क्षेत्र में तेज बुखार के बाद एक युवक की डेंगू से मौत हो गयी इकलौते पुत्र की मौत के बाद मां बाप बेहोशी की हालत में हैं। दो दिन पूर्व भी बुखार से एक युवक की मौत हो चुकी है। शनिवार को दूसरी मौत होने के बाद गांव के लोगों में भारी रोष है।

क्षेत्र के ग्राम महानगर निवासी राजवीर सिंह का 28 वर्षीय इकलौता पुत्र महाराज सिंह चंडीगढ़ में कंपनी में गार्ड की नौकरी करता था। महाराज सिंह पन्द्रह दिन पूर्व छुट्टी लेकर अपने घर आया था और छुट्टी खत्म होने के बाद वह पांच दिन पूर्व चंडीगढ़ चला गया। वहां डयूटी के दौरान उसे बुखार आया तो वह अगले दिन अपने घर पर आ गया। परिजनों ने जब उसकी हालत देखी तो वह बुखार से तप रहा था। परिजनों ने उघैती में एक डॉक्टर से उसे दवा दिलाई। उसके बाद परिजन महाराज सिंह को मुरादाबाद ले गये। मुरादाबाद में तीन दिन तक उसका इलाज किया गया। परिजनों के अनुसार शुक्रवार को उसकी हालत ज्यादा बिगड़ गयी और रात 12 बजे उसकी मौत हो गयी। महाराज सिंह का शव शनिवार को सुबह गांव लाया गया। शव आते ही पूरा गांव उसके घर पर पहुंच गया। परिजनों की हालत बेहद नाजुक है। पुत्र के गम में मां बाप बेहोशी की हालत में हैं। मृतक की पत्नी अनीता व दो पुत्रियां हैं। मां बाप वेसुध हैं। उन्हे डाक्टर देख रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बुखार के दर्जनों लोग पीड़ित हैं ज्ञात हो तीन दिन पूर्व भी बुखार से एक युवक की मौत हो चुकी है। उसके बाद से गांव में भारी रोष है। बिसौली में तहसील परिसर के निकट रहने वाले नरेश कुमार शर्मा को कई दिन से बुखार था। शुक्रवार को उन्होने जब जांच कराई तो डेंगू की पुष्टि हुई। नरेश ने बताया कि उनके मोहल्ले में दर्जन भर लोग बुखार और मलेरिया से पीड़ित हैं।

### मलेरिया के तीस और डेंगू के निकले दो मरीज

**बदायूं,अमृत विचार :** जिले भर में 14 गांवों में लगाए गए स्वास्थ्य शिविरों में मलेरिया के 30 मरीज सामने आए जिसमें मलेरिया पीवी के 28 और मलेरिया पीएफ के दो मरीज निकले। जबकि दो डेंगू के मरीज निकले हैं। मलेरिया विभाग ने मलेरिया मरीजों को गांवों में ही दवा दी।

# सुहागिनें व्रत रखकर करेंगी पति की सुख समृद्धि की कामना

कार्यालय संवाददाता बदायूं

**अमृत विचार:** अखंड सौभाग्य के लिए महिलाएं रविवार को करवा चौथ का व्रत रखेंगी। शनिवार को शहर के बाजारों में चहल-पहल रही। महिलाओं ने सौन्द्रर्य प्रसाधन सहित त्योहार से संबंधित वस्तुओं की खरीदारी की। बड़ी संख्या में महिलाएं गहनों और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर खरीदारी के लिए पहुंची। उनके द्वारा गहनों के साथ ही साड़ियों की भी खरीदारी की गई। पर्व को लेकर बाजार में काफी भीड़ भाड़ रही। इस दौरान मुख्य बाजार में जाम की स्थिति बनी रही। जिसकी वजह से बाजार आने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

शहर के छह सड़का, लालपुल, मालवीय बाजार, टिकटगंज, सर्राफा बाजार के अलावा अन्य बाजारों में महिलाएं खरीदारी करती हुई नजर आईं। बाजार में आई नई चुनरी, प्रिटेड, डिजाइनर साड़ी, गोटा पट्टी साड़ी, बनारसी साड़ी और सिल्क की साड़ियां महिलाओं की पहली पसंद बनी हुई है। चूना मंडी बाजार में साड़ी विक्रेता राशिद खान ने बताया कि महिलाएं करवा चौथ की खरीदारी करने पहुंच रही हैं। श्रृंगार सामग्री के दुकानदार सुरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि मेहंदी, चूड़ी, बिंदी, डिजाइनर कंगन, नेल पॉलिश, लिपस्टिक, आर्टिफिशियल ज्वेलरी आदि की बिक्री बढ़ गई है।


बाजार में पर्व को लेकर भीड़भाड़ की स्थिति।


बड़ा बाजार स्थित दुकान से साड़ी की खरीदारी करतीं महिलाएं।

### सुहागिनें हाथों पर रचाई मेहंदी

करवा चौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। सुहागिन महिलाओं ने अपने हाथों में मेहंदी रचाना शुरू कर दिया है। इसके अलावा महिलाएं मेहंदी रचाने के लिए ऑनलाइन बुकिंग कर रही हैं। बाजारों में मेहंदी रचाने के लिए अलग से स्टॉल लगाए जा रहे हैं। करवा चौथ का त्योहार रविवार को मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर महिलाओं ने खरीदारी के अलावा अन्य तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। मेहंदी को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है इस कारण महिलाओं में इसका खासा क्रेज रहता है।

### ब्यूटी पार्लर में की गई एडवांस बुकिंग

करवा चौथ त्योहार को लेकर ब्यूटी पार्लरों में एडवांस बुकिंग चल रही है। ब्यूटी पार्लर की संचालक कविता और रेशमा ने बताया कि अब तक 50 से अधिक महिलाएं बुकिंग करा चुकी हैं। करवा चौथ में लगने वाली पूजन सामग्रियों की दुकानें सजी हुई हैं। बाजारों में ठेलों पर करवा, दीये, सीक, चलनी के साथ ही पूजन विधि व कहानी की किताबें बिक रही हैं। इनकी खरीदारी को लोग पहुंच रहे हैं।


बाजार में बिक्री को रखे मिट्टी के करवा और सीकें खरीदती महिलाएं।

## डेढ़ लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा फ्री सिलिडर

**बदायूं,अमृत विचार:** इस दीपावली पर प्रदेश सरकार महिलाओं को फ्री सिलेंडर का लाभ दे रही है। जिले में करीब डेढ़ लाख उपभोक्ताओं को फ्री सिलेंडर का लाभ दिया जाना है। अब तक करीब दस हजार के खाते में सिलेंडर रिफिल कराने के लिए निर्धारित धनराशि पहुंच चुकी है।

जिले में करीब 3.53 उज्जवला गैस कनेक्शन धारक हैं। होली पर करीब 46 हजार उपभोक्ताओं के बैंक खाते में सिलेंडर रिफिल कराने के लिए धनराशि भेजी गई थी। इस बार डेढ़ लाख से अधिक उपभोक्ताओं के बैंक खाते में धनराशि भेजी जानी है। पूर्ति विभाग के अनुसार मुफ्त गैस सिलेंडर का लाभ उन उज्जवला गैस उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। जिनका बैंक खाता ई-केवाईसी के साथ ही आधार से लिंक हो चुका है। अन्य को लाभ नहीं मिल सकेगा। **जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा ने बताया कि :** इस बार करीब डेढ़ को लाभ मिलेगा। अब तक दस हजार के खाते में धनराशि पहुंच चुकी है। जिनके खाते आधार से लिंक नहीं है वह ई केवाईसी कराके लिंक करा लें।

# करवा चौथ के लिए घर आ रहे बदायूं के मजदूर की हादसे में मौत

संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार:** दिल्ली से करवाचौथ त्योहार के लिए घर लौट रहे बदायूं जिले निवासी मजदूर की बाइक जुनावई में छुट्टा पशु आने से डिवाइडर से टकरा गई। जिससे मजदूर की मौत हो गई।


बदायूं जिले के गांव अलापुर निवासी विनोद कुमार 35 वर्ष शुक्रवार को बाइक से करवाचौथ पर दिल्ली से घर लौट रहा था। रात साढ़े 12 बजे विनोद कुमार बाइक लेकर जैसे ही जुनावई थाना क्षेत्र में मेरठ बदायूं मार्ग पर अचानक छुट्टा पशु आ गया। इससे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। मार्ग से गुजर रहे होमगार्ड विजयपाल सिंह ने बाइक के नीचे दबे विनोद को निकाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जेब में निकले पते पर पुलिस ने थाना अलापुर पुलिस से संपर्क कर विनोद के परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे गये हैं।

## स्मार्ट मीटर लगाने को किया गया 21 हजार उपभोक्ताओं का सर्वे, एक हजार 357 लगाए गए स्मार्ट मीटर, 50 टीमें कर रहीं काम

# 4.5 लाख घरों में लगेंगे बिजली के स्मार्ट मीटर, रीडर की नहीं होगी जरूरत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अगले तीन साल में जिले के हर घर में स्मार्ट मीटर लगाकर बिजली दी जाएगी। उपभोक्ता को बिजली उपभोग का पहले भुगतान करना होगा। इससे बिजली चोरी पर अंकुश लग सकेगा। फिलहाल जिले में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए सर्वे किया जा रहा है। 21 हजार उपभोक्ताओं का सर्वे हो चुका है और एक हजार 357 स्मार्ट मीटर



भी लगाए जा चुके हैं। अफसरों का कहना है कि तय समय में हर घर तक स्मार्ट मीटर लगा दिये जाएंगे।

जनपद में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य 20 मई से शुरू किया गया है। स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी के कर्मचारी पहले उपभोक्ताओं के बीच जाकर सर्वे करते हैं जबकि दूसरी टीम उन्हीं उपभोक्ताओं के घर पर स्मार्ट मीटर लगाते हैं। अब तक 21 हजार 676 घरों में सर्वे किया जा चुका है। स्मार्ट मीटर लगाने वाले टीम के सर्किल इंचार्ज विवेक सिंह ने बताया कि जब उपभोक्ता के घर पर स्मार्ट मीटर लगाया जाता है। तभी उस उपभोक्ता का मोबाइल नंबर भी जोड़ा जाता है। मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा उसके बाद एक एप खुल जाएगा। इस एप के जरिए उपभोक्ता को अपने घर की बिजली खपत की जानकारी मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद मीटर रीडर रीडिंग लेने को घर पर नहीं जाएगा। रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर एक से पांच तारीख तक आपका बिजली बिल देखने को मिल जाएगा। स्मार्ट मीटर लगाने को 50 टीमें लगाई गई हैं। तीन साल के अंदर जिले भर के उपभोक्ताओं के प्रत्येक घर पर स्मार्ट मीटर लगाना है।

### मीटर गड़बड़ी की शिकायत नहीं आएगी

स्मार्ट मीटर लगने के बाद विभाग को कई तरह से सुविधा मिलेगी। लोग अपने मोबाइल से घर बैठे बिजली का बिल जमा कर सकेंगे। बिजली के बिलों में गड़बड़ी की शिकायतें नहीं आएगीं। कितनी बिजली की खपत होगी उतना ही बिल आएगा। उपभोक्ता को घर बैठे पूरी जानकारी मोबाइल पर मिलेगी।

> जनपद में करीब साढ़े चार लाख बिजली उपभोक्ता हैं। सभी के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसमें करीब तीन साल का समय दिया गया है। शहरी और कस्बाई उपभोक्ताओं के घरों पर पहले चरण में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। किसी उपभोक्ता से कोई पैसा नहीं लिया जा रहा है। **-अखिलेश कुमार**, अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल

# पुरुषों की कबड्डी स्पर्धा में बदायूं, महिला वर्ग में अमरोहा विजेता

## मुख्य अतिथि एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने ली परेड की ली सलामी, विजेता टीम और खिलाड़ियों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पुलिस परेड ग्राउंड में चल रही पुलिस विभाग की महिला व पुरुष वर्ग की कबड्डी, जिम्नास्टिक, फेंसिंग व खो-खो प्रतियोगिता का तीसरे दिन समापन हो गया। अंतिम दिन अतिथियों के सामने कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच कराया गया। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने परेड की सलामी ली। एसएसपी और एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव ने विजेता टीम और खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अंतिम दिन पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच हुआ। जिसमें बदायूं की टीम ने पीलीभीत की टीम पर 32-20 अंकों से हराकर जीत हासिल की। महिला वर्ग के फाइनल में अमरोहा की टीम ने 30-13 अंकों से बरेली की टीम पर जीत दर्ज की।

पुलिस विभाग की प्रतियोगिता की शुरूआत गुरुवार को हुई थी। तीन दिन तक जोन के नौ जिले बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर और संभल के 150 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। अपनी क्षमता और टीम की एकजुटता का प्रदर्शन किया।

जिम्नास्टिक की प्रतियोगिता में 30 अंकों के साथ बदायूं की टीम विजेता और 10 अंकों के साथ बिजनौर उपविजेता बना। पुरुष वर्ग के खो-खो के मैच में पीलीभीत ने बदायूं की टीम को 17-16 अंकों से हराया। वहीं महिला वर्ग का फाइनल मैच बदायूं और अमरोहा के बीच हुआ। अमरोहा ने 11-7 अंकों से जीत हासिल की। फाइनल मुकाबलों के बाद मुख्य अतिथि एसएसपी ने विजेताओं को सम्मानित किया। कहा कि अन्य कामों के साथ खेलों में प्रतिभाग करना जरूरी है। काम चाहें कोई भी हो, नियमित अभ्यास बहुत जरूरी होता है। रिजर्व पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह, इंद्रजीत सिंह का विशेष सहयोग रहा। निर्णायक मंडल में जिला क्रीड़ाधिकारी अमित रिछारिया, बेसिक शिक्षा विभाग के जिला पीटीआई रामदास यादव, रामअवतार, दीपेश कुमार रहे। पूरी प्रतियोगिता निर्विवाद हुई। समापन सत्र का बेहतर ढंग से संचालन करने वाले रविंद्र मोहन सक्सेना को भी सम्मानित किया गया।

- **गुरुवार को शुरू हुई थी प्रतियोगिताएं, तीन दिन के बाद शुक्रवार को हुआ समापन**



कबड्डी प्रतियोगिता में जीतने वाली बदायूं की टीम को सम्मानित करते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार



कबड्डी में फाइनल मैच जीतने वाली अमरोहा की महिला टीम। ● अमृत विचार



कबड्डी के फाइनल मैच में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार



समापन सत्र का संचालन करने वाले रविंद्र मोहन सक्सेना को भी किया गया सम्मानित।

## ई-रिक्शा की टक्कर से किसान की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** खेत से अपने घर पैदल लौट रहे किसान को ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी थी। किसान का इलाज चल रहा था। छह दिन इलाज के बाद शनिवार सुबह किसान की मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

कस्बा उसहैत के वार्ड एक निवासी मैकूलाल (60) 13 अक्टूबर को खेत पर फसल देखकर लौट रहे थे।

रास्ते में बैंक की शाखा के सामने पीछे से आए ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी थी। मैकूलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायल को जिला अस्पताल ले गए। शनिवार सुबह मैकूलाल ने दम तोड़ दिया।

## दो भाइयों को तीन साल की सजा

**बदायूं, अमृत विचार :** लगभग 14 साल पहले कांता मारकर चोटे पहुंचाने के आरोपी दो भाइयों को अपर सत्र न्यायाधीश सौरभ सक्सेना ने दोषी करार देते तीन साल का कारावास और दस-दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव नदोलिया निवासी सुरेंद्र ने थाना बिनावर पुलिस को 31 अगस्त 2010 को तहरीर देकर बताया था कि उस दिन सुबह लगभग आठ बजे उनके चाचा धर्मपाल गांव में पुलिया के पास बैठकर अखबार पढ़ रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी ही नन्हे पुत्र चेतराम कांता (गेहूं काटने वाला) लेकर आया। उसके साथ आए उसके भाई विशनपाल ने धर्मपाल को पकड़ा। चेतराम ने धर्मपाल के माथे पर कांता मारा। शनिवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद दोनों भाइयों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाईसेंन्स UP25 2014005842 में मेरा नाम VIABHAV SHUKLA पुत्र LATE AVDHESH KUMAR SHUKLA त्रुटिवश लिख गया है जोकि गलत है जबकि मेरा सही नाम VAIBHAV SHUKLA पुत्र LATE AVADESH KUMAR SHUKLA है। **VAIBHAV SHUKLA पुत्र LATE AVADESH KUMAR SHUKLA निवासी 218, बिहारीपुर खत्रियान, बरेली (उ.प्र.)**

**Notice**
No.JC850124-M Rank Sub Name Vinay Kumar S/o Brejesh Kumar Shyam Vihar Colony Agra Road Etah Declare that in my Service record My son name Veney Kumar Mentioned erroneously correct name my son is Vinay Kumar as per Aadhar Card.

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नवीउद्दीन व पुत्रवधु साजना को गलत संगत/चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा। **हसीना बेगम पत्नी स्व. नसरूद्दीन निवासी ठिरिया खेतल थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली।**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र भानु प्रताप सिंह को उसके गलत आचरण एवं चाल-चलन के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **शशी राघव पत्नी ओमकार सिंह नि. पचदौरा दोहरिया भोजीपुरा, बरेली**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम सम्भव था अब मैंने अपना नाम बदलकर सम्भव कुमार कर लिया है। भविष्य में मुझे सम्भव कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाये। **सम्भव कुमार पुत्र रोहित कुमार A2/2 जाटवपुरा, प्रेम नगर, बरेली**

**सूचना**
मेरी पुत्री स्नेहा गौतम ने मेरी बिना इच्छा के अपनी मर्जी से राहुल सागर से प्रेम विवाह कर लिया है इस कारणवश मैंने अपनी पुत्री स्नेहा गौतम को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **ज्ञानेन्द्र सिंह पुत्र श्री राघवेन्द्र सिंह नि. तिरूपतिधाम विस्तार कालोनी, निकट करगैना चौकी, बदायूं रोड, बरेली**

**गीता मल्टी स्पेशिलिटी अस्पताल**
**पायनियर इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी**
पड़ौली, भुता, बरेली
**आवश्यकता है**
स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स, EMO, वार्ड ब्वाय, नर्सिंग स्टाफ, स्वीपर की।
साक्षात्कार के लिए 21 अक्टूबर को दो बजे से संपर्क करें।
मो. 9520665542, 7505065046

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# क्लर्क से टप्पेबाजी, असली लेकर टप्पेबाजों ने थमाए नकली जेवर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **शनिवार सुबह कॉलेज जाते समय ई-रिक्शा रुकवाकर दो युवकों ने दिया घटना को अंजाम**

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला डिग्री कॉलेज की क्लर्क से दो युवकों ने अजीब तरह की टप्पेबाजी की। शनिवार सुबह वह ई-रिक्शा पर बैठकर कॉलेज जा रही थीं। रास्ते में युवकों ने उन्हें रोका। खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए बहाने से क्लर्क की पहनी सोने की चार चूड़ियां और अंगूठी उतरवा ली। सफेद रंग के कागज में जेवर रखवाए और नकली जेवर देकर भाग गए। टप्पेबाजी के बारे में पता चलने पर क्लर्क ने परिजन और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है।

मोहल्ला कृष्णापुरी निवासी प्रियंका गिंदो देवी महिला महाविद्यालय में तैनात हैं। शनिवार सुबह लगभग 10 बजे वह ई-रिक्शा में बैठकर कॉलेज जा रही थीं। रास्ते में मोहल्ला पटियाला पहुंचीं। खाकी रंग की पैंट पहने दो युवकों ने ई-रिक्शा रुकवा लिया। दोनों ने अपना आई कार्ड दिखाते हुए खुद को पुलिस वाला बताया। कहा कि त्यौहारी सीजन में बाजार में ज्यादा भीड़ होने की वजह से वह घूमकर ड्यूटी कर रहे हैं। बाजार में भीड़ ज्यादा है। ऐसे में वह जेवर पहनकर क्यों जा रही हैं। ज्यादा जेवर पहनेंगी तो जुर्माना भी लग सकता है। युवकों ने क्लर्क को एक कागज दिया। कहा कि अपने जेवर कागज में रख लो। क्लर्क उनकी बातों में आ गई और अपने जेवर उतारकर कागज में रख दिए। जेवर रखा कागज युवकों ने ले लिया। फिर सुरक्षा की बातें कहते रहे।

कुछ समय के बाद दूसरा कागज क्लर्क को थमा दिया और वहां से चले गए। क्लर्क को लगा कि वही कागज है तो जेवर भी होंगे। क्लर्क ने कागज खोलकर देखा तो उसमें नकली जेवर थे। क्लर्क के अनुसार दोनों युवक लगभग डेढ़ लाख रुपये की चार चूड़ियां और दो अंगूठी ले गए हैं। सदर कोवताल राकेश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। जिसमें आरोपी कैद हो गए हैं। उन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

पिछले दिनों भी एक टप्पेबाज ने इसी तरह की ठगी की थी। उन्होंने कागज में रुपये रखवा लिये थे।

# तहसील दिवस में नहीं पहुंचे एक्सईएन, डीएम ने रोका वेतन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शनिवार को बिसौली तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। जिसमें अधिशासी अभियंता जल निगम अनुपस्थित रहे। जिस पर डीएम ने उनके वेतन पर रोक लगा दी। साथ ही गांव में सफाई करने न पहुंचने वाले सफाई कर्मचारी का भी वेतन रोक दिया। वहीं एक गांव में प्रधान और सचिव द्वारा सीसीरोड निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग करने की शिकायत पर जांच के आदेश दिए हैं। इसके अलावा डीएम ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करने के साथ ही नवजात बच्चों को अन्नप्राशन कराया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 40 शिकायतें हुई। जिसमें 05 का मौके पर निस्तारण किया गया।

ब्लॉक आसफपुर के ग्राम जलालपुर निवासी हरपाल ने शिकायती देकर डीएम निधि श्रीवास्तव को बताया कि उनके गांव में सीसी रोड निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसमें पहले खड़ंजा था। इसकी सारी पुरानी ईंट ग्राम प्रधान द्वारा उखाड़ कर अपने व्यक्तिगत कार्य में प्रयोग कर ली गई है। नाली निर्माण कार्य भी गुणवत्तापरक ढंग से नहीं हो रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार को जांच करने के आदेश कर दिए। ब्लॉक वजीरगंज के नेत्रहीन व दिव्यांग व्यक्ति अजीत सिंह ने ग्राम समाज की जमीन पर पट्टा आवंटन के लिए मांग की। डीएम ने तहसीलदार बिसौली को जांच उपरांत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए।

ब्लॉक बसौली के ग्राम पंचायत मुड़िया सतासी के ग्राम प्रधान अवधेश कुमार ने डीएम को बताया कि उनके गांव में सफाई कर्मचारी गत एक वर्ष से नहीं आ रहा है। उसने प्राइवेट व्यक्ति सफाई के लिए गांव में रखा है। डीएम ने सफाई कर्मचारी को वेतन रोकने के आदेश डीपीआरओ को दिए।



शिकायतों का निस्तारण करती डीएम निधि श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

### बिल्सी में 16 में से एक भी शिकायत का नहीं हुआ निस्तारण



**बिल्सी, अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम एफआर वैभव शर्मा ने जनता की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों की समीक्षा भी की। इस दौरान यहां 16 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। सभी शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित करते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में पांच अधिकारी गैरहाजिर रहे। जिनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस मौके पर एसडीएम रिपुदमन सिंह, तहसीलदार राहुल कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार मोहित कुमार, जेई दिनेश कुमार, पूर्ति निरीक्षक धीरज कुमार गुप्ता, बीईओ गौतम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### विधायक ने सुनी शिकायतें, पांच का निस्तारण



**दातागंज, अमृत विचार :** तहसील परिसर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस विधायक राजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें 56 शिकायतें आई। पांच शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। शनिवार को आयोजित तहसील दिवस में गांव शेरपुर के कोटेदार पर राशन कम देने का आरोप लगाया है ग्रामीणों ने कहा कि कोटेदार दबंग है इसलिए प्रतिमाह कम राशन देता है। विधायक ने एसडीएम से कोटेदार की जांच कर कार्रवाही करने के निर्देश दिये। इसके अलावा ब्लाक समरेर के पैरहा, सैजनियां, कमां, विछलिया, लहरोड़ा लहरोड़ी, जयपालपुर धनौरा, आदि के ग्रामीणों ने तहसील में धान की खराब फसल के बीज को लेकर शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि दुकानदार से धान का 1087 बीज दुकानदार से खरीदा था। उक्त धान का बीज खराब निकला। पूरी फसल बर्बाद हो गयी। ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक ने कृषि अधिकारी को दुकानदार एवं कंपनी के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये।

### रुपए लेने के बाद भी लेखपाल ने नहीं की दाखिल खारिज

**कुंवर गांव, अमृत विचार :** शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एक किसान ने लेखपाल की शिकायत करते हुए कहा कि उससे दाखिल खारिज करने के दस हजार रुपए लेखपाल ने ले लिया फिर भी दाखिल खारिज नहीं की। क्षेत्र के ग्राम खासपुर निवासी किसान भूरे ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसने डेढ़ साल पूर्व एक खेत का दाखिल खारिज कराने के लेखपाल की मांग पर दस हजार रुपए दिए। लेकिन लेखपाल ने दाखिल खारिज नहीं की। अब लेखपाल ने दाखिल खारिज करने से मना कर दिया है। संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों ने किसान की शिकायत को गंभीरता से लिया है। उसे कार्यवाही का भरोसा दिया गया है। इस संबंध लेखपाल बृजेश यादव का कहना है कि आरोप निराधार हैं। किसी कारणवश दाखिल खारिज नहीं हो सका है। कोर्ट में वाद चल रहा है।

# छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, कुंवर गांव

- **मिशन शक्ति के तहत कालेज में छात्राओं को किया जागरूक**
- **छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की जानकारीदी**

**अमृत विचार :** शहर के बीआरबी इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने छात्राओं को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। आत्म सुरक्षा के लिए किस तरह बचाव किया जाए इस पर पुलिस ने छात्राओं को जागरूक किया।

शनिवार को बीआरबी इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। थाना सिविल लाइन पुलिस ने सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

पुलिस ने छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की जानकारी देकर उन्हें जागरुक किया। बताया कि महिला साइबर सेल, नारी शक्ति वंदन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, नारी शक्ति को सुदृढ़ एवं मजबूत बनाने हेतु नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन आदि योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। छात्राओं को पुलिस के हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देने के साथ उन्हें सम्मान और सुरक्षा की भी जानकारी दी।

प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने छात्राओं को जागरूक करते हुए आत्म रक्षा के लिए पुलिस की मदद लेने की बात कही। इस मौके पर नवादा पुलिस चौकी के उपनिरीक्षक सुमित चौधरी, हेड कांस्टेबल एजाज अहमद, कांस्टेबल रिंकू छोकर, महिला हेड कांस्टेबल शांति गुप्ता, शशि, महिला पीआरडी विनीता द्वारा स्कूली बच्चों को जागरूक किया। छात्राओं को बताया कि मुसीबत में पड़ने पर पुलिस के हेल्पलाइन नंबर का प्रयोग जरूर करें।



मिशन शक्ति द्वारा छात्राओं को जागरूक करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# दार्शनिक क्षेत्र में विश्वप्रतिष्ठ है भारत



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

राजनीति को सामाजिक परिवर्तन का काम भी करना चाहिए। जाति की विभाजनकारी शक्ति के विरुद्ध जनअभियान चाहिए। संविधान निर्माताओं ने जाति, लिंग या धर्म के आधार पर विभेद का निषेध किया है बावजूद इसके उत्पीड़न या प्रतिष्ठा जैसे सभी अवसरों पर जाति की पहचान आगे चलती है।

हम असीम अस्तित्व के अंग हैं। इसलिए लघु से महत होने की संभावनाएं भी हैं। हम शरीरधारी हैं। हमारी पहली सीमा शरीर है। इससे संबंधित बड़ी सीमा परिवार है। परिवार के बाद बड़ी संस्था है समाज। परिवार तक ही सीमित रहे तो समाज से अलग रहते हैं। यूरोप और अमेरिकी समाज परिवार से भी पहले वाली सीमा में हैं। वे व्यक्तिवादी हैं। भारत में परिवार और समाज से राष्ट्रभाव का विकास हुआ है। भारतीय पूर्वज राष्ट्र की सीमा के बाहर भी आत्मीय रूप में संवेदनशील थे। 'वसुधैव कुटुंबकम्' की अनुभूति भारतीय चिंतन से ही निकली है। इसके बाद आकाश, सौरमंडल और फिर असीम ब्रह्म विस्तार का आच्छादन। यहां इकाई अनंत हो गई है। मैं इन पंक्तियों का लेखक भारतीय समाज की जाति सच्चाई के अनुसार ब्राह्मण जाति का हूं। जाति सीमा को तोड़कर बाहर आऊं तो मानव समाज का हिस्सा हूं। हम इसे और गहरे अनुभव करते हैं तो मैं विश्व मानवता का सदस्य। इसे और फैलाता हूं तो प्रकृति का भाग हूं। अब मैं कीट, पतिंग और वनस्पति जगत का भी सहोदर हूं। मैं अन्ततः ब्रह्माण्ड का हिस्सा हूं।

संपूर्णता पूर्ण है। पूर्ण में पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है। सम्पूर्णता आनंदित करती है। संसार का ज्ञान जरूरी है, लेकिन हम स्वयं से पूरा परिचित नहीं हैं। आखिरकार हम हैं कौन? प्रश्न का उत्तर आसान नहीं है। हम ही प्रश्नकर्ता हैं और हम उत्तरदाता। मोटे तौर पर हम सबका उत्तर होगा कि हम मनुष्य हैं। मनुष्य का अर्थ है मनु के। मनु का उल्लेख ऋग्वेद में है, अथर्ववेद में भी है। दर्शन अनुभूति में हम चेतन हैं। लोकव्यवहार में हम भारतीय अमेरिकी या जापानी वगैरह भी हैं। हम विराट प्रकृति का अंग हैं। आस्तिकता के कारण हम जरथुस्त्र, ईशा, इस्लाम या भारतीय धर्म के अंग हैं। हमारे बहिरंग परिचय के अनेक रूप हैं। हम पिता हैं, पुत्र हैं। अनेक रिश्तों के बंधन में हैं। अनेक परिचय हैं हमारे। हम किसी न किसी जाति के भी हैं और जाति में होने का कारण हमारा किसी समूह विशेष में जन्म लेना ही है, लेकिन भारत में जातियां सामाजिक यथार्थ हैं। वे न होतीं तो अच्छा होता। जातियां सामाजिक एकता में बाधक हैं। जाति सामाजिक सच्चाई है। जातियां जन्मना हैं। कोई भी व्यक्ति स्वयं अपनी जाति नहीं चुन सकता। इनका ढांचा सोपान क्रम में है। इसके शीर्ष वाली जातियों का सम्मान रहा है। सीढ़ी में निचली जातियां काफी लंबे समय से सामाजिक सम्मान से भी वंचित रही हैं। डॉ.आंबेडकर ने कोलम्बिया विश्वविद्यालय (1916) में "जातियों की उत्पत्ति और संरचना" पर शोध प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था "प्रत्येक समाज में भिन्न-भिन्न वर्ग होते हैं। बौद्धिक आर्थिक या अन्य कारणों से बने वर्ग अपना अस्तित्व भी रखते हैं। भारत में भी ऐसे ही वर्ग रहे होंगे। पुरानी भारतीय वर्ण व्यवस्था को कर्मश्रम आधारित वर्ग कहा जा सकता है। पहले वर्ण जन्मना नहीं थे। वर्ग भी जन्मना नहीं होते। डॉ. आंबेडकर ने कहा कि, "किसी समय किसी एक वर्ग वर्ण ने अपने ही वर्ण वर्ग में विवाह करने का बंधन लगाया होगा।" वे कहते हैं "जाति के उद्भव के अध्ययन से हमें इस प्रश्न का उत्तर मिलना चाहिए कि वह वर्ग कौन सा था, जिसने अपने लिए बाड़ा खड़ा किया। मैं इसका प्रत्यक्ष नहीं अप्रत्यक्ष उत्तर ही दे सकता हूं। हिन्दू समाज में कुछ प्रथाएं सर्वव्यापी थीं। अपने समस्त प्रतिबंधों के साथ वे ब्राह्मणों में थीं। ब्राह्मण वर्ग ने स्वयं की घेराबंदी जाति रूप में क्यों की? यह एक भिन्न प्रश्न है?" प्रश्न उचित है। ऋग्वैदिक काल में जाति वर्ण नहीं थे। उत्तर वैदिक काल में वर्ण हैं। वर्ण जन्मना नहीं थे। इसलिए जाति नहीं थी। जाति की जन्मतिथि खोजना असंभव है। जाति बंधन मजबूत है।

ब्राह्मणों पर जाति प्रथा लागू करने के आरोप अक्सर लगाए जाते हैं। डॉ. आंबेडकर ने इसी शोध में कहा था, "जाति व्यवस्था का प्रसार और विकास एक विशाल कार्य था। ब्राह्मण अनेक गलतियां करने के दोषी रहे हों, कह सकता हूं कि वे ऐसे थे, लेकिन जाति व्यवस्था को गैर ब्राह्मणों पर लाद सकने की क्षमता उनमें नहीं थी।" सही बात है। कोई शक्तिशाली राजव्यवस्था भी अपने शासित लोगों के बड़े वर्ग समूह को जन्मना किसी जाति में ही रहने के लिए विवश नहीं कर सकती। जाति का उद्भव पूर्वजों के अचेत कर्म का परिणाम है। सामाजिक परिवर्तन की निरंतरता में जन्मना जातियां बनी, लेकिन हमारे सचेत पूर्वजों ने जाति समाप्ति के लिए अथक श्रम भी किए। गांधी, डॉ. आंबेडकर, डॉ. हेडगेवार, डॉ. लोहिया, ज्योतिबा फुले और विवेकानंद दयानंद ने भी जातिभेद के विरोध में नवजागरण किया। इस श्रम के बावजूद कतिपय लोगों ने दलित जातियों को जब कब भिन्न नस्ल भी बताया। डरबन में अगस्त 2001 में "नस्लवाद, नस्ली भेदभाव और असहिष्णुता" पर विश्व कांग्रेस का आयोजन था। भारत के कुछेक लोगों ने उस वक्त दलितों को अलग नस्ल बताया था, लेकिन डॉ. आंबेडकर ने दलितों को कभी भी अलग नस्ल नहीं माना था। उन्हें उम्मीद थी कि जातियां खत्म हो होंगी। लिखा था "जाति का चलते रहना असंभव है। ऐसा कार्य दिक्कतों से भरा है।" सामाजिक न्याय अनिवार्य है। सामाजिक न्याय की दिशा में बेशक भारत का काम आगे बढ़ा है। जाति की अस्मिता ज्यादा दिन नहीं चल सकती है। राजनीति को सामाजिक परिवर्तन का काम भी करना चाहिए। जाति की विभाजनकारी शक्ति के विरुद्ध जनअभियान चाहिए। संविधान निर्माताओं ने जाति, लिंग या धर्म के आधार पर विभेद का निषेध किया है बावजूद इसके उत्पीड़न या प्रतिष्ठा जैसे सभी अवसरों पर जाति की पहचान आगे चलती है। अपने जिले या राज्य क्षेत्र में किसी के भी प्रतिष्ठित होते ही जाति के प्रश्न उठ जाते हैं। अनुसूचित या अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिष्ठित होने वाले लोग आशावाद भी जगाते हैं। वे वंचित निराश लोगों की प्रेरणा भी बनते हैं। दलित या अन्य पिछड़ा वर्ग होने के बावजूद कोई प्रतिष्ठा का आकाश छू रहा है तो उसी वर्ग के सामान्यजन भी ऐसा क्यों नहीं कर सकते?

जाति का कोई औचित्य नहीं है। भारत को जातिभेदविहीन समाज बनाना होगा। "सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय" भारतीय संविधान की उद्देशिका के मूल तत्व है। राजनैतिक न्याय ने मताधिकार दिया है। सरकारें विधायिका के प्रति जवाबदेह हैं। प्रशासन उत्तरदायी नहीं है। वंचित वर्गों के लिए बहुत सारा नीति निर्माण हुआ है तो भी प्रशासनिक संवेदनहीनता के चलते सामाजिक न्याय दूर है। दार्शनिक क्षेत्र में भारत विश्वप्रतिष्ठ है। यहां कण-कण में परमात्मा की बातें कही जाती हैं, लेकिन जन जन में जाति है और जाति भेद भी है। जाति की चर्चा से बचा नहीं जा सकता। सामाजिक यथार्थ को स्वीकार करना चाहिए। एकात्मवादी विचार आदर्श है। इस विचार के लिए विमर्श भी जरूरी है। परंपरा के साथ विज्ञान और जाति मुक्त चिन्तन के साथ जाति समूहों का व्यथा चिन्तन भी होना चाहिए। जाति अतिक्रमण का यही मार्ग है। यह काम सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और धर्मगुरूओं को भी करना चाहिए।

# क्या प्रतीक बदले तो न्याय सुधरेगा



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

अचरज होता है कि भारत के न्यायतंत्र के आधुनिकीकरण पर! वरना जब अमेरिका जन्मा नहीं था, ब्रिटिश जनता वल्कल वस्त्र पहनती थी, मिस्र, यूनान और चीन अभी पिछड़े ही थे तब भारत में मनु, याज्ञवल्क्य, कात्यायन, बृहस्पति आदि प्रचुरता में न्यायिक ग्रंथ लिख गए थे। मगर अब अमृतकाल में प्रधान न्यायाधीश धनंजय चंद्रचूड़ को इल्हाम हुआ कि सर्वोच्च न्यायालय के प्रतीकों का आधुनिकीकरण होना चाहिए।

न्यायशास्त्र का अध्ययन करते समय मुझे भी अचरज ही होता था कि पुरातन अध्ययन के आधुनिकीकरण का मुहूर्त कब आएगा? कानून के सामने सभी समान हैं, यह तो ध्रुव सत्य है। इसीलिए हैरानी होती है कि समतामूलक भारत को इसे लागू करने में इतना अरसा क्यों हुआ? ब्रिटिश साम्राज्यवादी धुरंधर विधिवेत्ता भी रहे। वे भी जागने में काफी पिछड़ गए। मसलन एक सर्वमान्य नियम है कि कानून कभी विषमता नहीं करता। फिर भी गोस्वामी तुलसीदास सदियों पूर्व लिख गए कि "समरथ को नहीं दोष गोसाई।" क्लेशदायी बात यह भी रही कि भारतीय महाद्वीप में भी ऐसी ही नाइंसाफी पनपती रही। लोग डॉ. भीमराव आंबेडकर की बड़ी श्लाघा करते हैं? तो क्या इस दलित पुरोधा ने संविधान में सवर्णों के साथ धोखा नहीं किया? विभाजित भारतीय उपमहाद्वीप के राजनेता और स्वाधीनता सेनानी लोग अधिकांश विधिवेत्ता ही रहे। राजेंद्र प्रसाद, नेहरू, मोहम्मद अली जिन्ना आदि मगर इन सभी ने बिखरे समाज को ही पनपाया। नेहरू तो अत्यधिक पक्षपाती रहे मुसलमानों के। मुसलमानों की अनगिनत स्त्री-सुख निर्बाध मिले। हिंदू के साथ तो अर्धांगिनी एकल ही। अंततः नरेंद्र मोदी ने एक नर का नारी वाला युगल कराया। विधिवादी दार्शनिक गुआन झोंग (720-645 ईसा पूर्व) ने घोषणा की कि "राजा और उसकी प्रजा चाहे कितनी भी बड़ी या छोटी क्यों न हो, कानून का पालन करना महान व्यवस्था होगी"। बाइबल कहती है कि "तुम और परदेशी प्रभु के सामने एक समान होंगेः तुम पर और तुम्हारे बीच रहने वाले परदेशी पर एक ही नियम लागू होंगे।" अमेरिका के नेब्रास्का राज्य ने 1867 में "कानून के समक्ष समानता" के आदर्श वाक्य को अपनाया। यह राज्य के झंडे और राज्य की मुहर दोनों पर दिखाई देता है।

इस आदर्श वाक्य को नेब्रास्का में अश्वेत लोगों और महिलाओं के लिए राजनीतिक और नागरिक अधिकारों का प्रतीक बनाने के लिए चुना गया था, विशेष रूप से नेब्रास्का की गुलामी की अस्वीकृति। दक्षिण अफ्रीकी स्वतंत्रता चार्टर 1955 में अपनाए गए की पांचवीं मांग रही, "कानून के समक्ष सभी समान होंगे!" याद रहे मिस्र ने विश्व न्यायतंत्र को तराजू दिया। यह न्याय की प्रतीक है। संतुलन का भी। यूनानी सभ्यता से न्याय की देवी यूरोप और अमेरिका पहुंची। इसे भारत ब्रिटेन के एक अफसर लेकर आए थे, 17 वीं सदी में ब्रिटिश काल में 18 वीं शताब्दी के दौरान न्याय की देवी की मूर्ति का सार्वजनिक इस्तेमाल किया जाने लगा। भारत की आजादी के बाद न्याय की देवी को उसके प्रतीकों के साथ भारतीय लोकतंत्र में स्वीकार किया गया। अलग-अलग देशों में न्याय की देवी कुछ अलग-अलग रूपों में देखने को मिलती हैं। लेडी जस्टिस की मूर्ति आमतौर पर एक खड़ी या बैठी हुई महिला के रूप में होती है। वह आम तौर पर नंगे पैर होती है और उसके बाल या तो उसके कंधों तक लटकते हुए होते हैं या फिर बंधे होते हैं। कहीं-कहीं उसके बाल सिर के चारों ओर फैले हुए होते हैं। वह एक हाथ में तराजू और दूसरे में तलवार रखती है। आमतौर पर तराजू बाएं हाथ में और तलवार दाएं हाथ में होती है। करीब सभी जगह उसकी आंखों पर पट्टी बंधी होती है। फिलहाल हर परिवर्तन केवल प्रतीकात्मक होता है। जब तक मानव न्यायप्रिय नहीं बनता समाज अत्याचारी रहेगा, क्योंकि समाज का आधार ही शक्तिपूजा और निरंकुशता रहेगी।

# देशज पसमांदा और सामाजिक न्याय की अभिकल्पना



डॉ. फैयाज अहमद फैजी
वरिष्ठ लेखक

भारत के मुस्लिम अशराफ शासन काल में भी नस्लीय और जातीय भेदभाव आम था। अकबर ने तो यह शासनादेश जारी किया था कि नीची जाति के लोगों को शिक्षा प्राप्त करने से रोक दिया जाए, क्योंकि इन जातियों से फसाद बरपा होता है।

हरियाणा चुनाव के ठीक बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मुस्लिम समाज की जातियों का उल्लेख कर पसमांदा और अशराफ के विभेद को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। अब यहां एक प्रश्न उठता है कि क्या मुस्लिम समाज एक समरूप इकाई है जैसा कि अशराफ वर्ग, सेकुलर और लिबरल बुद्धिजीवियों के नॉरेटिव में गढ़ा गया है। सत्य इसके ठीक विपरीत है। मुस्लिम समाज स्पष्ट रूप से विदेशी अशराफ (शासक वर्गीय उच्च वर्ग) और देशज पसमांदा (मुस्लिम धर्मावलम्बी आदिवासी, दलित और पिछड़े) समाज में न सिर्फ बंटा हुआ है, बल्कि ऊंच-नीच, भेदभाव नस्ली अस्मिता से भरा पड़ा है। न सिर्फ भारत बल्कि अरब देशों में भी मुस्लिम समाज में नस्लवाद और जातिवाद लगभग सभी रूपों में पाया जाता है।

इराक के पूर्व राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन की गिरफ्तारी के बाद निकाबत विभाग के प्रमुख द्वारा यह बयान जारी किया गया कि लजनतुल अंसाब (नस्ल जांच समिति) के अनुसार सद्दाम हुसैन के सैयद होने का दावा बिल्कुल गलत है। आखिर ऐसी क्या मजबूरी थी कि सदर सद्दाम हुसैन को अपनी जाति सैयद बनाने की जरूरत पड़ गई। इसको बड़ी आसानी से समझा जा सकता है। जिसे उनके अवसान के बाद निरस्त कर दिया गया। अरब देशों में सर्वोच्च खलीफा का पद उच्च वर्गीय अशराफों के लिए इस्लाम धर्म की उत्पत्ति से ही आरक्षित है। इस्लामिक विद्वानों द्वारा समय-समय पर इस शासन कि मजहबी वैधता पर अक्सर सवाल उठाते देखा सुना जाता रहा है। ईरान राज्य का सर्वोच्च (सरकारी एवं मजहबी) रहनुमा का पद सदैव सैय्यद वंश के लिए आरक्षित रहता है। सिर्फ सैय्यद जाति के लोगों को ही काला इमामा (पगड़ी) पहने का विशेषाधिकार है। भारत के मुस्लिम अशराफ शासन काल में भी नस्लीय और जातीय भेदभाव आम था। अकबर ने तो यह शासनादेश जारी किया था कि नीची जाति के लोगों को शिक्षा प्राप्त करने से रोक दिया जाए, क्योंकि इन जातियों से फसाद बरपा होता है। पूरे मुस्लिम अशराफ शासन काल में सैय्यद जाति को विशेषाधिकार प्राप्त था और उन्हें मृत्यु दण्ड नही दिया जाता था। ग्यासुद्दीन तुगलक और मुहम्मद बिन तुगलक का शासनकाल इसका अपवाद था। यही कारण था कि उस समय के अशराफ मौलवियों और अमीरों द्वारा उसे समय-समय पर मानसिक रोगी साबित करने की चेष्टा किया करते थे। भारत में आज भी प्रचलित इस्लामी शरिया कानून में शादी-विवाह के कानून में कुफु नामक सिद्धांत के अंतर्गत नस्लीय और जातिगत भेदभाव को वैधता प्राप्त है। अरब ईरान समेत दुनिया के किसी भी मुस्लिम देश में ऐसी सामाजिक न्याय का मिसाल ढूंढे नहीं मिलता। इन सबके बाबजूद मुस्लिम समाज में व्याप्त जातिगत और नस्लीय भेदभाव को अशराफ, सेक्युलर लिबरल बुद्धिजीवियों की तरफ से नकारा ही जाता रहा है। उस पर पर्दा डालने की व्यापक कोशिश की जाती रही है। हद तो तब हो गई जब सच्चर कमेटी की इस बात को कि दलित मुस्लिमों की हालत हिन्दू दलितों से भी बदतर है।

अशराफ, सेक्युलर लिबरल बुद्धिजीवी वर्गों ने भ्रम फैलाते हुए कहना शुरू किया कि सारे मुस्लिमों की स्थिति दलितों से भी बदतर है। जब मुस्लिम समाज समरूप इकाई नहीं है और यहां भी न सिर्फ सामाजिक, बल्कि धार्मिक आधार पर भी मुस्लिम समाज जातियों एवं जनजातियों में बटा हुआ है,जहां बन गुजर, भील, सेपिया, बकरबाल, सिद्धी जैसे आदिवासी, मिरासी, मेहतर, नट, धोबी, जैसी दलित और धूनिया, कुजड़ा, कसाई, डफाली, तेली, कोरी जैसी पिछड़ी जातियां हैं तो फिर कांग्रेस, सेकुलर पार्टियों या सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाली, दलित और मूलनिवासी की राजनीति करने वाली, राजनीतिक पार्टियों ने इससे अपने आपको क्यों अलग ही रखा? बाकी पार्टियों ने तो यदा-कदा ही सही इस पर बात की है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने सदैव ही इससे अनभिज्ञता का ही व्यवहार किया है। देशज पसमंदा आंदोलन के साथ-साथ शायद प्रधानमंत्री की भी यही पीड़ा है, जिसे उन्होंने अपने उद्बोधन स्पष्ट रूप से कहा है। पसमांदा उत्थान की बात तो बहुत दूर की है कांग्रेस ने कभी पसमांदा शब्द का प्रयोग करना भी गवारा नहीं किया। कांग्रेस सदैव मुस्लिम अशराफ तुष्टिकरण की नीति पर ही चलती रही है। अशराफ सदैव मुस्लिम एकता का राग अलापता है। वह यह जानता है कि जब भी मुस्लिम एकता बनेगी तो अशराफ ही उसका लीडर बनेगा। यह एकता उन्हें अल्पसंख्यक से बहुसंख्यक बनाती है, जिसकी वजह से अशराफ को इज्जत, शोहरत, पद और संसद विधान सभाओं में सम्मानजनक स्थान मिलता है।

दूसरी ओर ये लोग मुस्लिम समाज में सामाजिक न्याय के लिए संघर्षरत पसमांदा कार्यकर्ताओं पर कौम के बंटवारे का आरोप लगाकर उन्हें यहूदी, आरएसएस/भाजपा का एजेंट कहकर कलंकित करने का प्रयास कर मुस्लिम समाज में सामाजिक न्याय की स्थापना में बाधा उत्पन्न करते रहें हैं। इसलिए पसमांदा आंदोलन की यह प्रथम मांग रही है कि मुसलमानों द्वारा मुसलमान एवं अल्पसंख्यक नाम पर चलने वाली सभी संस्थाओं में पसमांदा को संविधान प्रदत्त उनका एसी, एसटी और ओबीसी केटेगरी का कोटा निर्धारित कर आरक्षण की व्यवस्था कर सामाजिक न्याय स्थापित किया जाए। भारतीय बुद्धिजीवियों को, मीडिया को, सरकार में बैठे लोगों को, विपक्ष को और सामाजिक कार्यकर्ताओं को मुस्लिम समाज के नस्लीय और जातिगत स्तरीकरण को ध्यान में रखते हुए सिर्फ मुस्लिम प्रतिनिधित्व की बात नहीं, बल्कि उसके अंदर मौजूद आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग के भागेदारी की बात करनी चाहिए और केंद्र व राज्य सरकारों को भी इस ओर ध्यान देना चाहिए और अल्पसंख्यक व मुस्लिम समाज के लिए बनने वाली नीतियों पर पुनः विचार कर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करना चाहिए।

# पूजा और परस्त्री गमन



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

ऋषि को गंगा जी ने षड्यंत्र बता दिया, तो वे उल्टे पांव वापस आ गए और दुष्कृत्य कर्ताओं को मौके पर पा लिया। सबको अलग-अलग शाप दे दिया। चंद्रमा को मुख पर दाग हो जाने और राहु/केतु द्वारा ग्रहण लगने का शाप दिया।

सुहागिनों का व्रत करवाचौथ उपस्थित है। वे दिन भर व्रत रखकर चंद्रोदय पर व्रत खोलती हैं। यह व्रत वे अपने पति की दीर्घायु के उद्देश्य से करती हैं। अपने ग्रंथों में सूर्य और चंद्र देवता मान्य हैं। व्रत उपवास तो दैहिक शुद्धिकारक होते ही हैं, इसमें दो राय नहीं है, किंतु लगता है समाज में नारी अस्मिता से छेड़छाड़ करने पर दोहरे मानदंड अपनाए गए हैं। एक तरफ तो रावण का उदाहरण है, जिसने सीताजी का हरण तो किया था, किंतु उनकी अस्मिता और शालीनता को आंच नहीं आने दी, तथापि उसके कुल का समूल नाश किया गया और तब से अब तक प्रतिवर्ष उसका पुतला फूंका जाता है। दूसरी तरफ चंद्रदेव हैं, जो बाकायदा परस्त्री गमन के दोषी हैं, फिर भी पूज्य हैं और वह भी नारी वर्ग द्वारा ही। पौराणिक कथानुसार देवगुरु वृहस्पति की पत्नी तारा बहुत सुंदर थीं। चंद्रमा उन पर मुग्ध हो गए और हरण कर ले गए। उन्हें अपनी पत्नी के रूप में रखा और एक पुत्र 'बुध' भी उत्पन्न किया। तारा को लेकर देवगुरु और चंद्रमा में युद्ध भी हुआ। दोनों ओर से कुछ समर्थक भी शामिल हुए। अंततः वृहस्पति पक्ष विजयी हुआ और चंद्रमा को तारा वापस करनी पड़ी। हालांकि व्यभिचार तो पूर्णता को प्राप्त हो चुका था। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है, "ससि गुरुतियगामी नहुष, चढ़े भूमिसुर जान। लोक वेद ते विमुख मा अधम को वेणु समान"।। एक अन्य कथाक्रम में देवराज इंद्र ने गौतम ऋषि की पत्नी अहल्या से व्यभिचार किया था। ऋषि ब्रह्म मुहूर्त में गंगा स्नान हेतु बाहर जाते थे। देवराज ने चंद्रमा का सहयोग लेकर आधी रात को ऋषि को भ्रम उत्पन्न करा दिया कि सुबह होने वाली है। ऋषि बाहर चले गए, तो इंद्र अभिसार हेतु अहल्या के पास आ गए और चंद्रमा को कुटिया के द्वार पर पहरे पर बिठा दिया। ऋषि को गंगा जी ने षड्यंत्र बता दिया, तो वे उल्टे पांव वापस आ गए और दुष्कृत्य कर्ताओं को मौके पर पा लिया। सबको अलग-अलग शाप दे दिया। चंद्रमा को मुख पर दाग हो जाने और राहु/केतु द्वारा ग्रहण लगने का शाप दिया। यह सब होते हुए भी चंद्रदेव का पुतला फूंकना तो दूर, उनकी पूजा बाकायदा बरकरार है और वह भी नारियों द्वारा, जिन पर उनका कुदृष्टि डालना सिद्ध है।

# नाटकीय कथानक का जन्म



सुशोभित

लॉ (रेंस) बि(श्नो)ई की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता का सुराग सामूहिक-अवचेतन के अनेक रहस्यों में निहित है। शक्ति में अदम्य आकर्षण होता है। ताकत चुंबक की तरह खींचती है। जब उसके समीकरण बहुसंख्यजन को अपने अनुरूप लगते हैं तो वे उससे बेहतर प्रभावित हो जाते हैं। लोग भगवान को पूजते हैं, लेकिन मन ही मन जानते हैं कि दुनिया को शैतान चलाता है। बुराई की ताकतों का बोलबाला है। घी टेढ़ी उंगली से निकलता है। लोहा लोहे को काटता है। बाल-बच्चेदार, सद्-गृहस्थ लोग इस स्याह दुनिया से रोज मुठभेड़ करते हैं, लेकिन अपनी असमर्थता से मन ही मन घुटकर रह जाते हैं। जब वे किसी दिलेर को नियम तोड़ते देखते हैं तो इससे प्रभावित होते हैं। उसमें नायक की छवि की तनिक भी कल्पना से उस पर मुग्ध हो जाते हैं। 'एंग्री यंग मैन' का रूपक ऐसे ही रचा गया था, जिसने सत्तर के दशक में नियति-वंचित, मध्य-वित्त के नौकरीपेशाओं को अपनी दमित भावनाओं के विरेचन का सुख दिया था। लॉ (रेंस) की दबंगई भी जनमानस को निर्भर होने का रोमांच देती है।

लॉ (रेंस) की लोकप्रियता का दूसरा कारण उसकी 'हिन्दू गैंग्स्टर' की छवि का होना है। दाऊद इब्राहीम, छोटा शकील, टाइगर मेमन, अबू सलेम के किस्से सुनकर बड़ी हुई पीढ़ी को उसमें अपनी सामुदायिक पहचान का एक योद्धा दिखता है। नव हिन्दुत्व को इधर निरंतर अपने लिए उग्र प्रतीकों की जरूरत महसूस हुई है। राम और हनुमान की सौम्य छवियां भी इधर अधिक आक्रामक रूप में प्रस्तुत की गई हैं। राजनीति के क्षेत्र में पौरुषपूर्ण चेहरे उभरे हैं। इस नव-हिन्दुत्व को लॉ (रेंस) के रूप में नया नायक मिला है। लॉ (रेंस) भाल पर तिलक लगाता है, उसने अपनी बांह पर जय श्रीराम गुदवा रखा है, वह धार्मिक भावना आहत होने की बिनाह पर सलमान खान को ललकारता है। हत्याकांडों को वह 'प्रभु की लीला' करार देता है। "शत्रु के शरीर से मेरी लड़ाई थी, उनकी आत्मा तो अब परमात्मा में लीन हो चुकी"- ऐसे बयान बिना किसी लाग-लपेट के देता है। आम धारणा में यह पैठा है कि बॉलीवुड का झुकाव इस्लामिक नैरेटिव की तरफ रहता है। हाल के सालों में खान-त्रयी के वर्चस्व को तोड़ने वाले सुपर सितारों के रूप में अक्षय कुमार, अजय देवगन, सनी देओल, संजय दत्त को सेलिब्रेट किया जाता रहा है। दर्शकों ने विवेक ओबेरॉय को सलमान के सामने याचना करते देखा है। सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या देखी है। वे इस बात से खुश होते हैं कि बॉलीवुड को धमकाने वाला एक हिन्दू डॉन उभरकर सामने आया है। इस नए रोमांच ने सोशल मीडिया की उत्तेजित धमनियों में करंट दौड़ा दिया है!

लॉ (रेंस) का नामकरण अंग्रेज अफसर हेनरी लॉरेंस के नाम पर किया गया था, जो ब्रिटिश राज के दौरान पंजाब सूबे में लोकप्रिय थे। जन्म के समय उसका रंग गोरा-चिट्टा था और उसे फिरंगी कहने की गरज से उसका यह नाम रखा गया। लॉ (रेंस) ने कैमरे पर ऑन-रिकॉर्ड और एक से ज्यादा मर्तबा यह कहा है कि उसकी जिंदगी का एक ही मकसद है, सलमान खान को मारना। शर्त उसने यह रखी है कि अगर सलमान मुक्तिधाम, मुकाम में बिश्नोइयों के धर्मस्थल पर जाकर क्षमायाचना कर ले तो उसकी जान बख्स दी जाएगी। उसका यह तेवर लोगों की नसें फड़काता है।

सलमान पर इलजाम है कि उन्होंने साल 1998 में जोधपुर के जंगलों में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान काले हिरणों (कृष्णमृग) का शिकार किया था। इन कृष्णमृग को बिश्नोई समुदाय में पवित्र माना जाता है। जब वह घटना घटी, तब लॉ (रेंस) महज 4 साल का था, लेकिन गुस्से और अपमान को उसने जहर की गांठ की तरह मन में पाला। सलमान बॉलीवुड के भाईजान हैं। दबंग हैं, टाइगर हैं। उनका नाम चलता है। सलमान माफी कैसे मांगें और लॉ (रेंस) पीछे कैसे हटे? इसने एक बॉलीवुडशैली के नाटकीय कथानक को जन्म दिया है, जिसने सनसनी के भूखे लोगों को सुबह-शाम का मसाला दे दिया है।

# वैश्विक शांति एवं खुशहाली के लिए भारतीय जीवन दर्शन अपरिहार्य



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारतीय ज्ञान परंपरा के मुख्य रूप से तीन आयाम, ज्ञान, विज्ञान और दर्शन हैं। हर युग के भारतीय शास्त्रों में ज्ञान अर्जन पर जोर दिया गया है।

विकास का मुख्य उद्देश्य प्रसन्नचित, शांत एवं समृद्ध समाज का निर्माण करना है, परंतु आज वैश्विक समाज का एक बड़ा भाग और वर्ग अशांति और घोर अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। साथ ही आर्थिक समृद्धि के लिए शुरू हुई अंधी दौड़ की आपाधापी में प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक विदोहन हो रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। इस प्रकार आर्थिक समृद्धि के लिए अशांत एवं संघर्षरत समाज में प्रसन्नता या खुशहाली का हर एक संवेदनशील व्यक्ति से दूर होना लाजमी है। क्योंकि विकास का यह वैश्विक मॉडल औपनिवेशिक मानसिकता और पूंजीवाद पर आधारित है, जिस कारण गरीब और अमीर के बीच का अंतर बढ़ने के साथ ही अशांति भी बढ़ती जा रही है। इसलिए दीर्घकालीन व चिरकालीन सुख, शांति और संपन्नता के लिए वैश्विक समाज को भारतीय दर्शन को अपनाना होगा, जिसका रास्ता भारतीय ज्ञान स्रोतों से ही निकलेगा।

भारतीय ज्ञान के प्रमुख आधार वेद, पुराण, उपनिषद, महाभारत, रामायण और भगवत गीता इत्यादि विशाल स्रोत हैं। इन ग्रंथों की विशालता को सीखने एवं समझने के लिए स्कूली स्तर से शिक्षण एवं शोध करने की आवश्यकता आज वैश्विक स्तर पर महसूस की जा रही है, क्योंकि ज्ञान के इन स्रोतों और तथ्यों का विस्तार से अध्ययन किया जाना मानव समाज के कल्याण एवं उत्थान के लिए आवश्यक है। परंतु प्रश्न है कि इतनी पुरानी विरासत और समृद्ध ज्ञान को मानव कल्याण हेतु वर्षों तक उपयोग में क्यों नहीं लिया गया? कई वर्षों तक भारतीय ज्ञान के स्रोतों को नकारे जाने के पीछे मुख्य रूप से ब्रिटिश उपनिवेशवाद के द्वारा इस परंपरा को सीरे से नकारा जाना है, क्योंकि 17 वीं शताब्दी में आयरलैंड के आर्क विसप जेम्स उशर ने अपनी गणना के आधार पर पृथ्वी की रचना को ईश्वर द्वारा छह दिन की मेहनत के बाद 23 अक्टूबर 4,004 बीसी की तिथि बताई। इसलिए जब पृथ्वी की उम्र ही कम होगी तो हजारों, लाखों वर्ष पुराने ग्रंथों की प्रामाणिकता पर प्रश्न चिन्ह लगना स्वाभाविक है, परंतु आधुनिक वैज्ञानिकों की गणना के अनुसार पृथ्वी की उम्र लगभग 4.50 अरब वर्ष और सृष्टि की उम्र लगभग 13.8 अरब वर्ष पुरानी मानी जा रही है। सृष्टि के निर्माण को 'बिग बैंग' से माना जाता है, जिसे बेल्जियम के भौतिक शास्त्री और कैथोलिक संप्रदाय के पादरी जॉर्ज लेमित्र ने 1927 में प्रतिपादित किया। खगोल विज्ञानी एडमिन हब्बल के सिद्धांत के अनुसार सृष्टि का लगातार विस्तार हो रहा है, यह तथ्य उनके द्वारा लगभग एक दशक के शोध व अध्ययन के उपरांत 1929 को दुनिया को समझ आया। इन वैज्ञानिक अध्ययनों से यह स्पष्ट है कि सृष्टि का आकार अनिश्चित है, जो लगतार फैल रहा है और इसमें कई ग्रह, तारे, आकाशगंगा आदि हो सकती हैं, जिनकी खोज जारी है और ये अरबों वर्ष पुरानी हैं। इससे भारतीय ज्ञान की हजारों, लाखों वर्षों से होने की प्रमाणिकता पुष्ट होती है। क्योंकि भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व की सबसे पुरानी परंपराओं में से एक है। ज्ञान के इन तथ्यों को समझने एवं अध्ययन करने के लिए उपनिवेशवाद की मानसिकता से बहार निकलना होगा।

भारतीय ज्ञान परंपरा के मुख्य रूप से तीन आयाम, ज्ञान, विज्ञान और दर्शन हैं। हर युग के भारतीय शास्त्रों में ज्ञान अर्जन पर जोर दिया गया है। ज्ञानार्जन की प्रक्रिया परीक्षा केंद्रित न होकर अनुभवों, प्रयोगों तथा अवलोकनों के आधार पर विकसित करने की रही है। वैज्ञानिक समझ विकसित होने से ही ज्ञान के तथ्यों को व्यवहारिक रूप में अमल में लाया जा सकता है। ज्ञान के सिद्धांतों एवं तत्वों को व्यावहारिक उपयोग करने से वैज्ञानिक समझ विकसित होती है। आज जो देश विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं वे पूंजीवाद आधारित आर्थिक विकास के मॉडल पर चल रहे हैं, जिससे आज विश्व समाज में आर्थिक विषमता और गरीब-अमीर के बीच खाई बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर पूंजीवादी आर्थिक नीति के कारण प्राकृतिक संसाधनों का विदोहन तेज गति से हो रहा है, जो पर्यावरण संकट खड़ा कर रहा है और इससे वैश्विक स्तर पर आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक संघर्ष भी बढ़ रहे हैं। वैश्विक स्तर पर विभिन्न प्रकार की अस्थिरता इसी पूंजीवादी आर्थिक मॉडल की परिणीति है। इसलिए विश्व शांति, मानव कल्याण, समग्र व सतत विकास के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा और भारतीय जीवनशैली को विश्व समुदाय को अपनाना होगा।

भारतीय जीवनशैली मुख्य रूप से, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष पर आधारित है, जिसके तहत हर व्यक्ति को जीवन पर्यंत सार्वभौमिक सत्य का अनुसरण कर सत्य के पथ पर चलते हुए प्रकृति और आर्थिक गतिविधियों के बीच में संतुलन बनाना होगा। साथ ही आर्थिक रूप से समृद्ध समाज को उस समाज के प्रति भी संवेदनशीलता अपनाने और आत्मीयता के साथ उनके उत्थान के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयास करने होंगे, जो आर्थिक रूप से अधिक संपन्न नहीं हैं। इस प्रकार की नीति से ही मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होगी यानी मनुष्य की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा और वैश्विक स्तर पर प्रसन्नचित समरस समाज स्थापित होगा।

# बांस बरौलिया में सड़कों पर भरा गंदा पानी, पनप रहे मच्छर

## जनता की सेवा करने का दावा करने वाले जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से ग्रामीणों को हो रही भारी परेशानी

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बॉस बरौलिया में ग्राम प्रधान और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण गंदगी का अंबार लगा है। इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। गांव की हर गली में गंदा पानी भरा है जिससे मच्छर पनप रहे हैं। गंदगी से ग्रामीण परेशान हैं।

बांस बरौलिया की ग्राम प्रधान चुनाव जीतने के बाद से ही दिल्ली में रह रही हैं। ग्राम पंचायत में कोई कार्य नहीं हो रहा है। गांव में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। सड़कों पर गंदा पानी महीनों से भरा हुआ है जिसमें मच्छर पनप रहे हैं। मच्छरों से मलेरिया जैसे घातक रोग पैदा हो रहे हैं। गांव में कई लोग बुखार और मलेरिया की चपेट में हैं। गांव में कई महीनों से सफाई नहीं कराए जाने से जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। नाले-नालियां जाम होने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। गंदगी से परेशान ग्रामीण कई बार सरपंच व जिम्मेदार लोगों से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन साफ सफाई पर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। गौरतलब है कि गांव में नियमित सफाई न होने से ग्रामीणों को कीचड़ में से निकलना पड़ता है। स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चे और ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और ग्राम पंचायत प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाया हैं।आरोप है कि ग्राम पंचायत में लाखों का बजट ग्राम विकास के लिए आने के बावजूद कोई कार्य नहीं कराया गया है। गांव के लोग नारकीय जीवन जी रहे हैं।



सड़क पर भरा गंदा पानी। ● अमृत विचार

- गांव की हर गली में बिना बरसात के भरा है पानी
- गांव के घरों से निकलने वाली पानी के निकासी की व्यवस्था नहीं
- चुनाव जीतने के बाद से ग्राम प्रधान गांव में नहीं दिल्ली में रह रहीं, गदंगी के लगे ढेर, कोई सुनवाई नहीं



गांव में काफी समय से सफाई नहीं कराई गयी है। जिससे हर गली में गंदगी के ढेर लगे हैं। सड़कों पर गंदा पानी भरा है। बच्चों व महिलाओं को बाहर आने जाने में दिक्कत हो रही है।
**-अनिरुद्ध कुमार सिंह**



ग्राम प्रधान गांव में नहीं रहती है इसलिए गांव में कोई विकास कार्य नहीं हो रहा है। सड़कें टूटी पड़ी है उन पर जलभराव है। बीमारियां पनप रही हैं। यहां कोई सुनने वाला नहीं है।
**-मुनेश पाल**



ग्राम सभा में न तो ब्लॉक स्तर से कोई देखने को आता है और न ही प्रधान को चिंता है इसलिए लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। गंदगी के कारण मच्छर पनप रहे हैं। लोग बीमार हो रहे हैं। झोलाछाप से दवाई ले रहे। अस्पताल में भी दवाईयां नहीं मिलती ।
**-ज्ञान सिंह**

# आवास विकास कॉलोनी में मार्ग की मरम्मत का काम शुरु, 48 लाख मिले

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** आवास विकास परिषद के मुख्य मार्ग के निर्माण का काम शुरू हो गया। सड़क निर्माण 48 लाख की लागत से कराया जा रहा है। जेसीबी मशीनें सड़क के दोनों ओर जमी मिट्टी को हटाकर गड्ढों को भरने लगी है।

आवास विकास कॉलोनी का मुख्य मार्ग सहित अन्य कई मार्ग वर्षों से टूटे थे। हालत इतनी खस्ता हो गई थी कि लोगों का चलना दुश्वार हो गया था। सड़क टूटकर तालाब का रुप धारण कर चुकी थी। बरसात के दिनों में टूटी रोड पर दो से तीन फुट पानी भर जाता था। जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इसे बनवाने के लिए स्थानीय लोग अफसरों से कई बार मांग कर चुके थे। जनता की मांग पर आवास विकास परिषद ने 48 लाख रुपये का प्रस्ताव मुख्यालय भेजा जो स्वीकृत हो गया। इसी के बाद परिषद ने यहां निर्माण कार्य शुरु करवा दिया है। जेसीबी मशीन सड़क के दोनों ओर से मिट्टी हटाकर गड्ढों को भरने लगी है। इस काम को ठेकेदार द्वारा तीन माह के अंदर पूरा करना है। आवास विकास परिषद के अवर अभियंता आशीष शर्मा ने बताया कि कालोनी के मुख्य मार्ग के साथ ही अन्य सड़कों का भी निर्माण कराया जाएगा। फिलहाल इसके लिए 48 लाख से अधिक धनराशि खर्च होनी है।



टूटी हुई रोड में गड्ढे भरती जेसीबी मशीन। ● अमृत विचार

- आवास विकास कॉलोनी के प्रमुख मार्ग पर शुरू हुआ निर्माण
- कई सालों से टूटी पड़ी थी सड़क तालाबनुमा हो गई थी

## सार-संक्षेप

### राम बारात में शामिल झांकियों ने मन मोहा



**सहसवान ,अमृत विचार :** नगर में भगवान पुरुषोत्तम की बारात धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। राम बारात का शुभारंभ रामलीला मैदान से हुआ। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार गांधी ने भगवान राम की आरती उतार कर राम बारात की अगवानी की। रामलीला मैदान से बारात शुरू हुई जो शिवराजपुर छः सड़का से बबराला – दिल्ली मार्ग होती हुई जहांगीराबाद चौराहा पर पहुंची। जहां पर शहवाजपुर, जहांगीराबाद, अकराबाद,नयागंज, बजरिया और सैफुल्लागंज की झांकियां राम बारात में शामिल हो गई। राम बारात में सबसे आगे भगवान गणेश की झांकी चल रही थी। उसके पीछे श्री राम लक्ष्मण और सीता जी की झांकी बारात की शोभा बढ़ा रही थी। राधा कृष्ण, भगवान शंकर, मां दुर्गा,शिव पार्वती, के साथ साथ दर्जनों देवी देवताओं की मोहक झलकियां बारात की सुन्दरता बढ़ा रही थीं। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक मय फोर्स के साथ चल रहे थे। उपजिलाधिकारी प्रेम पाल सिंह और सी ओ धर्म वीर सिंह भी निगरानी कर रहे थे।

### बिल्सी में विधायक ने किया सीसी रोड का लोकार्पण



**बिल्सी, अमृत विचार :** शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के गांव ग्राम बस्तरा और चंदऊ में विधायक निधि से बनी सीसी सड़कों का विधायक हरीश शाक्य ने फीता काट लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार क्षेत्र को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाने की दिशा में काम कर रही है। इस मौके पर अनिल प्रधान पूर्व प्रधान सुरेंद्र नेता विकास, कृष्णपाल, पूर्व प्रधान भूरे प्रधान, विनय शाक्य, दीपक सिंह, विकास सिंह, भूपेंद्र सिंह, यादराम आदि लोग मौजूद रहे ।

### धनुपुरा में निकाली गई रामबारात

**ककराला,अमृत विचार :** थाना कादरचौक के ग्राम धनुपुरा में शुक्रवार को गांव में राम बारात निकाली गई। जिसमे बच्चों को देवस्वरूप में सजाया गया। व जगह जगह पूजन किया गया। इस अवसर पर चौकी इंचार्ज मुहम्मदगंज वारिस अली खान व ग्राम प्रधान भंवर लाल मौजूद रहे।श्री राम बारात में गांव व आस पास के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इस मौके पर भारी संख्या में महिला व बच्चों ने मेले का लुत्फ उठाया।

### शतरंज प्रतियोगिता में बच्चों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन



**बदायूं,अमृत विचार :** मदर एंथीना स्कूल में छात्र छात्राओं ने बरेली के जीआरएम स्कूल में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता चेक मेट में प्रतिभाग करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में आस पास के जिलों से भी विद्यार्थी शामिल हुए। प्रतियोगिता में मदर एंथीना स्कूल के छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय की निर्देशिका चयनिका सारस्वत ने कहा कि स्कूल से बाहर होने वाली प्रतियोगिताओं में बच्चों का प्रदर्शन अच्छा रहा। यह स्कूल के लिए बेहतर है। ऐसे आयोजनों से छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ता है।

### पिंडौल में धूमधाम से निकाली गई रामबारात



**बिल्सी,अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव पिन्डोल में शनिवार को भगवान राम की बारात धूमधाम से निकाली गई। बारात रामलीला ग्राउंड से आरम्भ हुई और होली चौक, जाटव, वैश्य मोहल्ला, इस्लामनगर रोड होती हुई मौर्य और ब्राह्मण मोहल्ला होती हुई रामलीला ग्राउंड पर जाकर समाप्त हुई। बारात में बारात पर राम भक्त फूलों की वर्षा कर रहे थे। इस मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष पंडित सत्यप्रकाश शर्मा, प्रबंधक डॉ. प्रदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, शिशुपाल गुप्ता, जगदीश सक्सेना, अनुराग भूषण गुप्ता, मुनीश तिवारी, मुनेंद्र शर्मा, शैलेश शर्मा, सोवरन सिंह, अजय कुमार सक्सेना आदि का विशेष सहयोग रहा।

### टीम ने मनचले को दबोचा,थाने से दी जमानत



**उघैती,अमृत विचार :** महिलाओं से अश्लीलता करने वाले एक मनचले को एंटी रोमियो स्ववायड टीम ने पकड़ा। मुकदमा दर्ज करने के बाद थाने से जमानत देकर छोड़ दिया। गश्त के दौरान एंटी रोमियो स्क्वाड टीम को मंगल बाजार के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने युवक की रेकी करना शुरू कर दी। युवक कई महिलाओं एवं युवतियों को अश्लील इशारे कर रहा था। उसी समय पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पकड़े व्यक्ति ने अपना नाम शामिन पुत्र खरसाली बताया। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और थाने से जमानत पर छोड़ दिया। पकड़े गये रोमियो को थाने से छोड़ने की जानकारी उच्चाधिकारियों को हुई। जिस पर पुलिस ने दोबारा से पकडकर न्यायालय में पेश किया है।

### भरतपुर में रामलीला का उदघाटन


**दबतोरी , अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरतपुर में स्थानीय कलाकारों द्वारा जय हनुमान रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को रामलीला का उद्घाटन सुनील कुमार सिंह एडवोकेट, रितेश चौहान, संजीव मिश्रा एडवोकेट, ग्राम प्रधान करेंगी एवं मण्डल अध्यक्ष भाजपा द्वारा फीता काटकर किया गया ।मेला अध्यक्ष गंगा सिंह राठौर प्रदीप पाराशरी, राकेश शर्मा, विनीत शर्मा, मनोज शर्मा, सुबोध भदौरिया, पंकज कुमार, शिवा तेजवीर आदि ने भी विचार व्यक्त किए। उद्घाटन के बाद श्री राम जन्म लीला का वर्णन बड़े ही रोमांचक ढंग से कलाकारों द्वारा मंचन किया गया। इस इस मौके पर रविंद्र सिंह, बंटी सिंह, विक्रांत सिंह, अजय सिंह, दीपक सिंह, अंकुर उपाध्याय, शैलेंद्र सिंह गिरीश पाठक, वीर सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

# लोकपाल ने की मनरेगा कार्यों की जांच, मिली अनियमितताएं

संवाददाता, म्याऊं

**अमृत विचार:** उसावां ब्लॉक क्षेत्र के गांव बबई भटपुरा प्रधान द्वारा मनरेगा योजना में कराए गए विकास कार्यों में अनियमितता बरती गई थी। यह आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने लोकपाल से शिकायत की थी। जिसकी जांच करने के लिए शनिवार को लोकपाल गांव पहुंचे। जांच के दौरान उन्हें अनियमितताएं मिलीं। रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

गांव पहुंचे लोकपाल नवीन कुमार ने में डाली गई इंटरलॉकिंग, अमृत सरोवर, खेल मैदान सहित मिट्टी के काम के काम देखे। इंटरलॉकिंग के नीचे वेश मानक के अनुरूप नहीं मिला। अमृत सरोवर पथ पाथ टूटा मिला। खेल मैदान की रेलिंग टूटी मिली। नए विकास कार्य में पुराने मैटेरियल से काम होता मिला। जांच में लोकपाल को मिली अनियमितता की रिपोर्ट शासन स्तर पर भेजी जाएगी। लोकपाल नवीन कुमार सिंह ने बताया कि बबई भटपुरा में पंचायत मनरेगा कार्य में बहुत अनियमितता है। सभी जांच रिपोर्ट शासन में भेजी जा रही है। वहां से निर्देश मिलने के बाद कार्रवाई होगी।



गांव में डाली गई इंटरलॉकिंग की नाप करते लोकपाल

- गांव बबई भटपुरा में मनरेगा योजना से कराए कार्यों की ग्रामीणों ने की थी शिकायत

# दीपावली पर चाक चौबंद रहेगी स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था

**बदायूं,अमृत विचार :** दीपावली पर्व के लिए रेलवे स्टेशन की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की गयी है। पर्व पर रेलवे स्टेशन पर संदिग्धों से पूछताछ की जाएगी। ट्रेनों में संदिग्धों पर पर विशेष नजर रखी जाएगी। रेलवे स्टेशन परिसर के आस पास भी रात्रि गश्त की जाएगी।

जीआरपी थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह के अनुसार रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। संदिग्धों पर नजर रखी जाएगी। यात्रियों के बीच सादा कपड़ों में भी पुलिस बल तैनात रहेगा जिससे चोर उचक्कों को आसानी से पकड़ा जा सके। रेलवे परिसर के आस पास रात्रि गश्त की जाएगी। जिससे बाहर से आने वाले यात्रियों को कोई खतरा न हो। रेलवे स्टेशन के नगला शर्की गांव की ओर खुला मैदान होने के कारण असुरक्षा बनी रहती है। रात के समय उचक्के इसी ओर से आते जाते हैं। इसलिए नगला गांव की ओर जाने वाली सड़क पर भी रात के समय पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

# हाई वोल्टेज लाइन का टूटा तार, करंट की चपेट में आकर दो गोवंश की मौत

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** हाईटेंशन की जर्जर बिजली लाइन गिरने से दो गोवंशों की मौके पर मौत हो गयी। गौवंशों के शव कई घंटे तक जंगल में पड़े रहे।


विकासखंड आसफपुर क्षेत्र के गांव सिसरका के जंगलों में रात्रि में किसी समय हाई वोल्टेज लाइन का तार टूट कर गिर गया। जिससे क्षेत्र में घूम रहे छुट्टा गोवंश तारों की चपेट में आ गए। गोवंशों की मौत की सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय बिजली घर को दी फिर भी काफी देर तक सप्लाई बंद नहीं की गयी। जिस पर शनिवार सुबह ग्रामीणों ने जंगल मे पहुंच कर हंगामा किया। गौवंशों के शव काफी देर तक जंगल में पड़े रहे। कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

**शिकायत पर ठीक कर रहे जर्जर लाइनेः** इन दिनों बिजली विभाग अनुरक्षण माह के तहत जर्जर लाइनें ठीक कर रहा है।

जगह जगह लाइन ठीक की जा रही हैं। विभाग का कहना है कि जिन क्षेत्रों में ग्रामीणों की शिकायतें आ रही है पहले वहां की लाइन ठीक की जा रही हैं लेकिन इस क्षेत्र में शिकायत करने के बाद भी विभाग के कर्मचारी लाइनें ठीक करने नहीं पहुंच रहे हैं

### करंट से छात्र की मौत, नहीं कराया पोस्टमार्टम

**विजय नगला,अमृत विचार :** करंट की चपेट में आने से कक्षा 11 के छात्र की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव बहोलिया निवासी गौरव (17) पुत्र जसवंत गांव के पास एक कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र था। ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार शाम लगभग सात बजे गौरव ने मशीन चलाने के लिए मट्ठा बनाने वाली मशीन का प्लग लगाया था। किसी तरह मशीन में करंट आ गया। छात्र को करंट लग गया। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे। बोर्ड से प्लग बाहर निकाला। गौरव को देखा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना नहीं मिली है। तहरीर आएगी तो जांच करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।



जंगल में टूटा पड़ा हाईवोल्टेज लाइन का तार।

# पुलिस सुरक्षा में बांटी जा रही डीएपी

**बदायूं, अमृत विचार:** रबी फसल बुवाई के दिनों में डीएपी किल्लत अब दूर हो जाएगी। जिले की 17 समितियों पर करीब 25 एमटी डीएपी भेजी गई है। जिसका वितरण पुलिस की सुरक्षा में कराया जा रहा है। जिससे सभी किसानों को जरुरत के अनुसार उर्वरक मिल सके। दो दिन बाद अन्य समितियों पर भी इतनी ही डीएपी और उपलब्ध कराने का दावा कृषि विभाग द्वारा किया जा रहा है।

धान की कटाई तेजी से चल रही है। जिन किसानों के खेत खाली हो गए हैं। वह आलू तथा सरसों की फसल बुवाई के लिए खेतों को तैयार कर रहे हैं। कई किसान तो ऐसे भी जिनके द्वारा सरसों की बुवाई कर भी दी है। बुवाई के दौरान किसानों को डीएपी तथा एनपीके की आवश्यकता है। परंतु समितियों पर खाद की उपलब्धता न होने के कारण उन्हें इधर उधर भटकना पड़ रहा है। या फिर निजी दुकानदारों से अधिक दाम पर डीएपी खरीदनी पड़ रही है। जिस क्षेत्र में डीएपी की अधिक किल्लत है उन क्षेत्र की 17 समितियों पर शुक्रवार को करीब 25 एमटी डीएपी भेजी है। जिसका वितरण भी शुरू करा दिया है। डीएपी का वितरण पुलिस की सुरक्षा के बीच कराया जा रहा है। जिससे समितियों पर पहुंचने वाले किसानों को जरुरत के अनुसार डीएपी मिल सके। सचिव द्वारा डीएपी का वितरण खसरा खतौनी में दर्ज भूमि का अंश देखकर वितरण किया रहा है। एआर कोआपरेटिव महेंद्र सिंह ने बताया कि रबी सीजन शुरू होने के बाद से अब तक 3636 एमटी डीएपी और एनपीके का वितरण किया जा चुका है। दो दिन बाद समितियों पर 25 एमटी डीएपी और भेज दी जाएगी। जिससे डीएपी की किल्लत को दूर किया जा सके।

- जिले की 17 समितियां पर पहुंची 25 एमटी डीएपी
- आलू सरसों के लिए खेत तैयार कर रहे किसान

# जयंती पर निकाली गयी महर्षि वाल्मीकिकी शोभा यात्रा

**दातागंज , अमृत विचार :** रामायण रचयिता महार्षि बाल्मीकी जयंती पर नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। ।शोभा यात्रा का शुभारम्भ विधायक राजीव कुमार सिंह ने पूजा अर्चना कर किया । शोभा यात्रा दुर्गा देवी मंदिर से शुरु होकर नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई । शोभा यात्रा में सुन्दर सुन्दर झाकियां शामिल रहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल चल रहा था । महर्षि बाल्मीकि जयंती के मौके पर विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि हिंदू संस्कृति के पुरोधा हैं। उनके द्वारा लिखी गयी रामायण हमारे जीवन को सुगम और सुसंगत बनाने का काम कर रही है।

# एआरपी की नियुक्ति के लिए शुरू हो रही प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत एआरपी (एकेडमिक रिर्सोस पर्सन) तीन साल के लिए रखे गए थे। इनका कार्यकाल पूरा हो चुका है। 31 मार्च को इनका नवीनीकरण नहीं होगा। इनके स्थान पर नए शिक्षकों को एआरपी नामित किया जाएगा।

परिषदीय स्कूलों के लिए सभी 15 ब्लॉकों तथा नगर क्षेत्र में 80 शिक्षकों को एआरपी बनाया गया था। इन्हें स्कूलों में जाकर बच्चों के लिए पढाई को आसान बनाने के तरीके बताने थे। एआरपी की नियुक्त वर्ष 2019 के दौरान की गई थी। जो अब पूरी हो गई है। अब इन सभी एआरपी को हटाया जाएगा। इन्हें वापस अपने स्कूलों में भेजा जाएगा।

- नई भर्ती के दौरान पुराने एआरपी नहीं कर सकेंगे आवेदन
- जिले के सभी विकास क्षेत्रों में 80 एआरपी की है नियुक्ति

आदेश प्राप्त हो गया है। सभी एआरपी का कार्यकाल 31 मार्च को पूरा हो रहा है। इनके स्थान पर नए एआरपी रखे जाने हैं। जिसकी प्रक्रिया नए शैक्षिक सत्र में पूरी की जाएगी।
**-वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

योजना | लघु सेतु के निर्माण से एक दर्जन से अधिक गांव के लोगों को मिलेगी राहत

# महावा नदी पर 295 लाख की लागत से बनेगा लघु सेतु

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** मानसून के दिनों में गंगा तथा रामगंगा में आई बाढ़ से पुलिया, सड़कें तथा संपर्क मार्ग टूट गए। कई बाढ़ के पानी में बह गए। इन मार्गों के जीर्णोद्धार के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा कार्य योजना तैयार की गई है। इसी कार्ययोजना में महावा नदी का पुल भी शामिल है। जिस लघु सेतु का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने 295 लाख का प्रस्ताव तैयार किया है। जिसे शासन में भेजा जाना है। इसके निर्माण से करीब एक दर्जन से अधिक गांव के लोगों को लाभ मिलेगा।

बिल्सी विधानसभा क्षेत्र के गांव कोतल नगला से खिरकवारी पुख्ता मार्ग पर महावा नदी बह रही है। जिस पर आवागमन के लिए रपटा पुल बना हुआ है। गंगा नदी में बाढ़ आने से पानी महावा नदी में पहुंच जाता है। जिससे रपटा पुल करीब 80 सेमी गहराई में जलमग्न हो जाता है। जिसकी वजह से एक दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क कट जाता है। करीब 25 हजार से अधिक आबादी का मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। बाढ़ के दिनों में ऐसी स्थित से निपटने के लिए पीडब्ल्यूडी महावा नदी पर करीब छह मीटर चौड़ाई का पुल तैयार करेगा। इसके लिए 295 लाख रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिसे मंजूरी के लिए भेजा जाना है। इस पुल के बन जाने से बाढ़ प्रभावित इलाकों के लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी।

- बाढ़ के दिनों में एक दर्जन से अधिक गांव के लोगों को आवागमन में नहीं होगी दिक्कत

### इन गांवों के लोगों को मिलेगी राहत

बाढ़ का पानी महाबा नदी में आने से रपटा पुल लगभग 80 सेमी गहराई में जलमग्न हो जाता है। जिसके कारण हरदत्तपुर, गढौलिया पट्टी, तासील, सुजातगंज बेला,अब्बू नगर, खिरकवारी मानपुर पुख्ता, असेका, गढौलिया पट्टी तासौल, रसूलपुर बेला, धापड़, नगला, ठप्पा जामिनी, नगला बरन, जरीफपुर गढिया, तोफी नगला, नगला कोतल इत्यादि गांव के लोग प्रभावित हो जाते हैं। पुल के बनने से इन गांवों के लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी।

बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में अवरुद्ध हुए मार्ग और पुलों के निर्माण के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। महावा नदी पर भी लघु सेतु बनाया जाना है। जिसका प्रस्ताव तैयार है। डीएम के अनुमोदन के बाद शासन में भेज दिया जाएगा।
**-नरेश कुमार**, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी

# महिलाओं ने खरीदा श्रृंगार का सामान

**कुंवरगांव ,अमृत विचार :** करवाचौथ की पूर्व संध्या पर शनिवार को बाजार में ज्यादा भीड़ रही। ब्यूटी पार्लर में बुकिंग हुई तो मेंहदी लगाने वाले स्टाल में भी महिलाओं को कतार लगानी पड़ी।

चांद की पूजा से पहले महिलाओं ने सोलह श्रृंगार की तैयारी शनिवार को ही कर ली।

कपड़ा व्यापारियों का कहना है कि करवाचौथ पर सबसे पहले लहंगे और साड़ियों की खरीदारी होती है। इसके बाद ही महिलाएं मैचिंग के अनुरूप अन्य साज-सज्जा की सामग्री खरीदती हैं। कस्बे के मुख्य चौराहा, सर्राफा बाजार, पुरानी पुलिस चौकी आदि जगहों पर अस्थायी दुकानों पर पूजा की थाली, करवा, छलनी समेत कैलेंडर आदि बिक्री हो रही है। बाजार में जाम से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

# अब पंचायत निधि से जिले में 75 अन्नपूर्णा दुकानों का होगा निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले की 75 ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा मॉडल का और निर्माण किया जाएगा। इनका निर्माण मनरेगा तथा पंचायत निधि की धनराशि से होगा। करीब पांच लाख से अधिक की लागत से बनने वाली दुकानों के लिए भूमि का चयन किया रहा है।

जिले में 1427 सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानें हैं। अधिकांश दुकानें नामित कोटेदारों के घरों में चल रही हैं। कई कोटेदारों की दुकानें संकरी गलियों में होने से वहां तक खाद्यान्न से भरा वाहन पहुंच ही नहीं पाता। ऐसी स्थिति होने पर पिछले साल जिले की 75 ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा मॉडल शॉप का निर्माण कराया गया लेकिन इनका लोकार्पण कराने के बाद भी इनका संचालन अभी तक शुरु नहीं हो पाया है। अब जिले की 75 ग्राम पंचायतों में नई अन्नपूर्णा मॉडल शाप का निर्माण कराया जाना है।

- पांच लाख से अधिक की लागत से एक दुकान का होगा निर्माण
- मनरेगा और पंचायत निधि से बनाई जाएगी दुकान

### पांच से दस लाख की लागत से बनेंगी दुकानें

डीएसओ रमन मिश्रा ने बताया कि जिन ग्राम पंचायतों में तीन सौ राशन कार्ड धारक हैं वहां पर करीब पांच लाख की लागत से मॉडल शॉप बनेगी। और जिन ग्राम पंचायतों में 500 से अधिक राशन कार्ड धारक हैं, वहां 10 लाख, 450 राशनकार्ड हैं, वहां आठ लाख रुपये की लागत मॉडल शॉप का निर्माण कराया जाएगा। पूर्व में बनी दुकानों का संचालन कराना शुरू कर दिया है।

### दुकानों में होंगे दो चेंबर

75 ग्राम पंचायतों में बनने वाली मॉडल शॉप में दो चेंबर बनाए जाएंगे। एक चेंबर में राशन का भंडारण किया जाएगा। वहीं दूसरे चेंबर में कोटेदार सीएससी या जनरल स्टोर का संचालन कर सकेगा। शासन के निर्देश प्राप्त होने के बाद डीएम निधि श्रीवास्तव ने सभी तहसीलों के एसडीएम को भूमि चयन के आदेश दिए हैं।

## शहर में आज

- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक रविवार को दोपहर 12 बजे से
- सोरों के लहरा में भगवान श्री राम की लीलाओ का मंचन रात आठ बजे से
- सोरों हरपदीय गंगा घाट पर महाआरती शाम छह बजे से।
- जिले में मिशन जागृति जागरुकता अभियान सुबह दस बजे से।

# करवा चौथ की खरीदारी को बाजार में रही रौनक

## पर्व को लेकर महिलाओं में दिखाई दिया खासा उत्साह, देर रात तक खरीदारी को बाजार में रही भीड़

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार** : करवा चौथ पर आज, चांद और चांदनी की पूजा होगी। सुहागिन महिलाए सजेंगी, संवरेंगी और अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। रविवार को पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। शहर से लेकर कस्बों तक बाजारों में सुबह से ही भीड़ रही। देर शाम तक दुकानों पर खरीदारी होती रही। सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों के साथ-साथ सोने-चांदी के आभूषण और पूजा के करवा एवं कैलेंडर की भी बिक्री हुई।

सुहागिन स्त्रियों का पवित्र पर्व करवाचौथ व्रत कार्तिक कृष्ण पक्ष की चौथ को मनाया जाता है। दिनभर निर्जला उपवास रखकर पति की दीर्घायु की कामना करती हैं। माता गौरी की पूजा करने का विधान है। घर की बुजुर्ग महिला द्वारा करवाचौथ की कहानी सुनाई जाती है। पत्नी पति के स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं मंगल की कामना करती है। छलनी में चंद्रमा एवं पति के दर्शन करती हैं। घर पर करवा काढ़ पूजा-अर्चना की जाती है। हालांकि, अब बाजारों में करवाचौथ के कैलेंडर आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। शनिवार की शाम को शहर से लेकर कस्बों तक के बाजार भीड़भाड़ से गुलजार रहे।

**ब्यूटी पार्लर पर लगी भीड़:** करवा चौथ से एक दिन पूर्व शनिवार को शहर के ब्यूटी पार्लरों पर विवाहित महिलाओं की भीड़ रही। कई ब्यूटी पार्लर ने पर्व को लेकर स्कीम लागू कर रखी थी, जिन पर पहले से ही महिलाओं ने बुकिंग करा ली थी। ब्यूटी पार्लर संचालिका प्रिया ने बताया कि उन्होंने इस बार एक वर्ष के लिए आकर्षक योजना लागू की है। जिसमें उन्हें अच्छी बुकिंग मिली। यह पर्व हमेशा ही अच्छा कारोबार देकर जाता है। करवा चौथ का दिन विवाहिताओं के लिए सौभाग्य का दिन है। यह पर्व पति की लंबी आयु की कामना के साथ साथ उनके रिश्ते में मर्यादा और स्नेह के अनोखे संतुलन को मानने का त्योहार है।


नदरई गेट बाजार में साड़ी खरीदती महिलाएं। ● अमृत विचार


बाजार में ठेले से करवा खरीदती महिलाए। ● अमृत विचार

### बाजार हुए गुलजार

करवा चौथ पर्व को लेकर बाजारों में भीड़ उमड़ पड़ी। दुकानों पर भीड़भाड़ रही। इधर बाजारों में जाम के हालात बने रहे। पल-पल जाम के झाम से लोग जूझते रहे। तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ा। यातायात व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ी हुई दिखी। बाजारों में यातायात पुलिस भी दिखाई नहीं दी। जिससे लोगों को जाम की समस्या से परेशान होना पड़ा।


करचा चौथ पर्व को लेकर चूड़ियों की खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### सुहागिनों को खूब भा रहीं जिम्मी-जू और सिलिकॉन की साड़ियां

पति की दीर्घायु के लिए रखा जाने वाला करवा चौथ का निर्जला व्रत सजने, संवरने के लिहाज से भी बेहद अहम माना जाता है। यही कारण है कि व्रत से पहले बाजार में कपड़े और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर सुहागिनों की भीड़ दिखने लगी है। इस बार करवा चौथ का निर्जला व्रत महिलाएं रविवार को रखेंगी। तैयारियों को लेकर बाजार में रौनक बढ़ गई है। इस बार शहर में सूरत की जिम्मी-जू और सिलिकॉन साड़ियां महिलाओं की पहली पसंद साबित हो रही हैं। बराहद्वारी मार्केट के कपड़ा कारोबारी प्रेमचंद्र ने बताया कि सप्ताह भर से इन साड़ियों की डिमांड बढ़ गई है। इनकी बिक्री बढ़ने की संभावना से दुकानदारों ने पहले ही पर्याप्त स्टॉक मंगा लिया था। इसी तरह चौक घंटाघर के बर्तन व्यवसायी श्याम शंकर सिंह ने बताया कि व्रती महिलाएं इस बार मिट्टी वाले करवा के साथ पीतल से बने करवा खरीद रही हैं। बीते पांच वर्षों में इक्का दुक्का महिलाएं ही पीतल वाला करवा खरीदती थीं लेकिन इस बार इसकी डिमांड बढ़ गई है।

# गुणवत्ता और संवेदनशीलता के साथ करें शिकायतों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- कासगंज, सहावर, पटियाली में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस
- डीएम, एसपी ने सहावर तहसील में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**अमृत विचार:** जिले की कासगंज, सहावर, पटियाली तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। डीएम, एसपी ने सहावर तहसील सभागार में पहुंच कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जहां 53 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें एक का मौके पर निस्तारण हुआ। डीएम ने अधीनस्थों को समय बद्धता के साथ ही फरियादियों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद, अवैध कब्जा, चकरोड, आपसी विवाद, उत्पीड़न, मारपीट, पैमाइश कराने, दिव्यांग पेंशन एवं विद्युत प्रकरणों से संबंधित प्रस्तुत की गईं। तहसील सहावर क्षेत्र में चकरोड पर अवैध कब्जे की शिकायतें की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व कर्मियों की टीम स्थलीय निरीक्षण के लिए जाएं। जिलाधिकारी मेधा रूपम के समक्ष विभिन्न समस्याओं व शिकायतों से संबंधित 53 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 1 को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया।एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप अधिकारी काम करें। काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

तहसील सहावर में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी सचिन सिंह, सहावर उपजिलाधिकारी कोमल पवार, सहायक निदेशक कृषि, जिला पंचायतराज अधिकारी, डीएसओ, अधिशाषी अभियंता सिंचाई, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, सहावर सीओ, तहसीलदार, क्षेत्रीय खंड विकास अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।


सहावर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधीनस्थों को निर्देश देते डीएम मेधा रूपम एवं एसपी अपर्णा रजत कौशिक। ● अमृत विचार

## एक नजर

### जीने पर चढ़ते समय ग्रामीण गिरकर घायल

**कासगंज, अमृत विचार** :ढोलना थाना क्षेत्र के गांव रहमतपुर माफी निवासी राजवीर सिंह(45) शनिवार की सुबह छत पर चढते समय जीने से नीचे गिर गए। जिससे उनके शरीर में कई जगह चोटे आ गई। परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। मृतक के भाई ने बताया कि उपचार के बाद राजवीर की हालत में सुधार है।

### गृह कलेश के चलते महिला ने किया विषाक्त पदार्थ का सेवन

**कासगंज, अमृत विचार** : पटियाली कोतवाली क्षेत्र के गांव दरियागंज निवासी ज्योति(21) पत्नी सचिन ने शनिवार को विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने महिला को पटियाली स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद जिला अस्पताल भेज दिया। जहां उपचार के बाद महिला की हालत में सुधार है। घटना के पीछे गृह कलेश बताया जा रहा है। लोगों के अनुसार परिजनों में आएदिन अनबन होती रहती थी।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक आज

**कासगंज, अमृत विचार** : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक रविवार की दोपहर 12 बजे से संगठन के प्रदेश सचिव नवल किशोर कुलश्रेष्ठ के नावल्टी रोड स्थित प्रतिष्ठान पर होगी। यह जानकारी संगठन के जिलाध्यक्ष केके सक्सेना ने दी है। उन्होंने बताया है कि मथुरा के वृंदावन में गोवर्धन मार्ग पर राधा कुंड के निकट चित्रगुप्त पीठ पर भगवान श्री चित्रगुप्त की प्रतिमा का अनावरण 27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा प्रस्तावित है। इसी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कायस्थ बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में शामिल होने की अपील की है।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत, पांच घायल

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

- सोरों और कासगंज कोतवाली क्षेत्र में हुए दो सड़क हादसे घायल भर्ती

**अमृत विचार:** कासगंज और सोरों कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अलग-अलग हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत हो गई, जबकि पांच घायल हुए हैं। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम कराया है। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। किसी भी मामले में अभी एफआईआर नहीं हुई है, हालांकि सोरों पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाले वाहन को हिरासत में ले लिया है।

कासगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव नदरई के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार टीकम सिंह(75) पुत्र हेतराम निवासी तवालपुर की मौत हुई है। पुलिस ने उसके शव का पोस्टमार्टम कराया है। नदरई चौकी इंचार्ज नरेश कुमार ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव बहादुर नगर के समीप आर्टिगा और ऑटो में भिड़ंत हो गई। इसमें प्रहलादपुर निवासी बतासो देवी, गांव मलिकपुर निवासी ऑटो चालक नरेंद्र, बहादुर नगर निवासी विनोद, प्रशांत, प्रीति और गीतम सिंह घायल हो गए। अमांपुर के गांव अलीपुर निवासी गीतम सिंह(50) की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। घायलों का उपचार चल रहा है। सोरों कोतवाली प्रभारी भोजराज अवस्थी ने बताया कि तहरीर मिली है। एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। दोनों वाहन कब्जे में है।


जिला अस्पताल में पंचनामा की कार्रवाई करती पुलिस। ● अमृत विचार

### कासगंज से भी जुड़े हैं लॉरेंस विश्नोई के तार

**कासगंजः अमृत विचारः** कासगंज और बदायूं से भी लॉरेंस विश्नोई गैंग के तार जुडे हुए हैं। इस गैंग के शूटर ने वर्ष 2018 में कासगंज के बॉबी जैन की दिन दहाडे.हत्या की थी।

लॉरेंस विश्नोई के शूटर ने सलमान खान को धमकी दी है। इधर एक शूटर जो बदायूं के ब्रहमपुर का रहने वाला है। उसे तीन दिन पहले ही मथुरा और दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसका नाम योगेश उर्फ राजू है। सबसे अहम बात यह है कि वह लॉरेंस विश्नाई गैंग का शूटर है। उसी ने कासगंज के कारोबारी बॉबी जैन को आठ अगस्त 2018 को गोलियों से भून दिया था। दिन दहाडे. शहर के हरिकमल पैलेस के समीप खून की होली हुई और बॉबी की मौत हो गई।पुलिस ने यह भी माना था कि हत्या सट्टे के वर्चस्व में हुई थी, जो भी हो, लॉरेंस इस समय अपराध की दुनिया का शहंशाह है। गैंग से जुड़े बदायू के योगेश ने पुष्टि की है कि ग के तार बदायूं और कासगंज से भी जुडे.हुए हैं।

# हैदराबाद से कासगंज तक का सफर तय नहीं कर पा रही डीएनए रिपोर्ट

मोहिनी हत्याकांड

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

- पुलिस की लचर व्यवस्था में उलझ कर रह गया है हत्याकांड का खुलासा
- डीएनए जांच के लिए तेलंगाना भेजा गया था मां बेटी का नमूना

**अमृत विचारः** मोहिनी हत्याकांड पहेली बनता जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डीएनए रिपोर्ट की जानकारी तो हो गई है, लेकिन दस्तावेजों में अभी तक रिपोर्ट का कुछ अता पता नहीं है। न ही पीडित परिवार से जानकारी साझा की जा रही है। इसको लेकर परिवार परेशान है। वहीं यह भी स्पष्ट हुआ है कि डीएनए जांच के लिए नमूने तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद भेजे गए। एक महीना चुका है हैदराबाद से कासगंज डीएनए की जांच रिपोर्ट नहीं आई है।

तीन सितंबर को न्यायालय के मुख्य द्वार से महिला अधिवक्ता मोहिनी लापता हो गई थीं। चार सितंबर की रात उनका शव गोरहा नहर में गांव रजपुरा के समीप मिला।अधिवक्ताओं ने खुलासे के लिए आंदोलन किया। पूरे शहर में कैंडल मार्च निकले। फिर शव की शिनाख्त को लेकर सवाल उठने लगे। सवालों के जवाब के लिए पुलिस ने अधिवक्ता की मां दिनेश कुमारी का नमूना संकलित किया और 18 सितंबर को जांच के लिए भेज दिया। इस नमूने की रिपोर्ट अभी तक नहीं मिली है। पहले तो यह भी पता नहीं चल रहा था कि जांच के लिए नमूने कहां भेजे गए हैं। परिवार ने काफी दबाव बनाया तब स्पष्ट हुआ हुआ है कि हैदराबाद की प्रयोगशाला में नमूने भेजे गए हैं।

### स्वास्थ्य विभाग को कुछ नहीं पता

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि नमूने कहां और कैसे भेजे गए हैं। इसके बारे में उन्हें कुछ नहीं पता है। यह काम पुलिस के विवेचक का है। उन्हीं को रिपोर्ट मंगानी होगी।

### अधिवक्ता के पति खिन्न

अधिवक्ता के पति ब्रजतेंद्र तोमर ने कहा कि डीएनए जांच के लिए नमूने भेजे गए। उनकी रिपोर्ट नहीं आई है। काफी प्रयास किया है, तब पता चला है कि नमूने तेलंगाना भेजे गए हैं। पुलिस कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रही।

> डीएनए की रिपोर्ट अभी तक नहीं मिल सकी है। रिपोर्ट आने पर ही कुछ कहा जा सकेंगा। जल्द रिपोर्ट मांगने का प्रयास किया जा रहा है।
> **-लोकेश भाटी**, इंस्पेक्टर, सदर कोतवाली।

# किसान यूनियन ने पुलिस को लिया आड़े हाथ, खोला मोर्चा

- सीओ पटियाली, सहावर इंस्पेक्टर सहित कई पुलिस कर्मियों पर लगाए आरोप
- किसान यूनियन से जुडे पदाधिकारियों पर कार्रवाई की तैयारी में पुलिस

**कासगंज, अमृत विचारः** जिले में सरकारी व्यवस्थाओं पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं अफसरों के साथ अभद्रता के मामले में सामने आ रहे हैं। अब तक एसडीएम, पटियाली और एक चिकित्सक के साथ हौसला बुलंद लोगों ने अभद्रता की। अब किसान यूनियन ने पुलिस के विरुद्ध मोर्चा खोला है। सीओ पटियाली, इंस्पेक्टर सहावर सहित अन्य पुलिस कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इधर पुलिस ने भी अपराध जगत से जुडे. किसान नेताओं पर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।

भारतीय किसान यूनियन स्वराज के प्रदेश संगठन मंत्री शिवरतन उपाध्याय ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर शिकायत की है। उसमें लिखा है कि सीओ पटियाली राजकुमार पांडेय अवैध कारोबार में संलिप्त है। इसके अलावा इंस्पेक्टर सहावर प्रवेश राणा पर भी किसान यूनियन के नेता सुधीर मिश्रा ने आरोप लगाया है।

आरोप है कि वाहन चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली होती है। इतना ही नहीं पुलिस पर मादक पदार्थ और अवैध शराब की तस्करी का आरोप लगाया गया है। इधर पुलिस ने भी अपराध से जुडे.किसान नेताओु की घेराबंदी शुरू कर दी है। उन पर कार्रवाई की जा रही है।

> किसान यूनियन स्वराज का नेता शिव रतन उपाध्याय का भाई अनमोल उपाध्याय अपराधी किस्म का व्यक्ति है। उसके विरुद्ध कार्रवाई अग्रसारित की जा रही है। शिवरतन स्वयं सरकार और शासन विरोधी गतिविधियों में संलिप्त है। कार्रवाई से वह बौखला गया है। **– राजकुमार पांडे**, सीओ पटियाली।

### पहले हो चुका है लाठी चार्ज

मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में आरोप है कि आए दिन लाठी चार्ज की धमकी दी जाती हैं। इधर लगभग एक साल पहले कासगंज कोतवाली में पुलिस के साथ अभद्रता करने के आरोप में भारतीय किसान यूनियन स्वराज पर के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों पर लाठी चार्ज हुआ था।

### गृह क्लेश में वृद्धा ने की आत्महत्या

**एटा/अलीगंज, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दादूपुर खुर्द निवासी रामवेटी (85) पत्नी महावीर प्रताप सिंह ने गृह क्लेश के चलते शुक्रवार की देर रात घर पर ही आत्महत्या कर ली। जब परिजनों को जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। इसी दौरान किसी ने इलाका पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर कानूनी कार्रवाई की, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# चौपाल लगाकर महिलाओं को कानून का पाठ पढ़ा रहीं पुलिस कर्मी


छात्राओ को जागरूक करतीं पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

- मिशन शक्ति के तहत जागृति एवं एंटी रोमियों टीम ने चलाया जागरुकता अभियान

**अमृत विचारः** मिशन शक्ति अभियान के तहत जागृति एवं एंटी रोमियों टीम द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को स्कूल-कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर महिला व छात्राओं को जागरूक कर उन्हें महिला सुरक्षा एवं महिला कल्याण की जानकारी दी और लाभ उठाने के प्रेरित किया।

नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के बारे में जागरूक किया गया। उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने को प्रेरित किया। महिलाओं एवं बच्चियों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टॉप सेंटर और 112 पुलिस आपातकालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के बारे में साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी देकर जागरूक किया गया।


सड़क पर महिलाओं को कानून के बारे में जानकारी देती पुलिस कर्मी।

### चारा काटने गए किसान पर नीलगाय ने किया हमला

**कासगंज : अमृत विचार** : खेत पर पशुओं के लिए चारा काटने गए किसान पर नीलगाय ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले से घायल किसान को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढं मेडिकल कॉलेज को रेफर कर दिया है। सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव मलिकपुर निवासी सान जफरुद्दीन(50) पुत्र मंशी शनिवार की सुबह लगभग आठ बजे अपने पशुओ को चारा लेने के लिए खेत पर गये हुए थे। वह बाजरा काट रहा थे,तभी पीछे से आकर नील गाय ने हमला कर दिया। उन्हें जमीन पर पटक पटक मारा। जिससे जफरुद्दीन बुरी तरह से चुटैल हो गए। चीखपुकार की आवाज सुनकर आस पास के खेतों में काम कर रहे किसान दौड़ कर पहुंचे। उन्होंने किसान को बचाया और घटना की जानकारी घायल किसान के परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों घायल किसान को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार दिया और गंभीर हालत बताते हुए बेहतर उपचार के लिए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

**मुश्किल** सुबह से लग जाती हैं किसानों की लंबी लंबी लाइनें, गेंहू, सरसों, आलू की बुआई के लिए पड़ रही डीएपी की जरूरत

# खाद लेने के लिए समितियों पर किसानों की भारी भीड़

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

**अमृत विचारः** इन दिनों गेंहू, आलू और सरसों की बुआई का कार्य प्रगति पर है। समितियों पर डीएपी खाद की किल्लत बनी हुई है। किसानों को फसल बुआई के लिए पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है। किसान सुबह से खाद लेने के सहकारी समितियों पर पहुंच कर कतार में लगे हुए हैं। इसके बावजूद भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। किसानों का कहना है कि समय से खाद नहीं मिली, तो उनकी फसल पिछड जाएंगी, उत्पाद भी कम होगा।

शनिवार को अमांपुर कस्बा के इफको सहकारी समिति पर किसान रवी की फसल की बुआई शुरू करने के लिए डीएपी की किल्लत से जूझ रहे हैं। डीएपी लेने के लिए किसान बड़ी संख्या में सुबह से ही पहुंच गए। गुरुवार को 500 बोरी डीएपी आने के बाद शुक्रवार और शनिवार को वितरण किया गया। गेंहू, सरसों, आलू के लिए शनिवार सुबह 8 बजे से गोदाम पर किसानों की भीड़ लगना शुरू हो गई। केंद्र पर सुबह से शाम तक डीएपी खाद लेने के लिए किसानों की काफी मशकक्त करनी पड़ी। इसके बावजूद भी पर्याप्त खाद नहीं मिल सकी।घंटों लाइनों में लकर वह बैरंग लौट गए। क्षेत्रीय किसानों ने जिला प्रशासन से समितियों पर पर्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध कराने की मांग की है। जिससे डीएपी को लेकर किल्लत कम हो सके। इफको केंद्र सचिव दिनेश कुमार ने कहा कि किसान परेशान ना हो डीएपी की कोई कमी नही है।


अमांपुर सहकारी समिति के बाहर डीएपी को लेकर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

> जिले में पर्याप्त खाद उपलब्ध है। समितियों पर खाद भेजी जा चुकी है, यदि कहीं से कोई शिकायत मिलती हैं, तो कार्रवाई की जाएगी। – अवधेश मिश्रा जिला कृषि अधिकारी।


रवी की फसल बुआई का कार्य जोरशोर से चल रहा है, लेकिन डीएपी खाद नहीं मिल पा रही है। सुबह से लाइन में लगना पड़ रहा है। इसके बावजूद भी खाद नहीं मिल पा रही। **-अनुज कुमार सोलंकी**, किसान


खाद की किल्लत किसानों के लिए बड़ी समस्या है। खाद समय से नहीं मिली, फसल पिछड जाएंगी। उत्पाद भी कम होगा। जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। – **सुभाष वर्मा** किसान।

## अब सुबह छह बजे से खुलेगी गल्ला मंडी मिलेगी जाम से निजात

**एटा,अमृत विचार :** जाम की समस्या को हल करने के लिए गल्ला मंडी अब सुबह छह बजे खुलेगी। इससे धान ले जाने वाले वाहन पहले ही अंदर जा सकेंगे। बैठक में यह निर्णय लिया गया, जिसमें एडीएम सदर और अन्य अधिकारी शामिल थे। मंडी के सामने रोजाना जीटी रोड और अलीगंज रोड पर लग रहे जाम की समस्या का हल करने के लिए अब गल्ला मंडी सुबह छह बजे से खुलेगी। इससे जब तक अन्य कामकाजी लोग घरों से बाहर निकलेंगे तब तक धान लेकर आने वाले वाहन अंदर जा चुके होंगे। वहीं धर्मकांटों के बाहर बैरिकेडिंग कराई जाएगी। गल्ला मंडी में एडीएम सदर राजकुमार मौर्य के साथ हुई बैठक में निर्णय लिया गया है। पिछले वर्षों की अपेक्षा इस बार धान की पैदावार अधिक हुई है। एसडीएम ने बताया कि अब तक मंडी सुबह दस बजे खुलती थी। इसके स्थान पर अब सुबह छह बजे खुलेगी। मण्डी के लिए धान ले जाने वाले ट्रैक्टर आदि को अलीगंज रोड से ही प्रवेश दिया जाएगा। जीटीरोड से कम से कम वाहनों को प्रवेश दिया जाए। धर्मकांटा संचालकों की ओर से बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था की जाय। इस बैठक में एक्सईएन लोक निर्माण विभाग, मंडी सचिव, कोतवाली नगर प्रभारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# नगला किशोरी में आतिशबाजी फैक्ट्री में फटे पटाखे

## पटाखा बनाने वाले चार कारीगर हुए जख्मी, गंभीर हालत में किया गया अलीगढ़ रेफर

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

**अमृत विचारः** पटियाली के नगला किशोरी में दीपावली को लेकर फैक्ट्री में तैयार किए जा रहे पटाखे तेज धमाके के साथ फट गये। इस हादसे में चार कारीगर बुरी तरह से जख्मी हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत होने के कारण अलीगढ मेडिकल कॉलेज के लिए भेजा गया है। अधिकारी मामले की जांच पड़ताल कर रहे हैं।

थाना पटियाली क्षेत्र के ग्राम नगला किशोरी में बदायूं-मैनपुरी हाइवे किनारे देशी आतिशबाजी तैयार करने की कुछ फैक्ट्री लगी हुई हैं जिसमें पटियाली कस्बा निवासी मेंहदी हसन की भी एक फैक्ट्री है। दीपावली पर्व को लेकर शनिवार की शाम 4:15 बजे कारीगरों द्वारा आतिशबाजी तैयार की जा रही थी। इसी दौरान अचानक तेज धमाका हुआ। हादसे में पटाखा निर्मित करने वाले चार कारीगर बुरी तरह जख्मी हो गए।

हादसे की खबर सुनते ही एसडीएम कुलदीप सिंह, सीओ आरके पांडेय, कोतवाली एसएचओ गोविंद बल्लभ शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने बारूद को पानी से ठंडा किया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए पटियाली सीएचसी भेजा गया। जहां डिप्टी सीएमओ डा. कुलदीप सिंह एवं सीएचसी प्रभारी डा. प्रदीप गौतम ने घायलों की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सालय रेफर किया गया।


घायलों को एंबुलेंस से ले जाया जाता अस्पताल। ● अमृत विचार


धमाके को लेकर जानकारी करते एसडीएम कुलदीप सिंह, सीओ आरके पांडेय।

### ये हुए घायल

इस हादसे में धनपाल पुत्र राजाराम निवाड़ी नगला कस्बा थाना पटियाली, मनोज पुत्र बनवारी लाल निवासी ग्राम बहोरा थाना सिकंदरपुर वैश्य, संतसिंह सिंह पुत्र कुंवर लाल निवासी नगला किशोरी थाना पटियाली एवं गोपीनाथ पुत्र हरिश्चंद्र निवासी ग्राम घोसगंज थाना पटियाली घायल हुए। जिन्हें उपचार के बाद उच्च चिकित्सालय रेफर किया गया।

नगला किशोरी में पटाखा फैक्ट्री पटाखा बनाए जा रहे थे। अचानक पटाखा फटने से चार कारीगर घायल हो गए। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। इसके बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।
**–कुलदीप सिंह,** एसडीएम

# युवती समेत दो ने लगाया फंदा, चालक की मौत

संवाददाता,एटा

**अमृत विचारः** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एक युवती समेत दो ने फांसी लगा ली। घटना के बाद ट्रक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में करने के पश्चात पंचनामा की औपचारिकता पूर्ण करते हुए पोस्टमार्टम कराया है।

पिलुआ थाना क्षेत्र के गांव बड़ागांव निवासी प्रभात कुमार पुत्र विनोद कुमार ने बताया कि उसका भाई प्रवीन कुमार (20 वर्ष) ट्रक चालक था। वह दीपावली त्यौहार के चलते घर पर आ गया था। मामूली बात पर शनिवार को सुबह करीब 10 बजे उसने गांव के समीप एक नीम के पेड़ पर दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक शराब पीने का आदी बताया गया है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर कानूनी कार्रवाई की है। वहीं दूसरी ओर मलावन थाना क्षेत्र के गांव पुरांव निवासी पिंकी (20) पुत्री पूरन सिंह ने गृह क्लेश के चलते घर पर ही फांसी लगाकर खुदकुशी करने का प्रयास किया। हालत गंभीर होने पर परिजनों द्वारा पिंकी को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के पश्चात हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दी है।

## बाइक ने दंपती को रौंदा, महिला की मौत

**एटा/ मिरहची, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात पैदल जा रहे दंपती को मोटर साइकिल ने रौंद दिया। हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान अलीगढ़ में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया है। थाना व कस्बा मिरहची स्थित पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार की रात 9 बजे बाजार से लौट रहे दंपती को मोटरसाईकिल ने टक्कर मार दी। डोरीलाल पुत्र रूपचन्द्र निवासी बडौली पत्नी लक्ष्मी (24) के साथ मिरहची कस्बा से बाजार कर पैदल घर जा रहा था। मिरहची समपी पेट्रोल पंप के निकट बाइक ने दोनों को रौंद दिया। लक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गई।

# एक बाइक पर चार-पांच लोग, क्यों न हों दुर्घटनाएं


बाइक पर बच्चों समेत छह लोग।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः**दो सीट वाली बाइक पर पांच- छह लोगों को सफर करते शहर की सड़कों पर अक्सर देखा जा सकता है। बाइक चालक हेलमेट लगाने की जहमत नहीं उठाते। ऐसे में क्यों न दुर्घटनाओं में लोगों की जान जाए या घायल हों।

जिले में उप संभागीय परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। वाहन चालकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बाइक पर चार-छह लोग सवार होकर सफर कर रहे हैं। इन्हें न तो न तो अपनी जान की परवाह है और न ही कानून का भय। इन्हें कोई रोकने टोकने वाला भी नहीं था। जरा सी चूक कभी भी ऐसे लोगों को भारी पड़ सकती है। फिर उनके पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं बचता।

जिले में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। नियमों का पालन न करने वाले वाहनों के चालान काटे जा रहे हैं। एक बाइक पर अधिक लोग होंगे तो कार्रवाई की जाएगी। **–लक्ष्मण सिंह,** यातायात प्रभारी।

# दीपावली से पूर्व वेतन दिए जाने की उठी मांग

**मोहनपुरा,अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक संघ के जिलाध्यक्ष अमित यादव एवं जिला मंत्री सत्यनारायण ने शुक्रवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देकर शिक्षकों को दीपावली से पूर्व वेतन दिलाए जाने एवं वेतन बाधित किया गया वेतन बहाल करने का अनुरोध किया है।

वहीं शनिवार को उ. प्र.जू.हाई स्कूल शिक्षक संघ ने भी पांच सूत्रीय मांग पत्र बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया। उक्त ज्ञापन में 65 प्रतिशत से कम छात्र उपस्थिति होने के कारण पूर्व में 91 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं प्रभारी प्रधानाध्यापकों के वेतन बाधित किए जाने के आदेश को रद्द करते हुए सभी का वेतन लगाए जाने का अनुरोध किया है। इसके अतिरिक्त शिक्षकों के चयन वेतनमान, मेडिकल लीव एवं सीसीएल के सम्बन्ध में त्वरित निस्तारण तथा साथ ही निलंबित हुए शिक्षकों को बहाल करने हेतु अनुरोध किया है।बेसिक शिक्षा अधिकारी सूर्यप्रताप सिंह ने संगठन को शिक्षकों की समस्याओं के जल्द निस्तारण हेतु आश्वस्त किया। इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, दिलीप यादव, शिव कुमार आदि प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सपनों को उड़ान देकर बनाएं करियर


करियर मेले में डीआईओएस प्रदीप मौर्य का स्वागत करते आयोजक राजेश यादव।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● दीनदयाल उपाध्याय राजकीय कॉलेज में हुआ करियर मेले का आयोजन

**अमृत विचारः** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज टिम्बरपुर सोरों में करियर मेले का आयोजन किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को करियर को लेकर टिप्स दिए।

मुख्य अतिथि डीआईओएस प्रदीप कुमार मौर्य ने उद्घाटन किया। विद्यालय के पंख पोर्टल प्रभारी विवेक शंकर ने बताया कि चिकित्सा, स्वास्थ्य, सिविल सेवा, बैंक, रेलवे, फोर्स की सेवाओं में जाने के लिये किस प्रकार की तैयारी की जाये। पोर्टल की सह नोडल प्रभारी रजनीकान्त निर्मल ने कैरियर विकल्प के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी देते हुये छात्र-छात्राओं से समय का सदुपयोग करने के लिये प्रेरित किया। डीआईओएस ने एकाग्रचित होकर समय एवं धन का सही उपयोग कर सपनों को ऊंची उड़ान देकर, सही कैरियर का चुनाव करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ छात्र-छात्राओं द्वारा बनाये गये मॉडल एवं करियर हब की साज-सज्जा की प्रशंसा की। पूर्व प्रधानाचार्य रवेन्द्र सिंह पूर्व ने छात्र-छात्राओं को पंख पोर्टल का सही उपयोग करने की अपील की। 35 छात्र-छात्राओं को परीक्षा किट वितरित की गयी। जनपद के पंख पोर्टल नोडल प्रभारी राजेश कुमार यादव, देव सिंह, अनिल कुमार, शैलेष कुमार, विवेक शंकर, शशिभूषण, विनीता, निखलेश, बृजेश्री आदि उपस्थित रहे।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

संवाददाता एटा

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में शनिवार को अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था क मध्य कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन का चुनाव शनिवार की देर सायं तक सम्पन्न हुआ। जिसके माध्यम से उन्होंने अपने प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला किया। इस बार अध्यक्ष, महासचिव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष के चुनाव में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, सीसीटीवी कैमरा और भारी मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात किया गया और सभी प्रक्रियाएं प्रशासन की देखरेख में संपन्न हुईं।

मतदान केंद्र पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हो। समूचा मतदान और मतगणना कार्यक्रम जिला प्रशासन के पर्यवेक्षण में संचालित हुआ, जिससे कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या धांधली को रोका जा सके। मतदान के दौरान अधिवक्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया और सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चुनाव के लिए निर्धारित स्थानों पर मतदाता समय से उपस्थित हुए और अपनी पसंद के प्रत्याशियों को चुना। यह चुनाव न केवल अधिवक्ताओं के लिए, बल्कि न्यायालय और विधि व्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण था, क्योंकि इससे नई नेतृत्व संरचना का गठन होना था।

इस चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशियों ने अपने-अपने विचार और योजनाएं पेश की थीं, जिससे कि अधिवक्ताओं को अपने मत का सही निर्णय लेने में मदद मिली।


कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के बाहर चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को निर्देशित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह। ● अमृत विचार

● कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के चुनाव में अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

# मानसिक रोगों के लक्षणों की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन
● शहर के केए कॉलेज में शील्ड देकर सम्मानित किए गए प्रतिभागी

**अमृत विचारः** शहर के अमांपुर रोड़ स्थित केए कॉलेज में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को पोस्टर प्रतियोगिता और कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया। स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित कार्यशाला में जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम ने छात्राओं को मानसिक रोगों के लक्षणों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल के मनकक्ष कमरा नंबर 204 में मानसिक रोगी संपर्क कर जानकारी हासिल कर सकते हैं। सेवाओं एवं टेली मानस के टोल फ्री नंबर 14416 पर कॉल कर चिकित्सकों से बीमारी के बारे में सलाह ले सकते हैं। पोस्टर प्रतियोगिता में कुमारी साक्षी जैस्मिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि दूसरे स्थान पर ऋद्धा जैस्मिन, तीसरे स्थान पर भावना यादव रही।

आयोजकों ने स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर डॉ. अंकित यादव, अरुण कुमार शर्मा, एडवोकेट सतेंद्र पाल सिंह वैस, विनय जैन, कॉलेज प्राचार्य, वीरेंद्र कुमार, शुभम पचौरी, डॉ. पूनम रानी शर्मा, डॉ. सबिस्ता अंजुम व शिक्षक मौजूद रहे।


पोस्टर प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देते अतिथि।

# जब से तुम संग लौ लगाई मैं बड़ी मस्ती में हूं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** कृष्णानगर कॉलोनी स्थित श्री कृष्णा मंदिर से कार्तिक मास में तीसरे दिन निकाली गई प्रभातफेरी का स्वागत दिलावरगंज में अधिवक्ता दीप गुप्ता के आवास पर किया गया। लड्डू गोपाल का स्वागत पुष्पवर्षा से किया गया, इसके बाद मंदिर कमेटी के लोगों ने भजन-कीर्तन किया।

शनिवार को पारंपरिक ढंग से कृष्णानगर मंदिर से लड्डू गोपाल की प्रभात फेरी मोहल्ले का भ्रमण करते दिलावरगंज पहुंची, जहां मंत्रोच्चार के साथ लड्डू गोपाल का पूजन अर्चन किया गया। इसके बाद मंदिर के कार्यवाहक प्रधान हरीश बजाज ने गणपति वंदना की, इसी क्रम में अंकित सचदेवा ने मैंने मोहन को बुलाया है वह आता होगा, नवीन सचदेवा, रविंद्र मिश्रा गौरव अरोड़ा ने जब से तुम संग लौ लगाई मैं बड़ी मस्ती में हूं, पार्थ सचदेवा ने मेरी खुशियों का रहा ना ठिकाना, अनिल कक्कड़ ने मेरे सरकार का दीदार बड़ा प्यारा है, मनमोहन अरोरा बिट्टू ने फूलों से सज रहे हैं श्री वृंदावन बिहारी, देवेंद्र खुराना और शिवांश ने ई चमक ई दमक फुलवन मा महक सब कुछ सरकार तुमहि से है भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मस्त कर दिया। समापन पर फूलों की होली खेलते हुए सभी ने भावविभोर होकर खूब नृत्य किया। डॉ. अनुज गोयल, प्रधान सुशील नारंग, डॉ. सत्यप्रकाश मिश्रा, जयप्रकाश नारायण दीक्षित, प्रतीक गुप्ता, अनूप गुप्ता, संजीव मौर्या, पंकज गुप्ता, राजीव मिश्रा, माया प्रकाश दीक्षित, गोपाल रस्तोगी, सुधा गुप्ता, डॉ. सिम्मी हरीश सचदेवा, अक्षय श्रीवास्तव, रिषभ शर्मा, श्रेय गुप्ता, प्रेम नारंग, अखिलेश शास्त्री आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।


प्रभातफेरी के स्वागतकर्ता दीप गुप्ता को उपहार देते प्रधान सुशील नारंग।

● कार्तिक मास की प्रभात फेरी का दिलावरगंज में हुआ स्वागत भजनों पर झूमें श्रद्धालु

## सार-संक्षेप

### पटाखों के भंडारण व बिक्री की दी जाए अनुमति



**जलालाबाद, अमृत विचार :** दीपावली पर लगने वाली आतिशबाजी एवं पटाखे की बिक्री के लिए भंडारण की अनुमति दिए जाने की मांग को लेकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने एसडीएम उत्सव आनंद को ज्ञापन दिया। शनिवार को दिए गए ज्ञापन में बताया पिछले कुछ वर्षों से शासन ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि दीपावली त्योहार पर आतिशबाजी की दुकानें नगर के बाजार से बाहर लगती है। जिनकी दुकानदार पहले से तहसील प्रशासन से लिखित अनुमति लेते हैं। अनुमति मिलते ही आतिशबाजी के कारखानों से आतिशबाजी का माल लाकर अपने दुकान या मकान पर रखते हैं। उसके बाद त्योहार से तीन दिन पूर्व दुकानों पर मैदान में ले जाते हैं। जहां पर वह अपने माल की बिक्री करते हैं। उन्होंने ज्ञापन में मांग की कि आतिशबाजी के विक्रेताओं को 10 दिन पूर्व परमीशन स्वीकृत करें। आतिशबाजी के छोटे विक्रेताओं को बिना वजह परेशान न किया जाए, जो आतिशबाजी के विक्रेता पूरे वर्ष हर समय आतिशबाजी की बिक्री करते हैं उनकी जांच की जाए और लाइसेंस न मिलने पर कार्रवाई की जाए। दीपावली पर्व पर छोटे रेहड़ी, पटरी के दुकानदारों पर अवैध वसूली न की जाए। ज्ञापन देने वालों में मुनिराज सिंह, सचिन पांडे, विपिन सिंह, राघवेंद्र सिंह, शिव सक्सेना, राहुल, बिट्टू गुप्ता, अजय चंदेल, गूगल किशोर, चिराग मिश्रा आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

### झूले लगाने को लेकर मिल प्रबंधन, ग्रामीणों में विवाद



**रौसर कोठी, अमृत विचार :** रोजा चीनी मिल और ग्रामीणों के बीच शनिवार को रामलीला मेले में दुकानें और झूले लगाने को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। रौसर कोठी में कई वर्षों से चीनी मिल और ग्रामीणों के सहयोग से रामलीला का मंचन होता आया है। 25 अक्टूबर से रामलीला का मंचन शुरू होना सुनिश्चित हुआ है। रामलीला में दुकानें और झूले लगाने को लेकर चीनी मिल ने स्थान परिवर्तन कर दिया। इस पर स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध कर झूला उसी जगह पर लगवा दिया जहां प्राचीन समय से लगता आया है। विवाद थाना रामचंद्र मिशन में पहुंच गया। मौके पर प्रभारी निरीक्षक ने दोनों पक्षों को सुना और ग्रामीणों व मिल प्रबंधन के बीच वार्ता करा कर मामले को शांत करा दिया।रोजा चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक प्रवीण सिंह ने बताया कि मिल प्रबंधन और क्षेत्रवासियों के बीच कोई विवाद नहीं हुआ था। रामलीला मेले में झूला लगाने की जगह को लेकर मतभेद हुए थे। मामले को वार्ता कर निपटा लिया गया है। अब कोई विवाद नहीं है। झूले पूर्व में जिस स्थान पर लगते थे, उसी स्थान पर लगाए जाएंगे।

### प्रधानी के चुनाव की रंजिशन में किया घायल

**सिंधौली, अमृत विचार :** चार पहिया गाड़ी की टक्कर लगने से हुए विवाद में दो पक्षों में जमकर डंडे चले और हवाई फायरिंग हुई। पुलिस ने प्रधान पति समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव पनवाड़ी निवासी अशोक मिश्रा शुक्रवार की रात में अपने खेत पर धान कटवाकर ट्रॉली सड़क किनारे खड़ी कर दी थी। इसी दौरान पीछे से आई बोलेरो ने अशोक मिश्रा को टक्कर मार दी। उनकी बोलेरो में सवार पनवाड़ी के प्रधानपति रामदेव शुक्ला से कहासुनी हो गयी। अशोक धान की ट्रॉली लेकर घर आ गए। वह अपने भाई विजय मिश्रा और पुत्र आशीष मिश्रा के साथ घर के बाहर बैठे थे। आरोप है कि प्रधान पति साथियों के साथ उसके दरवाजे पर आ गए। आरोपियों ने अशोक के घर पर हमला बोल दिया, जिससे उसके भाई विजय मिश्रा घायल हो गए। पीड़ित का आरोप है कि प्रधानी चुनावी रंजिश है। आरोप है कि हवाई फायर किए। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि आधा दर्जन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# पेड़ काटे जाने में डीएफओ ने खुटार रेंजर से मांगा स्पष्टीकरण

संवाददाता, खुटार

● सिहुरा वनचौकी के बरनई जंगल में अवैध कटान का मामला
● एसडीओ की जांच में हुआ था खुलासा, फिर भी कार्रवाई नहीं

**अमृत विचारः** सिहुरा वनचौकी के पास कोरों के चार पेड़ काटे जाने के मामले में अब डीएफओ नवीन खंडेलवाल ने खुटार रेंजर मनोज श्रीवास्तव से इसका स्पष्टीकरण मांगा है।

खुटार के कई हेक्टेयर में फैले जंगलों में बेशकीमती पेड़ है। जिसके चलते माफियाओं की नजर इधर टिकी रहती है। 11 अक्टूबर को सिहुरा वनचौकी से बरनई जंगल में चार पेड़ चोरी से काट दिए गए थे। रात को ही माफिया वाहन में लकड़ी को लादकर ले गए थे। वन विभाग को कटान की सूचना 13 अक्टूबर हो पाई थी। खुटार के वनकर्मियों ने जांच की थी और कटान पाया था लेकिन सूचना उच्चाधिकारियों को नहीं दी गई थी और मामले को दबाए रखा गया। लोगों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की थी। डीएफओ नवीन खंडेलवाल के आदेश के बाद एसडीओ डॉ. सुशील कुमार ने जांच की थी। जहां कोरों के चार पेड़ का अवैध कटान पाया था। इसमें खुटार के वनकर्मियों की लापरवाही सामने आई थी। सिहुरा जंगल में कटान में वनकर्मी की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। इसके बावजूद अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

सिहुरा जंगल में हुए अवैध काटन में डीएफओ द्वारा खुटार रेंजर से स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। – डॉक्टर सुशील कुमार, एसडीओ वन विभाग, शाहजहांपुर

# करवा चौथ आज, सुहागिनों ने लगवाई डिजाइनर मेहंदी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** विवाहित महिलाओं के सुहाग का प्रतीक पर्व करवा चौथ रविवार को मनाया जाएगा। करवा चौथ के उपवास पर रहने वाली महिलाओं ने एक दिन पहले पूजा की तैयारियों के लिए खरीददारी की। पूजा सामग्री के साथ त्योहार पर सजने-संवरने के लिए श्रृंगार सामग्री, विशेष रूप से चूड़ियां-कंगन आदि की खरीददारी की और बाद में डिजाइनर मेहंदी लगवाकर घर पहुंचीं।

करवा चौथ व्रत के लिए उत्साहित महिलाओं ने शनिवार को दिन में भोजन आदि से निवृत्त होकर बाजार का रुख किया और पूजन के लिए कलश यानि करवा के साथ अन्य सामग्री के रूप में सीकें, च्यूड़ा, करवा चौथ का कैलेंडर, छलनी, पूजन थाल, मिष्ठान, फल आदि की खरीददारी की। बहादुरगंज, चौक, मंडी समेत अन्य बाजार में श्रृंगार सामग्री और चूड़ियों की दुकानों पर जबरदस्त भीड़ रही। महिलाओं ने श्रृंगार के लिए लाल-हरी चूड़ियों और फैंसी कंगनों की जमकर खरीद की। इसके बाद मेहंदी लगवाने का नंबर आया।

मेहंदी लगवाने के लिए चूड़ी वाली गली, ब्यूटी पार्लर आदि स्थानों पर युवक-युवतियां बड़ी संख्या में बैठे दिखाई दिए। भीड़ के कारण महिलाओं को अपनी बारी की प्रतीक्षा करनी पड़ी।

बड़ी संख्या में महिलाएं खासकर धनाढ्य परिवारों की महिलाओं ने ब्यूटी पार्लर जाकर हेयर कटिंग कराकर त्योहार की खुशियां मनाने की तैयारी की। त्योहारी खरीद के लिए देर रात तक बाजार में भीड़ दिखाई दी।


पूजन सामग्री खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


बाजार में मेहंदी लगवातीं सुहागिनें। ● अमृत विचार

### इमरती-रबड़ी, जलेबी की रही मारामारी

करवा चौथ पर उपवास से पहले इमरती-रबड़ी और जलेबी खाने की भी परंपरा सी पड़ गई है। इसी परंपरा को देखते हुए दुकानदारों ने सुबह से तैयारियां शुरू कर दी थीं, सुबह से इमरती बनाने का काम शुरू हो गया था, ताकि शाम को भीड़ बढ़ने पर लोगों को प्रतीक्षा न करनी पड़े। महानगर में हर सड़क और गली की मोड़ पर देशी घी की खुशबू आ रही थी। दुकानदारों ने लोगों की डिमांड के आधार पर रिफाइंड के साथ देशी घी की जलेबी और इमरती बनानी शुरू कीं। आधी रात तक मिठाई की दुकानों पर लोग उमड़ते रहे।

# दो तस्कर गिरफ्तार, बाघ के पांच दांत व तीन नाखून बरामद

## बरेली से आई एसटीएफ ने वन अधिकारियों के साथ की कार्रवाई

संवाददाता, पलिया कलां (खीरी)

**अमृत विचार:** यूपी एसटीएफ टीम बरेली एवं क्षेत्रीय वन अधिकारियों की टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर बाघ के पांच दांत व तीन नाखून बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

यूपी एसटीएफ बरेली की टीम को जानकारी मिली थी कि पलिया-निघासन मार्ग पर गांव मरुआ पश्चिम के पास कुछ व्यक्ति बाघ के कुछ अंगों की तस्करी का प्रयास कर रहे हैं। शनिवार सुबह एसटीएफ बरेली की टीम पलिया पहुंची और प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तर खीरी वन प्रभाग, बफर जोन दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग के पलिया रेंज ऑफिसर विनय कुमार को साथ लेकर संयुक्त ऑपरेशन चलाया।

टीम ने घेराबंदी कर थाना सिंगाही के गांव भैरमपुर निवासी दीनदयाल व सतीश को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से बाघ के पांच दांत, तीन नाखून, बाइक, दो मोबाइल व 350 रुपए बरामद किए। दोनों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में केस दर्ज कर जेल भेज दिया।


आरोपी दीनदयाल।


आरोपी सतीश।

- थाना सिंगाही के गांव भैरमपुर के रहने वाले हैं दोनों आरोपी

### टीम में यह अधिकारी रहे शामिल

टीम में क्षेत्रीय वन अधिकारी पलिया रेंज विनय कुमार, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी शिव बाबू सरोज, वनरक्षक रमाकांत मिश्र सहित यूपी एसटीएफ बरेली के उपनिरीक्षक राशिद अली, मुख्य आरक्षी संदीप कुमार, सुशांत यादव, संजय यादव आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### शिकायत पर मिला जवाब नेतागिरी मत करो

**पुवायां, अमृत विचार :** मंडी समिति में आरएफसी के 11 क्रय केंद्रों समेत कुल 27 क्रय केंद्र धान खरीद के लिए लगाए गए है। आरएफसी के क्रय केंद्रों को छोड़कर शेष कोऑपरेटिव के क्रय केंद्रों पर सिर्फ नाम मात्र के लिए खरीद की जा रही है। जेवां गांव के रमाकांत मिश्रा 300 क्विंटल धान लेकर मंडी समिति पहुंचे और कोऑपरेटिव के एक क्रय केंद्र पर उतार दिए, तीन दिन धान पड़े रहने के बाद भी जब केंद्र प्रभारी ने धान की तौल नहीं की तो परेशान होकर किसान रमाकांत मिश्रा ने दोबारा धान ट्रॉली में भर कर आरएफसी के केंद्र पर ले जाकर धान चलवाया। इसी दौरान एसडीएम संजय कुमार पांडेय ने निरीक्षण किया तो रमाकांत ने कोऑपरेटिव के क्रय केंद्रों की शिकायत करते हुए कहा कि कोऑपरेटिव के सेंटर किसानों से धान के खरीद नहीं कर रहे। आरोप है कि इस बात पर भड़के एसडीएम संजय कुमार पांडे ने जवाब दिया कि अधिक नेतागिरी मत करो। वहीं डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडेय ने बताया कि जो क्रय केंद्र अभी तक मंडी समिति में लगाए नहीं गए हैं, उनकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी गई है, साथ ही संबंधित को तीन दिन का समय दिया गया है। यदि तीन दिन में क्रय केंद्र एक्टिव नहीं किए गए, तो ऐसे सभी क्रय केंद्र निरस्त कर दिए जाएंगे।

### हॉकी की मंडलीय टीम का चयन

**बरेली, अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को पं. दीन दयाल उपाध्याय प्रतियोगिता के लिए मंडल की हाकी टीम के ट्रायल हुए। इसमें बरेली के 16, पीलीभीत के चार ,शाहजहांपुर के छह और बदायूं के 10 खिलाड़ी पहुंचे। ट्रायल के बाद टीम में मोहित रामानंद, रंधीर, दीपांधु, जय हिंद, मो. दानिश, जतिन, दिवांशु, सौरभ, सजल, फईम, तौहीद, राजन, शाहिद, विवेक और अंकित का चयन किया गया। सूरज, रूपेश और अवनीश को आरक्षित वर्ग में चयनित किया गया। इस दौरान आरएसओ जितेंद्र यादव, वसीम खां, सुमित, कमल किशोर, अविनाश, उपस्थित रहे। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन झांसी में 23 से 28 अक्टूबर को होगी।

## पत्नी ने ब्लेड से काट दिया पति का गला

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** दिल्ली से करवा चौथ मनाने आए पेंटर पति से पैतृक मकान अपने नाम कराने को झगड़ने के दौरान गुस्साई महिला ने चाकू से उसकी गर्दन पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। घटना के बाद से पेंटर की पत्नी अपनी तीनों बेटियों को लेकर घर से भाग गई है।

थाना मझोला थाना क्षेत्र में न्यू दुर्गा कालोनी खुशहालपुर निवासी पेंटर सागर कुमार की शादी 2010 में हेमा वर्मा के साथ हुई है। सागर कुमार की 3 बेटियां हैं। वह पिछले 10 दिन से दिल्ली में काम कर रहा था। करवा चौथ के लिए वह शुक्रवार की रात दिल्ली से लौटा था। घर पहुंचते ही पत्नी ने झगड़ा शुरू कर दिया। पत्नी चाहती है कि मकान उसके नाम कर दिया जाए, जबकि अभी तक पैतृक घर का बंटवारा नहीं हुआ है। मकान सागर की दादी के नाम पर है। सागर ने बताया कि पत्नी ने ब्लेड से उसके गले पर कई वार कर दिए। जिला अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है।

## भाजपा ब्रज प्रांत में मेयर ने सबसे ज्यादा बनाए सदस्य

बरेली कार्यालय

- पीलीभीत के मंत्री, बदायूं के विधायकों को भी मिला स्थान
- दुर्विजय सिंह शाक्य ने ब्रज प्रांत की जारी की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** भाजपा के ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने 10 हजार प्राथमिक सदस्यों बनाने वाले जनप्रतिनिधियों की रिपोर्ट जारी की है। ब्रज प्रांत में बरेली के मेयर डॉ. उमेश गौतम ने सबसे अधिक सदस्य बनाए हैं। इसे अलावा दो मंत्री और एक विधायक का नाम भी शामिल है।

ब्रज प्रांत में 35 लाख से अधिक प्राथमिक सदस्य बने हैं। इससे साफ है कि भाजपा के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने सदस्यता अभियान में शीर्ष स्थान और बेहतर काम करने वाले जनप्रतिनिधियों की रिपोर्ट जारी की। इसमें पहले नंबर पर मेयर डॉ. उमेश गौतम ने 26956, दूसरे पर केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा 20669 हैं। विधायक पीलीभीत संजय गंगवार ने 14500, विधायक बदायूं महेश गुप्ता ने 12530, विधायक दातागंज राजीव कुमार सिंह उर्फ बबलू ने 11800, मंत्री धर्मपाल सिंह ने 10760, एमएलसी आशीष यादव ने 10500, विधायक बिल्सी हरीश शाक्य ने 10280, विधायक नवाबगंज डॉ. एमपी आर्या ने 10140, मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना ने 10098, विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद ने 10001, जिला पंचायत अध्यक्ष बदायूं वर्षा यादव ने 10000 प्राथमिक सदस्य बनाए हैं। कई अन्य जन प्रतिनिधियों ने भी दहाई का आंकड़ा पार किया।

## हेड कांस्टेबल की थी सिर कटी लाश, पति गिरफ्तार

**मुरादाबाद/रामपुर,अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में रामगंगा किनारे मिली सिर कटी लाश रामपुर में तैनात महिला हेड कांस्टेबल रिंकी की थी। महिला हेडकांस्टेबल एक सप्ताह से लापता थी।

मायके वालों ने रामपुर के सिविल लाइंस थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मुरादाबाद में सिर कटी लाश मिलने की सूचना के बाद मायके पक्ष के लोगों ने पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंच कर हाथ में बने ओम के निशान और दाहिने हाथ की उंगली के नाखून की मदद से शिनाख्त की। इस मामले में रिंकी की मां ने उसके पति रामपुर में इंटेलीजेंस यूनिट में तैनात हेड कांस्टेबल सोनू के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हेड कांस्टेबल पति ने ही हेडकांस्टेबल पत्नी की हत्या करके शव को रामगंगा के किनारे ठिकाने लगाने के इरादे से फेंक दिया था। रामपुर पुलिस आरोपी हेडकांस्टेबल पति और उसके बहनोई से पूछताछ कर रही है।

## एंटी करप्शन पर साजिश के तहत फंसाने का आरोप

संवाददाता, जलालाबाद

- लेखपालों ने उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** लेखपालों ने साजिश के तहत फंसाने का आरोप एंटी करप्शन पर लगाते हुए मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के पदाधिकारियों की ओर से शनिवार को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि झूठी शिकायतों के आधार पर एंटी करप्शन की विजिलेंस टीम लेखपालों को रिश्वत देने के आरोप में पकड़ती है। यह प्रक्रिया एक साजिश के तहत की जाती है। शिकायतकर्ता लेखपाल की जेब में जबरन रिश्वत रख देता है या उसके हाथ में पकड़ा देता है। इससे लेखपाल व विभाग की छवि खराब होती है। शिकायतकर्ता के तथ्यों की निष्पक्ष जांच की जाए। उसके बाद कार्रवाई की जाए। लेखपालों ने बताया कि एंटी करप्शन कार्यालय की ओर से सामान्य शिकायत के आधार पर असली तथ्यों का परीक्षण किए बिना शिकायतकर्ता को उकसाकर स्वयं बोल-बोल कर शिकायती पत्र लिखवाया जाता है। प्री ट्रैप जांच की कागजी औपचारिकता कर उसी दिन अथवा अगले दिन लेखपाल को फंसाने के लिए प्रयास करके गिरफ्तार कर लिया जाता है। ज्ञापन देने वालों में कमलेश कुमार, रजनीश कुमार, सत्येंद्र कुमार, अनुराग शर्मा, दुर्गेश कुमार मिश्रा आदि रहे।

## जलालाबाद में एक क्विंटल मावा नष्ट कराया, चार सैंपल भरे

संवाददाता, जलालाबाद

- दीपावली के मद्देनजर सक्रिय हुआ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग
- व्यापारियों में मचा हड़कंप, कई स्थानों पर की छापेमारी
- तमाम स्थानों से मिल रही है मिलावटखोरी की शिकायत

**अमृत विचार:** दीपावली के त्योहार को देखते हुए खाद्य विभाग की टीम ने तहसीलदार के नेतृत्व में क्षेत्र के गांव टापर एवं फरीदापुर में छापेमारी की। जहां भूसे की कोठरी में बंद एक क्विंटल मावा बरामद किया, जिसे नष्ट करा दिया गया। इस के साथ ही 65 किलो लावारिस मावा और बरामद हुआ। कार्रवाई से मावा व्यापारियों में हड़कंप मच गया।

शनिवार को गांव फरीदापुर की मावा मंडी में खाद्य विभाग की टीम राजस्व व पुलिस बल के साथ छापेमारी करने पहुंची। मावा व्यापारी मौके से भाग गए। बाद में तहसीलदार पैगाम हैदर द्वारा कड़ाई से पूछने पर द्वारका प्रसाद के मकान में गौरव सिंह के बताए जाने पर उसकी कोठरी में रखा हुआ एक क्विंटल मावा बरामद किया गया। जिसमें दुर्गंध आ रही थी। टीम ने उसेतालाब में डालकर नष्ट कर दिया। वहीं मौके पर लावारिस रूप से रखा हुआ 65 किलो मावा बरामद किया गया। छापा मारने वाली टीम ने गॉव फरीदापुर के गौरव सिंह के खाद्य प्रतिष्ठान पर बिक्री करते हुए पाए जाने पर मावा के कुल चार नमूने लिए। जिनमें मझोला निवासी रामपाल, भुड़िया निवासी जंडैल सिंह, समेचीपुर निवासी सुरेंद्र, मंगतोरा निवासी धनपाल के मावा के सैंपल भरे गए। इन लोगो को नोटिस दिया गया। इसके अलावा खोया मंडी दिवियापुर में छापा मारा गया। इस कार्रवाई के दौरान कानूनगो विनोद कुमार, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बाघेशमणि त्रिपाठी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सौरभ सोनी, वरुण कुमार, अनिल कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

> जलालाबाद क्षेत्र में टावर, फरीदापुर और दिवियापुर मावा मंडी में छापेमारी की गई। लगभग एक क्विंटल मावा जो खराब प्रतीत हो रहा था, उसे नष्ट करा दिया गया है। चार खोया के नमूने लिए गए हैं। जिन्हें जांच के लिए भेजा जा रहा है।
> – चंद्रशेखर मिश्रा, सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा विभाग


फरीदापुर मंडी में खोया के सैंपल लेती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम।

## मिलावटी राशन में जांच करने पहुंची शासन की टीम

संवाददाता, शाहजहांपुर/ रौसर कोठी

- कोटेदारों के पास भेजे गए गेहूं में मिला था मिट्टी और कंकड़
- एक सप्ताह पूर्व डीएम ने किया था गोदाम का निरीक्षण

**अमृत विचार:** भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से कोटेदारों के पास भेजे गए गेहूं में मिट्टी और कंकड़ की मात्रा पाए जाने के बाद जनपद में खलबली मच गई है। राशन कोटे पर पहुंचे गेहूं में कंकड़ और मिट्टी निकलने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एक सप्ताह पूर्व जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मामले का संज्ञान लेते हुए गोदाम का निरीक्षण किया था। राशन कोटे पर भी डीएम ने खुद निरीक्षण कर मिट्टी और कंकड़ होने की पुष्टि की थी। इसके बाद भंडार गृह में तैनात 6 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया था, जिसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी की ओर से शासन को भेजी गई थी। मामला गरीबों को निःशुल्क वितरित होने वाले राशन से जुड़ा था इसलिए जिलाधिकारी की ओर से शासन को इसकी रिपोर्ट भेजी गई।

इसके बाद शनिवार को शासन से फूड कमिश्नर कामता प्रसाद, ज्वांइट कमिश्नर अचित पार्थ टीम के साथ सीधे भंडार गृह जांच करने पहुंचे और करीब 2 घंटे जांच करने के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि शासन की ओर से इस मामले की गंभीरता पूर्वक जांच करने के लिए टीम भेजी गई है। जांच में जो भी तत्व सामने आए हैं उनकी रिपोर्ट बनाकर शासन को सौंपी जाएगी। बता दें कि इस मामले में भाजपा विधायक अरविंद सिंह ने भी शिकायत की थी।

> अपर खाद्य आयुक्त की अध्यक्षता में गठित टीम लखनऊ से जांच को यहां पहुंची थी। जिसके द्वारा एफसीआई गोदाम में जांच पड़ताल कर रिपोर्ट तैयार की गई। जोकि शासन को सौंपी जाएगी। उनकी ओर से विपणन व अन्य कार्मिकों पर कार्रवाई की रिपोर्ट शासन को दी गई थी, उसमे सभी कार्मिक निलंबित किए जा चुके हैं।
> – धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डीएम

## बेटे की मौत का कारण पति और ससुराली

**खुटार, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव रजमना निवासी रामरानी ने पुलिस को बताया कि उसके पति ने दो शादी की थी। वह पहली ब्याहता है और मायका धर्मापुर गांव में है। दूसरी पत्नी के चक्कर में पति ने उसे और उसके दो बेटों हरिओम व छोटू को घर से निकाल दिया था। जनवरी 2010 को बेटे हरिओम को जिंदा जलाने का प्रयास भी किया था। तहरीर पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। इसके कुछ माह बाद हरिओम को मारपीट कर घायल कर दिया था। हालत बिगड़ गई थी। 16 अक्टूबर की रात उसकी मौत हो गई थी। बेटे की मौत के बाद मां रामरानी ने पति और ससुराल के अन्य लोगों को बेटे हरिओम की मौत का जिम्मेदार बताते हुए मामले की सूचना थाने पर दी थी। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। पीड़ित मां ने पति और ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद ही शव का अंतिम संस्कार करने की बात कही थी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन दिया है। वहीं थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी**

पत्रांक: 935/न.पा.प.गोला/2024–25 दिनांक: 19.10.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासन के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ–खीरी में स्वकर प्रणाली की व्यवस्था लागू की गयी है। अब भवन स्वामी अपने भवन का स्वयं कर निर्धारण करके गृहकर जलकर जमा कर सकते हैं। अत: भवन स्वामी अपने भवन का स्वकर फार्म प्रपत्र (क) कार्यालय से प्राप्त करके एक माह के भीतर अपना स्वकर फार्म प्रपत्र (क) जमा करें। निर्धारित अवधि में स्वकर फार्म प्रपत्र (क) भरकर जमा न करने की स्थिति में सम्पत्ति का सर्वेक्षण करते हुए भवन का कर निर्धारण किया जायेगा, जिस पर नियमानुसार गृहकर व जलकर देय होगा।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ–खीरी
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ–खीरी

## सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना मितौली क्षेत्र के एक गांव की महिला बंदरों से फसल बचाने खेत पर गई थी। मड़रिया गांव निवासी शमशाद, दीपेंद्र और राजीव ने उसे पकड़ लिया और गन्ने के खेत में खींच ले गए।

आरोप है कि तीनों युवकों ने उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला ने शोर मचाया तो उसके साथ आरोपियों ने मारपीट की। महिला ने शिकायत करने की बात कही तो शमशाद ने तमंचे सेगोली मारी दी। ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे परिवार के लोग उसे अस्पताल ले गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ और जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की थी। जांच के बाद सामूहिक दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी। पुलिस तीनों आरोपियों की तलाश कर रही थी। सीओ शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद मुख्य आरोपी शमशाद को तमंचा बरामद कराने शुक्रवार की रात गांव मडरिया के पश्चिम तालाब पर पहुंची। गन्ने के खेत में तमंचा उठाकर उसने पुलिस पर गोली चला दी और भागने लगा। इस पर प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने हवाई फायर किया, लेकिन वह नहीं रुका। पिस्टल से प्रभारी निरीक्षक ने दूसरी गोली चलाई तो वह शमशाद के बाएं पैर में जा धंसी, जिससे वह घायल होकर गिर गया। डॉक्टरों ने अनुसार हालत ठीक है।

## वाह रे सैटेलाइट! 13 स्थानों पर दौड़े अफसर-कर्मचारी, मौके पर मिलीं लहलहाती फसलें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- अब छह किसान ही पराली जलाने के पाए गए दोषी, वसूला गया 20 हजार जुर्माना

**अमृत विचार:** सैटेलाइट द्वारा जिले में पराली जलाने की दी गई सूचनाएं अफसर-कर्मचारियों के लिए मुश्किल का सबब बन रही है। सैटेलाइट द्वारा अब तक दी गई 20 सूचनाओं में से 13 स्थानों पर फसलें खड़ी पाई गई। जबकि एक अन्य घटना कूड़ा जलाने की रही। अब तक 6 किसानों की पुष्टि हुई है। इनसे 20 हजार रुपये का जुर्माना वसूला जा चुका है।

जनपद में बड़े पैमाने पर धान कटाई चल रही है। धान की कटाई के बाद किसान खेतों में ही पराली को जला देते हैं, ताकि अगली फसल की बुवाई जल्द की जा सके। हालांकि पराली जलाना दंडनीय अपराध है, हर साल ही इसको लेकर सख्ती बरती जाती है। इसके बावजूद पराली जलाने की घटनाएं प्रकाश में आती रहती है।

इधर, डीएम संजय कुमार सिंह ने पराली जलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पराली जलाने की घटनाओं की मॉनिटरिंग सैटेलाइट के माध्यम शुरू की गई है। पराली जलाने पर 02 एकड़ तक के क्षेत्रफल पर 2500 रुपये, 02 से 05 एकड़ क्षेत्रफल पर 5000 रुपये तथा 05 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में पराली जलाने पर 15000 रुपये जुर्माना दोषी किसान से वसूला जाएगा। इसके साथ दोषी किसानों के शत्र लाइसेंस को निरस्त करने के साथ उन्हें विभिन्न विभागों की योजनाओं के लाभ से भी वंचित करने के भी निर्देश दिए हैं। इधर सैटेलाइट के माध्यम से जनपद में 20 स्थानों पर पराली जलाने संबंधी सूचनाएं दी गई है। इनमें मात्र छह सही मिली। पराली जलाने वाले 06 किसानों से 20 हजार रुपये का जुर्माना वसूला जा चुका है। खास बात यह है कि 20 सूचनाओं में 13 घटनाएं जांच में गलत पाई गई। इन सभी 13 स्थानों पर फसलें मिलीं। जबकि एक स्थान पर कूडा जलता मिला था।

### गोशालाओं में भेजी गई है 4800 मीट्रिक टन

डीएम संजय कुमार सिंह ने किसानों ने फसल अवशेष न जलाने एवं खेतों की पराली को गोशालाओं में देने की अपील की है। उप निदेशक कृषि नरेंद्र पाल ने बताया कि जनपद में अब तक 4800 मीट्रिक टन पराली गोशालाओं में भेजी जा चुकी है। जबकि गत वर्ष मात्र 660 मीट्रिक टन पराली ही गोशालाओं में भेजी गई थी।

### 8500 मीट्रिक टन पराली बदायूं व उत्तराखंड भेजी

उप निदेशक कृषि ने बताया कि जनपद में 17 बेलरों के माध्यम से 8500 मीट्रिक टन पराली बंडल तैयार किए जा चुके हैं। इन पराली बंडलों को एचपीसीएल बदायूं और गत्ता फैक्ट्री बाजपुर उत्तराखंड भेजा गया है। गत वर्ष मात्र 2810 मीट्रिक टन पराली बंडल ही बाहर भेजे गए थे।

**कार्यालय ग्रा.पं. परसौना, वि.खं. बिथरी चैनपुर (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना फेस–2 मनरेगा ग्राम निधि के अन्तर्गत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन योजना के अन्तर्गत ई–रिक्शा क्रय, डस्टबिन क्रय और बनवाई प्लास्टिक बैंक इन्सीनेटर क्रय, आर.आर.सी. सेन्टर ISWMSC इत्यादि हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेन्ट, बालू मिट्टी, सरिया, मोरंग, रेता, पाइप, ईट प्रथम श्रेणी, ईट रोड़ा, बजरी, बजरफुट, ऐन्गिल, टीन चादर, सफेद, सीमेन्ट, पेंट, प्राइमर, वाल पेंटिंग सामग्री व राइटिंग सहित आदि सामग्री। एम.वी.एम./15वां वित्त/मनरेगा की धनराशि से प्रस्तावित है। 1. आर.आर.सी. सेन्टर 2. ई–रिक्शा 3. साईकिल रिक्शा 4. कम्पोस्ट पिट 5. सामुदायिक सोकपिट 6. फिल्टर चैम्बर 7. WSP 8. वर्मी कम्पोस्ट 9. भस्मक। उपरोक्त कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी पंजीकृत फर्मो के चयन हेतु आपातकालीन सामान्य विक्रेता (निविदा) आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्त एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है। जिसे ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाताओं की जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन एवं जैम पोर्टल, पेन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निर्माण कार्य समिति/ग्राम पंचायत की होगी। निविदा दिनांक 22.10.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर पूर्वान्ह 10 बजे से 4 बजे अपरान्ह तक ली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह में खोली जायेगी।

मेराज़उद्दीन–ग्राम प्रधान    भगवान दास–सचिव

योजना: पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं के साथ बरेली में सड़कें बनवाने को 21.67 करोड़ रुपये जारी

## सड़कों के निर्माण पर 69 . 81 करोड़ रुपये खर्च होंगे

**बरेली, अमृत विचार :** कृषि विपणन की सुविधाएं बढ़ाने के लिए एकमुश्त व्यवस्था योजना के तहत मंडल के चीनी मिल परिक्षेत्रों में 96 सड़कों का निर्माण होगा। करीब 69 करोड़ 81 लाख रुपये निर्माण पर खर्च किए जाएंगे। संयुक्त सचिव नीरजा सक्सेना ने प्रमुख अभियंता लोनिवि को सभी सड़कों की सूची के साथ स्वीकृत लागत और आवंटित धनराशि की जानकारी सहित चिट्ठी जारी की है।

बदायूं में बढोभर कुईया/बिल्सी मार्ग से भरकुईया मार्ग तक 114 लाख, बदायूं-बरेली मार्ग से दिउरियाजीत संपर्क मार्ग पर 64.52 लाख रुपये की लागत से सड़क बनेगी।

शाहजहांपुर जिले में राजनपुर से शेरगढ़ संपर्क तक 103.38 लाख, कुरियांकला चोहनापुर मार्ग से फतेपुर ताहरपुर मार्ग तक 72.18 लाख, कटरा जलालाबाद रोड से करनपुर पडरी संपर्क मार्ग तक 79.34 लाख रुपये, गुमटा से कुर्रिया ढोढो तक 54.71 लाख, फतेहगंज गौहापुर संपर्क मार्ग से वाया भगतपुर गोविंदपुर तक 44.63 लाख, जलालपुर से बादशाहनगर तक 153.79 लाख, खुदागंज निगोही मार्ग से इंडिया संपर्क मार्ग तक 59.88 लाख, पुवांया जेबी मार्ग से ढकिया खुर्द तक 31.84 लाख, भूड़िया से आलियापुर संपर्क मार्ग तक 66.93 लाख, नाहिल गुलौली मार्ग से बेलाबाली मार्ग तक 102.95 लाख, बंडा-बिलसंडा मार्ग से कल्यानपुर भारती तक 69.66 लाख, परसौना खलीलपुर से बिलगौटिया तक 55.38 लाख, कटरा खुदागंज मार्ग से फुलवा संपर्क मार्ग तक 124.78 लाख, दढ़िया चौढेरा खदहाबाबा से पकड़िया संपर्क मार्ग तक 150.45 लाख, नया गांव से रूजवारी संपर्क मार्ग तक 148.95 लाख, पुवांया खुटार मार्ग से रूजहा खुर्द मार्ग प्रथम भाग तक सड़क निर्माण पर 101.59 लाख रुपये खर्च होंगे। कुल 18 सड़कें बनेंगी।

### पीलीभीत में 38 सड़कें बनेंगी

पीलीभीत जिले में गजरौला माला रोड से नगफन गांव तक 59 .10 लाख, गजरौला माला रोड से बिंदरा आदि फार्म की ओर करीब 42 लाख रुपये, शाहगढ़ मथना कुंवरपुर मार्ग तक 42 .74 लाख, आसाम रोड सिसैया से गजरौला कलाखुर्द मार्ग तक 70 .98 लाख, शाहगढ़ स्कूल के पास से पुरानी पुलिया से मानपुर मार्ग तक 117 .97 लाख, टोडरपुर बहरूआ डियूनीडाम रोड तक 66 .89 लाख, डियूनीडाम रोड से बहरूआ कालोनी मार्ग तक 95 .97 लाख, टनकपुर पीलीभीत रेलवे लाइन गौहनिया से बरहा वृद्धाश्रम बीसलपुर रेलवे मार्ग तक 134 लाख, कुर्री टंडोला मार्ग पर 59 .82 लाख, कल्यानपुर सिरसा सरदाह मार्ग से दियूरी दियूरा मार्ग तक 90 लाख, घुंघुचिहाई से डूडा कॉलोनी तक सड़क निर्माण पर 154 लाख रुपये खर्च होंगे। कुल 38 सड़कें बनेंगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 62/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।

**क्र.सं. 1:– कार्य का विवरण:** समइं/पीलीभीत के अधिकार क्षेत्र के अर्न्तगत पीलीभीत–टनकपुर अनुभाग में बनबसा–टनकपुर स्टेशन के मध्य ट्रैक पर मवेशियों को रोकने के लिए रेल फेन्सिंग लगाने का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 1,92,43,115.44, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 2,46,200/– निविदा प्रपत्र का मूल्य शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 04 माह।

1. ई– निविदा दिनांक 08.11.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी0), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू–274

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायाँ जनपद - शाहजहाँपुर**

पत्रांक: 290/न.पा.प.–पु./2024 दिनांक : 19 अक्टूबर 2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्र. शासन, नगर विकास विभाग अनुभाग–9 की अधिसूचना संख्या–1148/नौ–9–2024–85 ज/05 टी.सी.–1 दिनांक 04 जुलाई, 2024 को अधिसूचना उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के मासिक मूल्य पर कर) नियमावली–2024 के प्रस्तर–5 में प्रत्योजित शक्ति का प्रयोग करते हुये अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पुवायाँ, शाहजहाँपुर उक्त अधिसूचना में प्राविधित उपबन्धों के अधीन वर्गवार/श्रेणीवार भवन/भूमि समूह के लिये प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) हेतु न्यूनतम मासिक किराया दर निर्धारित करती है। जिस व्यक्ति, संस्था/गैर सरकारी संस्थान/सरकारी विभाग को निर्धारित मासिक किराया दर पर आपत्ति हो तो अधिसूचना के प्रस्तर–5 (ख) में विहित प्रक्रियाधीन 15 दिनों के अन्दर जरिये पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/ई–मेल द्वारा npppowayan@gmail.com पर दिनांक 06.11.2024 सायं 05 बजे तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। आपत्तियों का निस्तारण बण्डलवार विनिश्चय किया जायेगा न कि आत्तियों को या हितबद्ध व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से सुना जायेगा। निर्धारित न्यूनतम वार्षिक किराया दर के आधार पर अधिरोपित होने वाला कर (भवन एवं भूमि/प्लाट) अधिसूचना की प्रस्तर–5 (2) के अनुसूची की श्रेणी में 1, 2, 3 एवं 4 के अनुसार कर अधिरोपित किया जायेगा। प्रस्तर 5 (2) की वर्गवार की निर्धारित अनुसूची में वर्गीकृत प्रकृतिवार कर निर्धारण समझा जायेगा। प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण अधिसूचना के प्रस्तर–(ख) के अनुसार बण्डलवार दिनांक 08.11.2024 को कार्यालय नगर पालिका परिषद पुवायाँ, शाहजहाँपुर के बैठक कक्ष में पूर्वाहन 11:00 बजे किया जायेगा।

**नगर पालिका परिषद पुवायाँ के समस्त वार्डों में निर्धारित मासिक किराये की दर (प्रति वर्ग फुट)**

| भवन या भूमि अवस्थित है। | आर.सी.सी. छत या आर. बी. छत सहित पक्का भवन (धनराशि रू. में) | अन्य पक्का भवन, एस्वेस्टस/फाईवर या टिन शेड (धनराशि रू. में) | कच्चा भवन अर्थात समस्त अन्य भवन जो (एक) एवं (दो) में आच्छादित नहीं है। (धनराशि रू. में) | खाली भूमि/प्लाट (धनराशि रू. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 24 मी. से अधिक चौड़े मार्ग पर | 2.40 | 2.00 | 1.50 | 0.50 |
| 12–24 मी. तक चौड़े मार्ग पर | 1.50 | 1.25 | 1.00 | 0.40 |
| 09–12 मी. तक चौड़े मार्ग पर | 1.25 | 1.00 | 0.75 | 0.30 |
| 09 मी. से कम चौड़े मार्ग पर | 0.75 | 0.60 | 0.40 | 0.20 |


नोट:–
- अधिसूचना के प्रस्तर 5 (2) के अधीन उल्लिखित सूची के अनुसार व्यवसायिक भवन/भूमि की दर सामान्य दर का दो गुना से तीन गुना तक होगा।
- अधिसूचना के प्रस्तर –7 के अधीन भवन/भूमि के वार्षिक मूल्य की गणना की जायेगी, वार्षिक मूल्य का 10% सामान्य गृहकर 7.5% जलकर तथा 2.5% जल निकास कर लागू होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद पुवायाँ
शाहजहाँपुर

# विदेशियों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## अमेरिका व कनाडा से गिफ्ट कार्ड-क्रिप्टो करेंसी के नाम पर करते थे ठगी, 12 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- कंप्यूटर में वायरस डालकर करते थे हैक, फिर ठीक करने के नाम पर फंसाते थे लोगों को

**अमृत विचार :** अमेरिका और कनाडा के लोगों के कंप्यूटर में वायरस डालकर ठीक करने के बहाने ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश पीजीआई पुलिस ने किया। इस गिरोह के 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह वृंदावन कालोनी स्थित एवरेस्ट अपार्टमेंट के फ्लैट में कॉल सेंटर खोलकर तीन माह से ठगी करता था। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है। ताकि उनको भी गिरफ्तार किया जा सके।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि पीजीआई पुलिस और सर्विलांस टीम ने शुक्रवार को वृंदावन योजना स्थित एवरेस्ट अपार्टमेंट के टावर-1 के फ्लैट नंबर 201 में छापा मारा। मौके से कानपुर नगर निवासी चंदन उर्फ रिक्की, राजस्थान के भरतपुर का मोहन श्याम शर्मा, ठाकुरगंज के उत्कर्ष, रायबरेली के नीरज कुमार, हजरतगंज के करन सिंह, संतकबीरनगर के तरूण गुप्ता, दिल्ली के नीरज पांडेय, गोंडा के सिद्धार्थ कश्यप, अलीगंज के ऋतुराज गुप्ता, बहराइच के सोमनाथ, चंदौली के विराट कुमार और बस्ती के रामजनक को गिरफ्तार किया गया।

**फ्लैट में चला रहे थे कॉल सेंटर :** डीसीपी पूर्वी ने बताया कि फ्लैट में बिना अनुमति के कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा था। गिरोह का सरगना राजस्थान के भरतपुर का मोहन श्याम शर्मा है। उसने तीन माह पहले ही फ्लैट को किराए पर लिया था। पुलिस टीम को मौके से 11 लैपटॉप, 7 चार्जर, एक टैबलेट, दो एयर फाइबर डिवाइस, दो राउटर, दो हेडफोन, दो माउस और 17 मोबाइल फोन मिला।

### अमेजन और एप्पल का गिफ्ट कार्ड खरीदकर मांगते थे कोड

डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि अमेरिका और कनाडा के लोगों के कंप्यूटर में पॉपअप भेजते थे। जैसे ही इसे क्लिक किया जाता था कंप्यूटर हैक होजाता। साथ ही कंप्यूटर सही करने के लिए जालसाज अपना इंटरनेट नंबर शेयर कर देते थे। कंप्यूटर प्रयोग करने वाला जब आरोपियों के नंबर पर कॉल करता तो अल्ट्रा विवर एप्लीकेशन के जरिये उनका कंप्यूटर हैक कर लेते। इसके बाद सही करने के बदले में हजारों रुपये की कीमत वाले अमेजन और एप्पल गिफ्ट कार्ड खरीदकर उसका कोड मांगते थे। पीड़ित से कोड मिलने के बाद आरोपी कोड को अपने गिरोह के साथियों को टेलीग्राम एप के माध्यम से देते थे। इसके बाद गिफ्ट कार्ड का कोड रिडीम कर लेते थे। इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश तिवारी ने बताया कि जालसाज खुद को माइक्रोसाफ्ट और एप्पल कंपनी का अधिकारी बनकर कॉल करते थे। पीड़ित को इस बात का जरा भी भान नहीं होने देते कि वह अधिकारी नहीं है। आरोपी विदेशियों से बातचीत करने के लिए एक्स-लाइट (X-LITE) और आईबीम (eyeBeam) कॉलिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरोह का नेटवर्क पूरे देश में फैला है। अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। बरामद हुए सभी सामान को फोरेंसिक जांच के लिए लैब भेजा जाएगा।

## युवती की अवैध निरुद्धि के मामले पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक युवती की अवैध निरुद्धि के मामले में कहा कि इस अवैध निरुद्धि के लिए पीड़िता नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र है। प्रेम विवाह करने वाली युवती को बेवजह बालगृह, बलिया में 2 वर्ष 9 माह तक रखना गैरकानूनी है, जिसके लिए युवती कार्यवाही करने की मांग कर सकती है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने मऊ स्थित मधुबन थाना क्षेत्र निवासिनी युवती द्वारा दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया। दरअसल बलिया की युवती प्रेम विवाह करने के बाद अपने पति के साथ हैदराबाद में रह रही थी। परिजनों ने उसके पति के खिलाफ अपहरण के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई।

## हाजी इरफान सोलंकी के मामले की सुनवाई 27 नवंबर को

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में हाजी इरफान सोलंकी व दो अन्य के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 482 के तहत राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए सीएमएम, कानपुर नगर और पुलिस द्वारा उचित कार्यवाही के लिए कदम उठाने तथा विपक्षियों को पुनः नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। मामले को 27 नवंबर 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया है। मालूम हो कि वर्ष 2017 में पुलिस स्टेशन कर्नलगंज, कानपुर नगर में आईपीसी व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की विभिन्न धाराओं के तहत उप निरीक्षक आनंद कुमार द्विवेदी ने दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया कि चुनाव में लाभ प्राप्त करने की नीयत से तथा वोटरों को लुभाने के लिए इरफान सोलंकी आदि ने आचार संहिता का उल्लंघन किया था।

## सार-संक्षेप

### माफिया विजय मिश्रा की पत्नी और करीबी रिश्तेदारों की 14.39 करोड़ की संपत्ति जब्त

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) की प्रयागराज टीम ने शनिवार को माफिया विजय मिश्रा की पत्नी और करीबी रिश्तेदारों की चार संपत्तियों को जब्त कर लिया है। इन संपत्तियों में कृषि और आवासीय प्लॉट हैं। इनकी खरीदारी मेसर्स वीएसपी स्टार रियल्टी प्रा. लि. के माध्यम से की गई थी। जब्त संपत्तियों में 12.54 करोड़ की प्रयागराज, रीवा और दिल्ली में है। वहीं, माफिया के करीबी रिश्तेदार वीरेंद्र तिवारी की 1.85 करोड़ की एफडी भी जब्त की गई। माफिया विजय मिश्रा की पूर्व एमएलसी पत्नी रामलली मिश्रा, भोलानाथ शुक्ला और चंदन तिवारी मेसर्स वीएसपी स्टार रियल्टी प्रा. लि. कंपनी का संचालन करते हैं। ईडी ने विजय मिश्रा, उनकी पत्नी रामलली के खिलाफ विजिलेंस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच में सामने आया कि विजय और उनकी पत्नी लोक सेवक के रुप में काम करते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया। कंपनी बनाकर दिल्ली के जसोला में 11.07 करोड़ रुपये की संपत्ति खरीदी। ईडी ने इसे 28 फरवरी को जब्त कर लिया था। इसके किराये से मिली रुपये से प्रयागराज में एक और संपत्ति खरीदी गई। इसके अलावा मध्य प्रदेश के रीवा में चंदन तिवारी के नाम से संपत्ति खरीदी गई।

### 1781 हेडकांस्टेबल बने दरोगा

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में तैनात 1781 हेड कांस्टेबल को दीपावली से पहले पदोन्नति का तोहफा मिला है। डीजीपी मुख्यालय से जारी आदेश में सभी को दरोगा बना दिया गया है। डीआईजी स्थापना अखिलेश कुमार चौरसिया ने शनिवार को इस मामले में आदेश जारी किया है। आदेश की प्रति पुलिस विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी गई है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ की ओर से गठित विभागीय प्रोन्नति समिति द्वारा संस्तुत सूची को डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को मंजूरी दी थी। इन सभी पुलिसकर्मियों को फिलहाल उनकी तैनाती वाले स्थान पर ही पदोन्नत कर दिया गया है।

### रालोद नेता ओम पाल सिंह कांग्रेस में शामिल


**लखनऊ, अमृत विचार :** अलीगढ़ से राष्ट्रीय लोकदल से खैर विधानसभा सीट से पूर्व प्रत्याशी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पूर्व महासचिव रहे ओम पाल सिंह शनिवार को अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में इन नेताओं को सदस्यता दिलाई गई। ओम पाल के साथ सदस्यता ग्रहण वालों में प्रमुख रूप से पूर्व प्रधान विजय पाल, मास्टर विनय पाल, योगेश शर्मा, मास्टर हरिपाल सिंह आदि शामिल रहे। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि देश के संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष की मुहिम चलाई गई है। इस मुहिम ने प्रदेश के विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं की सोच को परिवर्तित किया है और वह इस लड़ाई का हिस्सा बनने के लिए कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था जता रहे हैं। इससे कांग्रेस संगठन और भी अधिक मजबूत हो रहा है। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के ज्वाईनिंग प्रभारी नितिन शर्मा, उप्र महिला कांग्रेस की महासचिव डॉ रिचा शर्मा, मेहताब जायसी आदि मौजूद रहीं।

### कांग्रेस दिलाएगी न्याय कार्यक्रम की हुई समीक्षा

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस सोशल आउटरीच विभाग की बैठक शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई, जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने विभाग की ओर से चलाए जा रहे 'कांग्रेस दिलाएगी न्याय' कार्यक्रम की समीक्षा की। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए न्याय समितियों के प्रभारियों ने अपने प्रभार क्षेत्र के जिले से प्राप्त प्रांतीय स्तर की शिकायतों-समस्याओं के बारे में प्रदेश अध्यक्ष को जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष ने शिकायतों का समाधान कराने का आश्वासन दिया। बैठक में सोशल आउटरीच विभाग के संयोजक विक्रम पांडेय मौजूद रहे।

# सीबीआई अधिकारी बन इंजीनियर को किया डिजिटल अरेस्ट, 84 लाख ऐंठे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- दो दिन तक वीडियो कॉल पर फंसाकर रखा, 11 खातों में जमा कराई रकम

**अमृत विचारः** जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल मनी लांड्रिंग केस में शामिल होने का आरोप लगा कर मर्चेंट नेवी इंजीनियर को 48 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर रखा गया। कथित सीबीआई गिरफ्तारी ने गिरफ्तारी से बचने के एवज में खातों में जमा रुपयों की जांच किए जाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद 11 खातों में करीब 84 लाख रुपये ठगों ने ट्रांसफर कराए।

एक दोस्त के सम्पर्क में आने पर पीड़ित ने घटना के बारे में बताया। तब इंजीनियर को पता चला कि वे साइबर ठगों के चंगुल में फंसे है। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हजरतगंज निवासी एके सिंह मर्चेंट नेवी में मरीज इंजीनियर है। 27 सितंबर को वह एक सेमिनार में शामिल होने के लिए दिल्ली गए थे। होटल में ही उन्हें अनजान नम्बर से कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि वह टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) से बोल रहा है। उसने बताया कि आपके मोबाइल नम्बर से आपत्तिजनक मैसेज भेजे गए हैं। इसलिए नम्बर को बंद किया जाएगा।

आप चाहें तो मुम्बई अंधेरी पूर्वी पुलिस स्टेशन से सम्पर्क कर एनओसी हासिल कर सकते हैं। जाल में फंसाकर ठग ने मुम्बई पुलिस के कथित दरोगा प्रदीप सावंत का नम्बर दिया। जिस पर उन्होंने कॉल मिलाई। बातचीत के दौरान उनसे कहा गया कि आपके आधार कार्ड का गलत इस्तेमाल हो रहा है। वे अभी बात कर रहे थे। तभी पीछे से आवाज सुनाई दी कि गिरफ्तारी वारंट जारी हो गया है। यह बात सुन कर एके सिंह घबरा गए।

गिरफ्तारी वारंट की बात पर कथित दरोगा ने एके सिंह को बताया कि मामला सीबीआई तक पहुंच गया है। आपको सीबीआई अधिकारी राजेश मिश्रा से बता करनी पड़ेगी। एके सिंह ने राजेश से बात कराई। जिसने बताया कि नरेश गोयल मनी लांड्रिंग केस में एके सिंह भी आरोपी है। उन्होंने केनरा बैंक में अकाउंट खोला है। जिसमें एके सिंह के आधार कार्ड का इस्तेमाल किया गया है। ऐसे में गिरफ्तारी की जाएगी। मनी लांड्रिंग में शामिल होने का आरोप लगाकर कथित सीबीआई अधिकारी ने एके सिंह को डिजिटल अरेस्ट करने की बात कही। उस वक्त एके सिंह दिल्ली में थे। ऐसे में होटल के कमरे में ही उन्हें दो दिन तक वीडियो कॉल कर डिजिटल अरेस्ट कर रखा गया। साथ ही जांच की बात कहकर 84 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए।

## योगी, केशव, ब्रजेश फिर बने भाजपा के सक्रिय सदस्य

**लखनऊ, अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता का नवीनीकरण करते हुए सक्रिय सदस्य के रूप में फिर से स्वयं को पार्टी के प्रति समर्पित किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने शनिवार को योगी समेत दोनों उप मुख्यमंत्रियों के आवासों पर जाकर रसीद सौंपी और शुभकामनाएं दी।

चौधरी ने शनिवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के आवास पर जाकर अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ प्रत्येक वर्ग के कल्याण और उत्थान हेतु समर्पित भाजपा उप्र की सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण रसीद सौंपी। इस दौरान प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, अनूप गुप्ता व रामप्रताप सिंह चौहान भी साथ रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच के जरिए कहा कि वे विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के सदस्य के रूप में गर्व महसूस कर रहे हैं।

# भाजपा संगठन में नीचे से ऊपर तक बदलाव की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय बनाए गए प्रदेश चुनाव अधिकारी
- छह नेताओं के सह चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी

**अमृत विचारः** सदस्यता अभियान के बाद भाजपा में संगठन को लेकर नीचे से ऊपर तक बदलाव होना है। इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व ने शनिवार को पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को प्रदेश चुनाव अधिकारी बनाते हुए छह सह प्रदेश चुनाव अधिकारी भी नियुक्त किया है।

लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा ने संगठन चुनाव के लिए सदस्यता अभियान शुरू किया है। यह जैसे ही समाप्त होगा, संगठन की नीचे से ऊपर तक की इकाई गठित होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को बदले जाने की संभावना है। इसबार जिलों में भी युवाओं की तरदीह देने के लिए सदस्यता अभियान में अव्वल रहे स्थानीय नेताओं को मौका मिल सकता है।

भाजपा ने संगठन चुनाव को लेकर प्रदेश प्रदेश चुनाव अधिकारी के साथ ही 6 सह चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिए हैं। भाजपा सांसद और राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के लक्ष्मण की ओर से जारी पत्र में पूर्व भाजपा सांसद डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को प्रदेश चुनाव अधिकारी बनाया गया है। जबकि हरीश कुमार सिंह, अनिल चौधरी, रंजना उपाध्याय, मुकुट बिहारी वर्मा, कमलेश कुमार और राजेंद्र तिवारी को सह चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है।

# तत्कालीन शिवली कोतवाल, मैथा चौकी इंचार्ज हत्या के दोषी करार

बलवंत हत्याकांड

- सजा के बिंदु पर अदालत 24 अक्टूबर को करेगी सुनवाई


कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार :** बहुचर्चित बलवंत सिंह हत्याकांड में अदालत ने शनिवार को आरोपी तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह और मैथा चौकी प्रभारी ज्ञानप्रकाश पांडेय को गैर इरादतन हत्या में दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर 24 अक्टूबर को सुनवाई होगी। तत्कालीन एसओजी प्रभारी समेत छह पुलिस कर्मियों को न्यायालय ने संदेह का लाभ देते हुए दोष मुक्त कर दिया है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के सरैया लालपुर शिवराजपुर निवासी अंगद सिंह ने रनिया थाने में अपने भतीजे बलवंत सिंह की 12 दिसंबर 2022 को पुलिस अभिरक्षा में पिटाई कर हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, तत्कालीन शिवली कोतवाल राजेश कुमार, मैथा चौकी इंचार्ज ज्ञानप्रकाश पांडेय समेत 8 पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। एसआईटी की विवेचना में हत्या की धारा हटाकर गैर इरादतन हत्या के आरोप में न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की गई थी। इस मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम पूनम सिंह की अदालत में चल रही थी। वादी पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार को अदालत ने तत्कालीन शिवली कोतवाल राजेश सिंह व तत्कालीन मैथा चौकी इंचार्ज को दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर अदालत 24 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। दोष सिद्ध होने के बाद कोर्ट ने दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

# बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए वितरण निगमों में लागू होगी नई कार्य व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- बिलिंग व शिकायत निस्तारण के लिए अलग-अलग अधिशासी अभियंता होंगे तैनात

**अमृत विचार :** प्रदेश की बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए वितरण निगमों के नई पायलेट व्यवस्था के तहत प्रशासनिक संगठन में बदलाव होगा। नई कार्य व्यवस्स्था के तहत बिजली कनेक्शन, मीटर, बिलिंग व शिकायत निस्तारण के लिए क्षेत्रों में अलग-अलग अधिशासी अभियंता तैनात होंगे। 15 नवंबर से कानपुर स्थित केस्को कंपनी से इसकी शुरुआत होगी। केस्को के निदेशक मंडल के निर्णय के बाद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने नई व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए हैं। सफलता मिलने पर इसे दूसरे वितरण निगमों में भी लागू किया जाएगा।

कॉरपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार नई व्यवस्था से क्षेत्रीय अधिकारियों पर कार्य का दबाव कम होगा। अलग-अलग कार्य की जिम्मेदारी पर उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो सकेगा। अधिकारियों का कहना है कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार की ओर से सभी विभागों में आधारभूत संरचना को सरलीकरण करने व आधुनिकीकरण करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत इसे प्रदेश की बिजली कंपनियों में लागू किया जा रहा है। इसकी मांग काफी समय से की जा रही थी।

### उपभोक्ता घर बैठे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेंगे

नई व्यवस्था में उपभोक्ता घर बैठे बिजली संबंधी कोई की समस्या आनलाइन दर्ज करा सकेंगे। क्षेत्र के अवर अभियंताओं व सहायक अभियंताओं से किसी भी क्षेत्र में कार्य लिया जा सकेगा। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल व प्रबंध निदेशक पंकज कुमार से विस्तृत चर्चा की और नई व्यवस्था को लागू करने के लिए आभार व्यक्त किया।


## वर्ग पहेली-227

**बाएं से दाएं**

1. (साहित्य) एक शब्दालंकार जिसमें ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है जो कई भाषाओं में समान अर्थ देते हों।
4. 1. वह राज्य या शासन जिसमें अव्यवस्था और भ्रष्टाचार हो, ऐसा राज्य-प्रबंध जिसमें जनता के कल्याण या सुख-सुविधाओं का कोई प्रावधान या व्यवस्था न हो 2. कुश नामक घास का आसन, कुश की बनी हुई चटाई।
7. 1. भौरों के गुंजार से युक्त 2. किसी प्रकार की गूंज से युक्त 3. (स्थान आदि) जो गूंज से भर गया हो।
8. 1. झाड़ने पर निकलने वाली धूल अथवा रद्दी चीज़ें या उनके टुकड़े, गर्द, कूड़ा, (डस्ट) 2. वह कपड़ा जिससे चीज़ें झाड़ी या साफ़ की जाती हैं, मार्जक, (डस्टर)।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. वसंत ऋतु 2. चैतमास।
3. 1. तौलने की क्रिया या भाव 2. तौलने की मज़दूरी।
5. 1. जिन पर शासन किया गया हो 2. जो शासन के अधीन हो 3. नियंत्रित 4. दंडित।
6. 1. जानने-समझने की क्षमता, समझ, दिमाग 2. बुद्धि, प्रतिभा, कौशल 3. समझने-बूझने की योग्यता, धारणाशक्ति 4. स्मरणशक्ति, याददास्त।




### वर्ग पहेली -226 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 लु | 2 टि | या | | 3 मो | था |
| | का | | 4 हैं | | |
| 5 गाँ | व | वा | सी | | 6 टो |
| ड़ | | | खे | | का |
| र | | 7 बे | ल | बू | टा |
| | | डो | | | की |
| | 8 बि | ल | टी | | |

## सुडोकू -140

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 2 | 6 | | | 8 | |
| 2 | | | 7 | | | | 6 | |
| | | 6 | | 4 | 1 | | 9 | |
| 7 | | 2 | | | | | 1 | |
| 9 | | 3 | | | | 4 | | 8 |
| | 1 | | | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | 6 | 1 | | 8 | | |
| | 2 | | | | 7 | | | 1 |
| | 4 | | | 9 | 8 | 5 | | |

### सुडोकू - 139 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 8 | 2 | 7 |
| 3 | 1 | 2 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 8 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 4 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 2 | 8 | 3 | 5 | 1 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 3 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 अक्टूबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 06.46 तक तत्पश्चात चतुर्थी 21 अक्टूबर 04.16 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 08.31 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** – आज शाम के बाद आप परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है। मांगलिक कार्यों की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में लोग आपके कार्यों का श्रेय लेने का प्रयास करेंगे। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा।

**वृष** – आज व्यापार की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक निभाते रहें। दांपत्य जीवन सौहाद्रपूर्ण रहेगा। अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे।

**मिथुन** – आज अनियमित खानपान के कारण स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। अचानक ऐसे खर्च सामने आ सकते हैं, जिस पर नियंत्रण करना कठिन होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। आपको किसी काम से बाहर जाना पड़ सकता है।

**कर्क** – आज विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो सफलता मिलेगी। आपकी सुप्त प्रतिभा जागृत हो सकती है। व्यापार में आपको नकदी की समस्याओं से राहत मिलेगी। घर की सुख-सुविधाओं पर आप धन खर्च करेंगे।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों का सहयोग लेने में संकोच न करें। व्यवसाय में एडवांस पेमेंट मिलने से काम में तेजी आएगी। आप अपने करियर को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों की दिनचर्या काफी बाधित रहेगी।

**कन्या** – आज दिन की शुरुआत में आप किसी पुरानी बात को लेकर परेशान हो सकते हैं। प्रेमी जन का आत्मिक सहयोग मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। इससे आपके रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी, किंतु मन के शंकालु विचारों को ज्यादा महत्व न दें।

**तुला** – आज व्यापार में कुछ रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। छोटी-मोटी समस्याओं को ज्यादा महत्व न दें। वरना अपने काम पर एकाग्र होने में कठिनाई होगी। परिवार में किसी कारणवश अनबन हो सकती है। पेट से जुड़ी हुई बीमारियां परेशान करेंगी।

**वृश्चिक** – आज नया काम शुरू करना चाह रहे हैं तो अनुकूल अवसर प्राप्त हो सकते हैं। यात्रा शुभ फलदायी रहेगी। कृषि से जुड़े कार्यों के लिए दिन काफी अच्छा है। वैवाहिक जीवन में संतोष और मैत्री भाव प्रबल रहेगा। कारोबार में पार्टनरशिप से लाभ होगा।

**धनु** – आज आर्थिक मामलों को लेकर पार्टनर्स के साथ मतभेद उभर सकते हैं। सर्दी-जुकाम की परेशानियों को लेकर सावधान रहें। ऑफिस के काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। व्यावसायिक लेन-देन करते समय सावधानी रखें।

**मकर** – आज परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। लोग आपको सम्मानित नजरों से देखेंगे। धन के लेन-देन में थोड़ी साधानी रखें। जॉब बदलने का विचार बना सकते हैं।

**कुंभ** – आज नया काम शुरू करना उचित नहीं है। बड़ों की राय की अवहेलना न करें। बड़ी आयु के लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। परिवार में सुख-शांति रहेगी। बच्चों को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। मांसपेशियों में खिंचाव और दर्द की समस्या होगी।

**मीन** – आज सिनेमा और वेबसीरीज का आनंद ले सकते हैं। पर्यटन के लिए कहीं घूमने की योजना बनाएंगे। पति-पत्नी के बीच आपसी सामंजस्य बना रहेगा। आपके मन में काफी सारे विचार आते रहेंगे। मित्रों के साथ मनमुटाव दूर होगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
नाकाबंदी – सुबह : 10.38
लकी – रात : 07.00

&pictures
केदारनाथ – सुबह : 11.03
हॉलीडे – रात : 08.00

SONY PIX
रैमपेज – सुबह : 10.55
ब्लू बीटल – रात : 09.00

ZEE CINEMA
हम आपके हैं कौन – दोपहर : 01.05
चंदु चैंपियन – रात : 08.00

ZEE ACTION
इंटरनेशनल खिलाड़ी – सुबह : 10.46
पथु थल – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मां- बेटा इतनी लिपस्टिक लगाकर कहां जा रही है?
बेटी- मां मैं कॉलेज जा रही हूं।
मां- बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या ?
बेटी खुश होकर- हां मां, बहुत पसंद है।
मां- तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

पुलिस- तुम चोरी क्यों करते हो?
चोर- आपके लिए और आपके बच्चों के लिए
पुलिस- क्या मतलब?
चोर- हम चोरी न करें तो जनता को और सरकार को आपकी जरूरत ही क्या है?

# भाजपा के 66 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी

## झारखंड विधानसभा चुनाव : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता जामताड़ा से लड़ेंगी चुनाव

रांची/नयी दिल्ली, एजेंसी

- प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को धनवार से तो चंपई सोरेन को सरायकेला से मिला टिकट

भाजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। इसमें पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को धनवार से और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को सरायकेला से टिकट दिया गया है।

पार्टी महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। भाजपा ने झामुमो नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन को जामताड़ा से उम्मीदवार बनाया है। सूची में गीता कोड़ा और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत का नाम भी है। झारखंड में 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा तथा मतगणना 23 नवंबर को होगी। भाजपा राज्य की 81 सीट में से 68 पर चुनाव लड़ रही है तथा शेष सीट उसने अपने सहयोगी दलों के लिए छोड़ी हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 2019 में झारखंड विकास मोर्चा (प्रजातांत्रिक) के टिकट पर भाजपा के लक्ष्मण प्रसाद सिंह के खिलाफ गिरिडीह की धनवार सीट 17,550 मतों से जीती थी। सरायकेला से चुनाव लड़ने वाले चंपई सोरेन 30 अगस्त को झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा था कि पार्टी में अपमान के चलते उन्हें झामुमो को छोड़ना पड़ा।

मुख्यमंत्री पद से हेमंत सोरेन के इस्तीफे और उसके बाद धनशोधन मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तारी के बाद दो फरवरी को चंपई सोरेन (67) को मुख्यमंत्री बनाया गया था। उन्होंने तीन जुलाई को पद छोड़ दिया था, जिससे जमानत मिलने के बाद हेमंत के लिए चार जुलाई को पुनः मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया था। राज्य में एकमात्र कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा इस वर्ष लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गई थीं और सिंहभूम लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। हालांकि, झामुमो की जोबा माझी ने सिंहभूम सीट पर कोड़ा को 1.68 लाख मतों के बड़े अंतर से हराया था। भाजपा चुनाव में झारखंड से झामुमो-कांग्रेस गठबंधन को सत्ता से बाहर करने की कोशिश कर रही है।

### वायनाड से प्रियंका के खिलाफ मैदान में नाव्या




नई दिल्ली। भाजपा ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए शनिवार को नाव्या हरिदास को उम्मीदवार घोषित किया, जहां से प्रियंका गांधी वाद्रा कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। पार्टी ने आठ राज्यों में 24 विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। पूर्व सांसद सुनील सोनी छत्तीसगढ़ की रायपुर शहर दक्षिण विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा ने इसके अलावा असम, बिहार, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में विधानसभा उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों की घोषणा की।

## गिरफ्तार पांचों आरोपियों ने बाबा की हत्या के लिए मांगे थे 50 लाख

**बाबा सिद्दीकी हत्याकांड**

**मुंबई।** बाबा सिद्दीकी हत्या मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने खुलासा किया है कि हाल ही में गिरफ्तार पांचों आरोपियों ने हत्या के लिए 50 लाख मांगे थे, लेकिन भुगतान को लेकर असहमति और नेता के रसूख को देखते हुए उन्होंने हत्या से मना कर दिया। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पांचों आरोपियों ने सिद्दीकी की हत्या में शामिल लोगों की मदद दी थी। सिद्दीकी की हत्या में शूटरों को हथियार और अन्य मदद कराने के आरोप में शुक्रवार को पांचों लोगों को गिरफ्तार किया गया था। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस सनसनीखेज मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या अब नौ हो गई है, जबकि तीन लोग फरार हैं।

# डॉक्टर आमरण अनशन वापस लें : ममता

**आरजी कर मामला**

कोलकाता,एजेंसी



- मांगों पर चर्चा के लिए सोमवार को डॉक्टरों से मिलेंगी मुख्यमंत्री

प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को प्रदर्शनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों से आमरण अनशन वापस लेने को कहा। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों पर चर्चा करने के लिए वह सोमवार को उनसे मुलाकात करेंगी।

बनर्जी शनिवार को फोन पर उस समय चिकित्सकों से बात कर रही थीं जब मुख्य सचिव मनोज पंत धर्मतला स्थित प्रदर्शन स्थल पर गए थे, जहां पर चिकित्सक महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से हुई दरिंदगी के मामले में पीड़िता को न्याय दिलाने सहित कई मांगों को लेकर आमरण अनशन कर रहे हैं। बनर्जी ने चिकित्सकों से अपना प्रदर्शन वापस लेने की अपील करते हुए कहा कि हर किसी को विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है, लेकिन इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आपकी अधिकतर मांगों को पूरा कर दिया गया है, शेष मांगों को पूरा करने के लिए मुझे तीन से चार महीने का समय दीजिए। बनर्जी ने चिकित्सकों से कहा कि आपकी मांगों से हम असहमत नहीं हैं, बातचीत के लिए सरकार के साथ बैठने का आपसे अनुरोध है। उन्होंने कहा कि कृपया अपना प्रदर्शन समाप्त कर दीजिए। कुछ मांगों को पूरा करने के लिए नीतिगत फैसले की जरूरत है। हम यथासंभव सहयोग करेंगे, लेकिन यह स्वीकार्य नहीं है कि आप सरकार को निर्देशित करें कि क्या किया जाना चाहिए। वहीं शनिवार को भी 15वें दिन चिकित्सकों का आमरण अनशन जारी रहा।

### मुख्य और गृह सचिव ने किया प्रदर्शन स्थल का दौरा

कोलकाता। प. बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत और गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती ने शनिवार को प्रदर्शन स्थल का दौरा किया, जहां मांग को लेकर चिकित्सक प्रदर्शन कर रहे हैं। अनशन कर रहे छह चिकित्सकों की हालत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल आठ चिकित्सक भूख हड़ताल पर हैं और उन्होंने राज्य सरकार से गतिरोध खत्म करने के लिए 21 अक्टूबर तक कदम उठाने की मांग की है। चिकित्सकों ने कहा कि सोमवार तक उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो उन्हें 22 अक्टूबर को पूरे राज्य में मजबूरन हड़ताल करनी पड़ेगी। चिकित्सक ने कहा कि हम चाहते हैं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चर्चा के लिए बैठें और हमारी मांगें पूरी करें। थिएटर जगत की कई हस्तियों ने चिकित्सकों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने को शनिवार को सांकेतिक भूख हड़ताल की।

## एक नजर

### बिहार के बांका में एसयूवी ने छह को रौंदा, मौत

बांका। बिहार के बांका जिले में तेज रफ्तार एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटीलिटी व्हीकल) ने छह लोगों को रौंद दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह दुर्घटना फुल्लीडूमर थाना क्षेत्र में नगरडीह चौराहे के पास शुक्रवार रात हुई। उप-संभागीय पुलिस अधिकारी बिपिन बिहारी ने कहा कि दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोग पैदल पथ पार कर रहे थे। चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो लोगों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बिहारी ने कहा कि लोगों के अनुसार एसयूवी चालक तुरंत घटनास्थल से भाग गया। घटना के संबंध में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुर्घटना में हुई मौतों पर शोक जताया है।

### बिहार में जहरीली शराब से दो और मौत, मृतक हुए 37

पटना। बिहार में जहरीली शराब से दो और लोगों की मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या 37 हो गई। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इन दो लोगों की मौत गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर से हुई हैं, जो सिवान और सारण जिलों की सीमा से लगा है। डीआईजी नीलेश कुमार ने बताया कि सीवान और सारण में मरने वालों की संख्या 35 है। इसमें और वृद्धि नहीं हुई है। अब सारण रेंज के तहत तीनों जिलों में मृतकों की कुल संख्या 37 है। सिवान के मगहर व औरिया पंचायतों में 28 जबकि सारण के मशरख थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर में सात लोगों की मौत हुई है।

# नारी शक्ति का आशीर्वाद देश के लिए काम करने को करता है प्रेरित : मोदी

नई दिल्ली,एजेंसी



- प्रधानमंत्री के प्रति आभार स्वरूप 100 रुपये देने की इच्छा जताने वाली आदिवासी महिला की कहानी भाजपा नेता ने की साझा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि महिलाओं का आशीर्वाद उन्हें देश के निर्माण के लिए काम करते रहने की प्रेरणा देता है। इससे पहले, भाजपा नेता ने मोदी के प्रति आभार के रूप में 100 रुपये देने की इच्छा जताने वाली आदिवासी महिला की कहानी साझा की।

भाजपा उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर कहा कि ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में सदस्यता अभियान के दौरान आदिवासी महिला से उनकी मुलाकात हुई। महिला ने प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद करने के लिए मुझे 100 रुपये देने की इच्छा व्यक्त की। मेरे यह कहने पर कि यह आवश्यक नहीं है और जब तक मैंने हार नहीं मानी, तब तक वह अड़ी रही। पांडा ने कहा कि यह देश में हो रहे परिवर्तन का प्रतिबिंब है। मोदी ने जवाब दिया कि इस स्नेह से मैं अभिभूत हूं। मुझे हमेशा आशीर्वाद देने के लिए मैं नारी शक्ति को नमन करता हूं। उनका आशीर्वाद मुझे देश निर्माण के लिए काम करते रहने के लिए प्रेरित करता है।

## हैदराबाद में प्रदर्शन कर रहे हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज

**हैदराबाद।** शहर पुलिस ने मंदिर में मूर्ति को कथित तौर पर खंडित करने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे विश्व हिन्दू परिषद (विहिप), बजरंग दल और अन्य हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए शनिवार को लाठीचार्ज किया। महाराष्ट्र के इंजीनियरिंग स्नातक सलमान सलीम ठाकुर उर्फ सलमान ने 14 अक्टूबर को सिकंदराबाद के मुथ्यालम्मा मंदिर में प्रवेश कर मुख्य मूर्ति को खंडित किया, जिसके बाद स्थानीय लोगों, हिंदू संगठनों और भाजपा ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

# भाजपा संविधान पर कर रही हमला

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी बोले- निर्वाचन आयोग, जांच एजेंसियों को नियंत्रित कर रही भाजपा

आप नेता सत्येंद्र जैन ने शनिवार को कहा कि उनकी भविष्य की राजनीतिक जिम्मेदारियां पार्टी और संयोजक अरविंद केजरीवाल तय करेंगे। दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को धन शोधन के मामले में शहर की अदालत द्वारा जमानत देने के कुछ घंटे बाद शुक्रवार रात को तिहाड़ जेल से रिहा किया गया। जैन ने कहा कि मैं वही करूंगा जो पार्टी और केजरीवाल कहेंगे। राउज एवेन्यू अदालत ने शुक्रवार दोपहर जैन को जमानत दे दी। जैन को मई 2022 में ईडी ने गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि ब्रिटिश शासन वापस आ गया है। सरकारों को कामों को लेकर प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, लेकिन भाजपा ऐसा नहीं करती है।

### कांग्रेस-झामुमो 81 में से 70 सीट पर लड़ेंगे चुनाव

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन विधानसभा चुनाव साथ लड़ेगा और कांग्रेस तथा झामुमो 81 में से 70 सीट पर उम्मीदवार उतारेंगे। शेष 11 सीट पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और वामपंथी दलों लड़ेंगे। झारखंड में चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे। वहीं राजद ने झामुमो-कांग्रेस द्वारा सीटों की घोषणा को लेकर निराशा जताई। राजद ने कहा कि दोनों घटकों द्वारा सीट समझौते की घोषणा एकतरफा है। पार्टी ने स्पष्ट कि किया कि उसने सभी विकल्प खुले रखे हैं। राजद के प्रवक्ता मनोज झा ने कहा कि हम हमें दी सीटों पर निराशा व्यक्त करते हैं।

## कोर्ट के निर्देश पर भाजपा विधायक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज

**गांधीनगर।** गुजरात हाईकोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने शनिवार को सत्तारूढ़ भाजपा के विधायक के खिलाफ दुष्कर्म एवं धमकी देने का मामला दर्ज किया। आरोपी राज्य के पूर्व मंत्री गजेंद्र सिंह परमार पर एससी/एसटी (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज हुआ है क्योंकि पीड़िता दलित है। कथित घटना जुलाई 2020 में हुई थी। गांधीनगर में सेक्टर 21 थाने में यह मामला दर्ज हुआ है। कुछ दिन पहले हाईकोर्ट ने पीड़िता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज नहीं करने पर पुलिस से सवाल-जवाब किया था।

# मणिपुर में उग्रवादियों ने किया हमला, फिर हिंसा भड़की

इंफाल, एजेंसी

- संघर्ष विराम के लिए मेइती और कुकी के विधायकों में हुई थी बैठक

मणिपुर में उग्रवादियों ने जिरिबाम जिले के गांव में हमला कर दिया जिसके बाद शनिवार को फिर हिंसा भड़क गई। अधिकारी ने बताया कि उग्रवादियों ने तड़के पांच बजे बोरोबेकरा पुलिस थाने के तहत आने वाले गांव को निशाना बनाया।

उन्होंने बताया कि उग्रवादियों ने बमबारी की। सीआरपीएफ व पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों भेजा गया है। हिंसा शुरू होने पर सुरक्षा बल बुजुर्ग, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर ले जा रहे हैं। जिरिबाम शहर से 30 किमी दूर बोरोबेकरा घने जंगलों से घिरा है और पर्वतीय क्षेत्र है। राज्य में जारी संघर्ष का समाधान निकालने के लिए मेइती और कुकी के विधायकों में दिल्ली में बातचीत के बाद यह हिंसा हुई है।

## राहुल गांधी पर टिप्पणी में भाजपा विधायक के खिलाफ मामला दर्ज

- ओडिया के अभिनेता के खिलाफ भी दर्ज कराई शिकायत

**विजयपुरा (कर्नाटक)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ जनसभा में अपमानजनक टिप्पणी के मामले में विजयपुरा के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल पर मामला दर्ज किया गया है। कांग्रेस नगर पार्षद परशुराम होसामनी ने शिकायत की है। वहीं भुवनेश्वर में राहुल गांधी के खिलाफ सोशल मीडिया पर विवादास्पद पोस्ट करने के आरोप में ओडिया अभिनेता बुद्धादित्य मोहंती के खिलाफ भी पुलिस ने शिकायत दर्ज की है। विधायक के खिलाफ की शिकायत में 15 अक्टूबर को कार्यक्रम में यतनाल ने राहुल गांधी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर टिप्पणी की। इस आधार पर गांधी चौक पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

# एरीज के मोहित ने हासिल किया सप्तऋषि का कीर्तिमान

संवाददाता, नैनीताल

- कला, विज्ञान, जागरूकता व सामाजिक क्षेत्र में देश के सात विख्यात नाम शामिल



केबीसी में अमिताभ बच्चन के साथ मोहित जोशी।

**अमृत विचार :** कला, विज्ञान, जागरूकता व सामाजिक क्षेत्र में देश के सात विख्यात लोगों को भारत सरकार सप्तऋषि पुरस्कार से नवाजा जा रहा है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के सीनियर इंजीनियर मोहित जोशी भी इस पुरस्कार को हासिल करने में सफल हुए हैं।

विज्ञान के प्रति जागरूक करने व एरीज की योजनाओं के क्रियान्वयन में योगदान को लेकर मोहित जोशी को यह पुरस्कार दिया गया है। सप्तऋषि पुरस्कार में चयनित मोहित जोशी के अलावा भारत रत्न प्रो. सीएनआर राव, पद्म विभूषण डा जयंत नार्लीकर, पद्म भूषण डा एसएल भैरप्पा, मोहित जोशी, पद्मश्री डा एस अरुणन, पद्मश्री डा हिम्मतराव बावस्कर, व सीबी सोमपुरा के नाम हैं। विभिन्न क्षेत्रों में अहम योगदान देने को लेकर सप्तऋषि पुरस्कार से नवाजा जा रहा है। मोहित टीवी शो केबीसी में लाखों के पुरस्कार के अलावा गवर्नर एक्सीलेंस व ओहो रेडियो से सम्मान पा चुके हैं। मोहित मूलरूप से उमागढ़ मल्ला रामगढ़ के निवासी हैं। स्कूली शिक्षा रामगढ़, अल्मोड़ा व द्वाराहाट से हुई है और 2008 में एरीज से जुड़े। उनके पिता भुवन जोशी शिक्षा विभाग से रिटायर्ड हैं, जबकि माता धना जोशी गृहणी हैं। पत्नी सुनीता शिक्षिका हैं। उनका नौ वर्षीय पुत्र प्रथमेश व तीन वर्षीय पुत्री सम्पदा हैं। मोहित युवा हैं और इस उपलब्धि के श्रेय में दादा स्व गोविंद बल्लभ जोशी, दादी स्व पार्वती जोशी व एरीज को शामिल करते हैं। एरीज के वैज्ञानिकों ने उन्हें इस उपलब्धि को लेकर बधाई दी हैं।

## कारोबार/कृषि

### बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2460, राज श्री 1790, फ़ॉर्चून कि. 2175, रविन्द्रा 2375, फॉर्चुन ली. 1980, जय जवान 1930, सचिन 2040, सूरज 1955, अवसर 2075, राग गोल्ड 2140, गृहणी ली 2020, क्लासिक (किलो) 2130, मोर 2125, चक्र टिन 2230, ब्लू 2190, आशीर्वाद मस्टर्ड 2280, स्वास्तिक 2430 ।किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 ।चावल- ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 8500, राजभोग 6950, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 ।दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700-13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150-7700 मलका दाल 7375-8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8650, दाल चना 9150, लाल हिंदुस्तान 9250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9800, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12600, मोटा हीरा 14600, अरहर गोला मोटा 11300, अरहर पटका मोटा 11600, अरहर कोरा मोटा 11900, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16000 ।चीनी -डालमियां 4160, पीलीभीत 4140, नवाबगंज 4130, बहेड़ी 4140 ।

### सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 79800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 78800 |
| सिल्वर ( पक्की) | 960 (अनुमानित) |

# वेस्ट से बनाएं वेल्थ, वैकल्पिक ईंधन कम करेंगे निर्माण लागत

## गडकरी ने पुल निर्माण से जुड़े विशेषज्ञों को समझाईं बारीकियां

भोपाल, एजेंसी



- नवीनतम प्रवृत्तियों व तकनीकों पर केंद्रित सेमिनार को किया संबोधित

सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क एवं पुल निर्माण से जुड़े विशेषज्ञों को उनके कार्यक्षेत्र से जुड़ी बारीकियों की जानकारी देते हुए शनिवार को कहा कि देश में आज वेस्ट से वेल्थ बनाने और निर्माण सामग्री की लागत कम करने की जरूरत है, जिसके लिए वैकल्पिक ईंधन बेहतर उपाय हो सकते हैं। गडकरी ने सड़क और पुल निर्माण में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों पर केंद्रित दो दिवसीय सेमिनार को संबोधित किया। समारोह में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी उपस्थित रहे।

गडकरी ने कहा कि लागत कम करते हुए गुणवत्ता कैसे सुधारें, ये लक्ष्य है। देश के विकास में सबसे अहम चीज बुनियादी सुविधाएं हैं। गडकरी ने सड़क निर्माण के दौरान होने वाली त्रुटियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग घर बैठकर गूगल से ही नक्शे बना लेते हैं। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) में परफेक्शन होना चाहिए। कोई भी अधिकारी डीपीआर बनाते हुए साइट पर जाते हैं क्या। इसके बाद मंदिर-मस्जिद बीच में आने पर परेशानियां खड़ी होती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से अनुरोध किया कि आईआईटी के सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों से डीपीआर चेक करवाएं।

### देश का सड़क नेटवर्क 63 लाख किमी

गडकरी ने कहा कि देश का सड़क नेटवर्क 63 लाख किमी है, जो दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान वे (गडकरी) महाराष्ट्र में मंत्री थे। वाजपेयी ने उनसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पर काम करवाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हर साल सड़कें टूटने की समस्या को रोकने के लिए भी विभाग ने नवाचार किए हैं। नागपुर में इस प्रकार के प्रयोग हुए हैं, उनसे लगभग 25 साल सड़कें चलेंगी।

## सरकार को रबी सत्र में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि उसे उर्वरक की खेप आने में देरी के बावजूद रबी सत्र 2024-25 में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन होने का भरोसा है। इसकी वजह अनुकूल मृदा नमी की स्थिति और जलाशयों में पर्याप्त जल होना बताया गया।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि भू-राजनीतिक तनाव से आयात खेप में देरी के बावजूद यूरिया और डाय अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) जैसे प्रमुख उर्वरक पर्याप्त मात्रा में हैं हालांकि आयात खेप में देरी हो रही है। मंत्रालय ने रबी सत्र 2024-25 के लिए 164.55 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य रखा है, जिसमें 115 लाख टन गेहूं और 18.15 लाख टन दालें हैं। रबी (सर्दियों) की फसलों की बुवाई शुरू हो गई है और दिवाली के बाद इसमें तेजी आएगी।

# आरएसआई : निवेश में प्रभावी उपकरण

आरएसआई (रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स) एक प्रभावी तकनीकी विश्लेषण उपकरण है, जो निवेशकों को परिसंपत्तियों की मूल्य गति और ताकत का आकलन करने में मदद करता है। 0 से 100 के बीच के स्कोर के साथ, यह ओवरबॉट (70 से ऊपर) और ओवरसोल्ड (30 से नीचे) स्थितियों को पहचानता है। इसके जरिए निवेशक संभावित खरीद और बिक्री के संकेत प्राप्त कर सकते हैं। आरएसआई का उपयोग करने के लिए इसे अन्य संकेतकों और मौजूदा परिस्थितियों के साथ मिलाना आवश्यक है। आइए इसके बारे में जानकारी करें...

### आरएसआई क्या है?

आरएसआई एक ओस्सीलेटर है जिसे 1978 में जेराल्ड पेरी द्वारा विकसित किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य यह मापना है कि कोई परिसंपत्ति (जैसे स्टॉक, मुद्रा, या वस्तुएं) पिछले कुछ समय में कितनी तेजी से बढ़ी या गिरी है। यह 0 से 100 के बीच मान में होता है।




### निवेश के लाभ

- **उच्च विकास की संभावना :** एसएमई अक्सर नवाचार के लिए प्रेरित होते हैं और इसलिए उनमें विकास की अच्छी संभावनाएं होती हैं।
- **निवेश में विविधता :** छोटे और मध्यम उद्यमों में निवेश करने से आपका पोर्टफोलियो विविध हो सकता है।
- **स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन :** एसएमई स्थानीय समुदायों में रोजगार पैदा करते हैं और आर्थिक विकास में मदद करते हैं।

### आरएसआई कैसे देखें

- **स्तर पहचानें :** 70 और 30 के स्तर पर ध्यान दें। ये स्तर मार्केट में महत्वपूर्ण संकेत देते हैं।
- **ट्रेंड के साथ मिलाएं :** आरएसआई को अन्य संकेतकों के साथ देखें। सटीक निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

### जोखिम का रखें ध्यान

- **न रहें निर्भर :** आरएसआई संकेतक है, लेकिन निवेश के समय इसे अन्य संकेतकों और मौलिक विश्लेषण के साथ मिलाना चाहिए।
- **स्टॉप लॉस का उपयोग करें :** निवेश को सुरक्षित रखने के लिए स्टॉप लॉस का उपयोग करें।

## भारत-मैक्सिको में सहयोग व्यापक व बहु-क्षेत्रीय हो सकता है : सीतारमण

मैक्सिको सिटी, एजेंसी



- व्यापार एवं निवेश में सहयोग के सम्मेलन में बोलीं वित्त मंत्री

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत-मैक्सिको में सहयोग व्यापक व बहु-क्षेत्रीय हो सकता है, जिससे दोनों देशों में अधिक गतिशील सहयोग हो जिसमें भारत विशेष रूप से फार्मा विनिर्माण व ऑटोमोटिव क्षेत्रों में विकास व निवेश के लिए अवसर प्रदान कर रहा है।

सीतारमण ने व्यापार एवं निवेश सहयोग को बढ़ावा देने पर आयोजित भारत मैक्सिको व्यापार एवं निवेश शिखर सम्मेलन में यह बात कही। इसमें मैक्सिको सिटी की आर्थिक विकास मंत्री मनोला जाबोल्ज़ा अल्दामा व भारतीय उद्योग परिसंघ के पूर्व अध्यक्ष रामचंद्रन दिनेश उपस्थित थे। इसका आयोजन भारतीय व्यापार एवं वाणिज्य परिषद, उद्योग परिसंघ द्वारा मैक्सिको में भारतीय दूतावास और आर्थिक मामलों के विभाग के सहयोग से हुआ और इसमें आईटी, फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य और ऑटोमोटिव आदि क्षेत्रों के 250 निवेशकों ने भाग लिया।

**प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना**

## कंपनियों ने की 1.25 लाख अवसरों की पेशकश

- अब तक 250 शीर्ष कंपनियां इस योजना के तहत हो चुकी हैं पंजीकृत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत कंपनियों ने अब तक 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसरों की पेशकश की है। योजना के लिए बनी वेबसाइट पर 12 अक्टूबर को शाम पांच बजे से उम्मीदवारों का पंजीकरण शुरू हो गया है।

सूत्रों ने शनिवार को बताया कि अब तक 250 शीर्ष कंपनियां इस योजना के तहत पंजीकृत हो चुकी हैं और कंपनियों ने 1.25 लाख इंटर्नशिप की पेशकश की है। इंटर्नशिप दो दिसंबर से शुरू होगी। योजना के तहत 21-24 वर्ष की उम्र के लोग आवेदन कर सकते हैं। योजना कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय की वेबसाइट से लागू किया जा रहा है।

## अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में भागीदारी संभव : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी



- उद्योग मंत्री ने अमेरिका के साथ भारत के संबंधों को अभूतपूर्व सकारात्मकता भरा बताया

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ भारत के संबंधों के वर्तमान दौर को एक नई और अभूतपूर्व सकारात्मकता भरा बताते हुए शनिवार को कहा कि भारत महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला के विस्तार के लिए अमेरिका के साथ सहयोग को भागीदारी के स्तर पर ले जाना चाहता है।

गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन के साथ दस वर्षों के सहयोग और समन्वय से व्यापार और निवेश में दोनों देशों के संबंध आज ऐसे दौर में हैं जहां संशय और विवाद की जगह भारत के प्रति नया विश्वास स्थापित हुआ है। गोयल इस महीने अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर थे। उन्होंने पहले दो दिन न्यूयार्क में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, एसोसिएशनों और निवेशकों के साथ बैठकें की और दूसरे चरण में वाशिंगटन में भारत-अमेरिका सीईओ फोरम की बैठक में भाग लेने के अलावा अमेरिकी वाणिज्य मंत्री गिना रैमॉन्डो व व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई से व्यापार नीति संबंधी विषयों पर वार्ता की।

## एनालॉग डिवाइसेज के लिए भारत प्रमुख आरएंडडी केंद्र

**नई दिल्ली।** वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनी एनालॉग डिवाइसेज (एडीआई) भारत को प्रमुख शोध एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र के रूप में देखती है। कंपनी के प्रमुख अधिकारी ने कहा कि वह देश को न केवल इंजीनियरिंग प्रतिभा के लिए, बल्कि एक उभरते बाजार के रूप में भी मान्यता देते हैं। एनालॉग डिवाइसेज का बेंगलुरू स्थित आरएंडडी केंद्र वैश्विक रूप से सबसे बड़े केंद्रों में से है। एनालॉग डिवाइसेज इंडिया (एडीआई) के भारत में प्रमुख एवं वरिष्ठ निदेशक श्रीनिवास प्रसाद ने कहा कि हम भारत को एनालॉग डिवाइस के लिए प्रमुख रणनीतिक आरएंडडी स्थलों में से एक के रूप में देख रहे हैं, और बेंगलुरु वैश्विक स्तर पर हमारे सबसे बड़े आरएंडडी केंद्रों में से एक है।



## महिला टी-20 विश्व कप: न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच फाइनल, मिलेगा नया चैंपियन

दुबई, एजेंसी

सोफी डिवाइन के नेतृत्व में न्यूजीलैंड की स्वर्णिम पीढ़ी के खिलाड़ियों के पास वैश्विक आईसीसी ट्रॉफी पर हाथ रखने का आखिरी मौका होगा जब टीम टी-20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। इस फाइनल मैच से टी-20 विश्व का नया चैंपियन मिलना तय है क्योंकि दोनों टीमों ने इससे पहले कभी भी इस प्रारूप का खिताब नहीं जीता है।

- न्यूजीलैंड के पास ट्रॉफी हासिल करने अच्छा मौका, आज होगा मैच

न्यूजीलैंड की महिला टीम ने 2000 में एकदिवसीय विश्व कप जीता था लेकिन मौजूदा टीम का कोई भी सदस्य उस ऐतिहासिक खिताबी जीत का हिस्सा नहीं था। इस आयोजन के शुरू होने से पहले लगातार 10 मैचों में हार के कारण न्यूजीलैंड का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ था लेकिन डिवाइन के नेतृत्व में इस समूह ने शानदार वापसी की। टीम को सुजी बेट्स, अमेलिया केर और ली ताहुहू जैसी अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी का फायदा मिला। यह संभवतः आखिरी बार है डिवाइन, बेट्स और ताहुहू किसी वैश्विक टूर्नामेंट में राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलेंगे। 35 वर्षीय डिवाइन के नाम सफेद गेंद प्रारूप में 7000 से अधिक रन हैं, जबकि 37 वर्षीय बेट्स के नाम 10,000 से अधिक रन हैं। 34 साल की तेज गेंदबाज ताहुहू ने वनडे में 112 और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 93 विकेट चटकाए हैं।

## फाइनल में अंपायरिंग करेंगी परेरा-पोलोसाक

**दुबई।** निमाली परेरा और क्लेयर पोलोसाक को रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के खिताबी मुकाबले की अंपायरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दोनों पहली बार आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग करेंगी। एना हैरिस तीसरे अंपायर की भूमिका निभाएंगी जबकि जैकलीन विलियम्स चौथे अंपायर की भूमिका में होंगी। जीएस लक्ष्मी को मैच रैफरी नियुक्त किया गया है। परेरा ने टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच सेमीफाइनल में अंपायरिंग की थी। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच सेमीफाइनल में भी वह अंपायर रही थीं। पोलोसाक 64वें महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में अंपायरिंग करेंगी।

## भारत की जू. पुरुष टीम ने जापान को हराया

जोहोर (मलेशिया), एजेंसी

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां जापान को 4-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत के लिए आमिर अली (12वें मिनट), गुरजोत सिंह (36वें), आनंद सौरभ कुशवाह (44वें) और अंकित पाल (47वें) ने जबकि जापान के लिए त्सुबासा तनाका (26वें) और राकुसी यामानाका (57वें) ने गोल किए।

भारत के पूर्व गोलकीपर और जूनियर टीम के कोच पीआर श्रीजेश अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद संतुष्ट नजर आ रहे थे। यह मैच शुरू से ही काफी रोमांचक रहा। भारत ने आक्रामक खेल दिखाया और वह शुरू से ही गोल करने के मौके बनाने की कोशिश करता रहा। भारतीय प्रयासों को तब सफलता मिली जब मैच के 12वें मिनट में आमिर अली ने जापान के रक्षकों को छकाकर मैदानी गोल करके भारत का खाता खोला। जापान ने वापसी करने के लिए अच्छे प्रयास किया और वह तब इसमें सफल रहा जब 26वें मिनट में त्सुबासा तनाका ने बराबरी का गोल किया। इसके बाद जापान के पास पहली बार मैच में बढ़त हासिल करने का मौका था लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने उसके प्रयास को नाकाम कर दिया। मध्यांतर तक दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थी लेकिन इसके बाद भारतीय टीम अधिक आक्रामक हो गई।



- सुल्तान जोहोर कप में जापान को 4-2 से दी शिकस्त, आमिर, गुरजोत आनंद और अंकिल ने दागे गोल

गुरजोत ने मध्यांतर के छह मिनट बाद मैदानी गोल करके भारत को फिर से बढ़त दिला दी। भारत को इसके कुछ मिनट बाद दिलराज सिंह के शानदार खेल से पेनल्टी कार्नर मिला जिसे आनंद सौरभ कुशवाह ने अपने ताकतवर ड्रैगफ्लिक से गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। भारत ने अंतिम क्वार्टर में भी एक गोल किया।

## खेल डायरी

### महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत एक से 10 दिसंबर तक पहली बार एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा जिसका आयोजन इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। टूर्नामेंट के 20वें चरण का आयोजन पहले कजाखिस्तान के अल्माटी में होना था लेकिन अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण इसका स्थल बदलना पड़ा। भारत के अलावा ईरान, दक्षिण कोरिया, चीन, जापान, कजाखस्तान, हांगकांग और सिंगापुर टूर्नामेंट में भाग लेने वाले मजबूत देश हैं। एशियाई हैंडबाल महासंघ के तकनीकी सहायक निदेशक अब्दुल्लाह अल थेयब ने शनिवार को कहा भारत में एशियाई महिला हैंडबाल चैंपियनशिप के 20वें चरण की मेजबानी करने को लेकर हम बहुत खुश हैं। यह टूर्नामेंट भारत की क्षमता को दर्शाता है। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली शीर्ष चार टीमें सीधे वैश्विक प्रतियोगिता आईएचएफ विश्व महिला हैंडबाल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत इस एशियाई टूर्नामेंट में आठवीं दफा शिरकत कर रहा है जबकि देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो बार 2000 और 2022 में छठा स्थान हासिल करना रहा है।

### भारत ए के ऑस्ट्रेलिया दौरे के साथ वापसी करेंगे इशान

**नई दिल्ली।** इस साल की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध से बाहर किये जाने वाले विकेटकीपर इशान किशन के भारत ए टीम में वापसी करने की काफी संभावना है। किशन को घरेलू क्रिकेट पर आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) को प्राथमिकता देने के कारण बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया था। किशन इस सत्र में घरेलू क्रिकेट में वापसी पर झारखंड का नेतृत्व कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो चार दिवसीय टेस्ट के अलावा वह सीनियर टीम के साथ एक इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच में भाग लेने के लिए तैयार हैं। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो टेस्ट 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मैके और फिर सात से 10 नवंबर तक एमसीजी (मेलबर्न क्रिकेट मैदान) में होंगे। बीसीसीआई ने अभी तक टीम की घोषणा नहीं की है लेकिन रुतुराज गायकवाड़ या अभिमन्यु ईश्वरन में से किसी एक को टीम का नेतृत्व करने की उम्मीद है। अभिमन्यु ने अपने पिछले चार प्रथम श्रेणी मैचों में चार शतक बनाए हैं। वह सीनियर टीम में वैकल्पिक सलामी बल्लेबाज के तौर पर शामिल हो सकते हैं कप्तान रोहित व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट मैचों में से एक के दौरान ब्रेक लेंगे।

### सबसे अमीर मैराथन की मेजबानी करेगा श्रीनगर

**श्रीनगर।** श्रीनगर इस रविवार को विदेशी और घरेलू एथलीटों के लिए सबसे समृद्ध मैराथन की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। दो कैटगेरी में आयोजित होने वाली कश्मीर मैराथन में 59 विदेशियों समेत छह हजार से अधिक धावक आज भाग लेंगे। 42 किमी की पूर्ण मैराथन और 21 किमी की हाफ मैराथन में तीन करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दांव पर होगी। पर्यटन निदेशक राजा याकूब ने कहा कि कार्यक्रम में दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ एथलीट भाग लेंगे। उन्होंने कहा हमारे यहां शीर्ष भारतीय धावक, विशिष्ट धावक, एशियाई स्वर्ण पदक विजेता धावक हैं। उनके साथ, हमारे पास यूरोप के और अफ्रीका के कुछ बेहतरीन धावक हैं। 1992 की एशियाई स्वर्ण पदक विजेता और भारतीयों के लिए विशिष्ट समन्वयक डॉ. सुनीता गोदारा ने कहा कि कश्मीर मैराथन में प्रतिभागियों के लिए सबसे अधिक पुरस्कार राशि है। यह भारत की की सबसे अधिक पुरस्कार राशि है। भारतीयों के लिए पहली बार कश्मीर मैराथन ने श्रीनगर में सबसे अधिक पुरस्कार राशि वाली मैराथन आयोजित की है, इस फुल मैराथन और हाफ मैराथन में देश के 45 दिग्गज एथलीट भाग लेंगे।

### एड्रिस-चेप्टेगी और मैककोलगन-लिमो के बीच मुकाबला

**नई दिल्ली।** विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस- वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के आगामी संस्करण में रविवार को दिल्ली में विश्व स्तरीय धावक आपस में भिड़ते दिखेंगे। दोहरे ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता युगांडा के जोशुआ चेप्टेगी का सामना दो बार के 5000 मीटर विश्व चैंपियन इथियोपिया के मुक्तार एड्रिस से होगा। दिलचस्प बात यह है कि एड्रिस ने हाल ही में टिलबर्ग में 10 मील की रेस में चेप्टेगी को हराया था। इसी ने युगांडा के इस खिलाड़ी पर दिल्ली में इथियोपिया के धावक से बदला लेने का दबाव बनाया। युगांडा पुलिस बल में कार्यरत चेप्टेगी ने बताया कि कैसे भारत में उनकी पहली रेस ने उनके करियर के लिए एक बेंचमार्क स्थापित किया। इसने मुझे एक वास्तविक अवसर दिया। और दस साल बाद भी, मेरी मैनेजमेंट टीम ने कहा, यदि आप सड़कों पर अपने करियर के 10 और साल बिताना चाहते हैं, तो आपको भारत वापस जाना होगा। इसलिए मैं लोगों को कुछ वापस देने के लिए भारत वापस आया हूं। ओलंपिक स्टार, विश्व चैंपियन और ट्रैक लीजेंड- चेप्टेगी ने कहा अभी, मैं अभी भी लंबी दूरी की रेस के बारे में सोच रहा हूं।

# बारिश के बाद बरसे न्यूजीलैंड के गेंदबाज

## तेज गेंदबाजों ने कराई न्यूजीलैंड की वापसी, शतक से चूके पंत, सरफराज ने खेली 150 रनों की शानदार पारी



मैट हेनरी

3 विकेट

103 रन

24 ओवर

बेंगलुरु, एजेंसी

सरफराज अहमद (150) और ऋषभ पंत (99) की चौथे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी के दौरान भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के चौथे दिन शनिवार को मैच पर शिकंजा कसना शुरू किया था लेकिन तेज गेंदबाजों ने नई गेंद से 54 रन के अंदर सात विकेट झटककर न्यूजीलैंड की शानदार वापसी कराई। भारत की दूसरी पारी 462 रन पर सिमटी जिससे न्यूजीलैंड को जीत के लिए 107 रन का लक्ष्य मिला।

सरफराज ने अपनी 195 गेंद की पारी में 18 चौके और तीन छक्के लगाये जबकि पंत ने 105 गेंद की पारी में नौ चौके और पांच छक्के जड़े। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया ही था कि पहले ओवर के दौरान खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने मैच को रोक दिया। इसके बाद तेज बारिश होने लगी और दिन के खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया। टीम अब तक चार गेंद की अपनी दूसरी पारी में खाता नहीं खोल सकी। खराब रोशनी के कारण मैच रोकने के अंपायरों के फैसले से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा खफा भी दिखे।

बारिश से प्रभावित दिन के खेल के दौरान भारतीय पारी के 80वें ओवर के बाद कप्तान लाथम ने नई गेंद लेने का फैसला किया और उनके तेज गेंदबाजों ने इस फैसले को सही साबित किया। अनुभवी टिम साउथी (53 रन पर एक विकेट) ने सरफराज को आउट कर पंत के साथ उनकी शानदार साझेदारी को तोड़ा। गेंदबाज विलियम ओ'राउर्के (तीन विकेट) ने सात गेंद के अंदर पंत और राहुल (12) को आउट कर भारत पर फिर से दबाव बना दिया। टेस्ट में यह सातवीं बार है जब पंत 90 के बाद आउट होकर शतक पूरा करने से चूक गए। ओ'राउर्के ने दिन के आखिरी सत्र में जडेजा (पांच) को चलता किया जबकि मैट हेनरी ने पुछल्ले बल्लेबाजों का शिकार कर भारतीय पारी को खत्म किया।

इससे पहले सरफराज ने दिन की शुरुआत 70 रन की। दिन के पहले घंटे में जब न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को पिच से मदद मिल रही थी तब उन्होंने लेट कट के शानदार इस्तेमाल से उनकी धार को कुंद किया। बारिश के बाद लाथम ने नयी गेंद लेकर तेज गेंदबाजों को सौंपी जिन्होंने 15.2 ओवर अंदर भारत के आखिरी सात विकेट चटका लिए।




रवींद्र जडेजा का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते ओ'राउर्के। ● एजेंसी

**107** रनों की दरकार है कीवी टीम को जीत के लिए

### मुंबईकर सरफराज क्रिकेट की दुनिया का नया जलजला



**बेंगलुरु।** सरफराज खान क्रिकेट की दुनिया का वो नाम जिसने लंबे समय तक भारतीय टीम में उपलब्धि के साथ जगह बनाने का इंतजार किया, आज उसका सपना बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पूरा हुआ। जिस समय भारतीय टीम में मुश्किलों के भंवरजाल में फंस चुकी थी, ऐसे दवाब के लम्हों में सरफराज खान ने शतक के लिये नॉन-स्ट्राइकर छोर की ओर कदम बढ़ाए और भारतीय ड्रेसिंग रुम के साथ समूचा देश जश्न के समंदर में गोते लगाने लगा। सरफराज ने अपना बल्ला घुमाया और हेलमेट हटाया, इसके साथ मैदान में उनके पहले टेस्ट शतक के बाद भावनात्मक अनुभूति में खुशी की लहर दौड़ गई। बेंगलुरु के प्रशंसक खड़े हो गए, उनके साथियों ने खुशी मनाई और आसमान उनकी जीत का गवाह बना।

### बारिश बनी खेल में बाधा

**बेंगलुरु।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच यहां खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन शनिवार को बारिश के कारण लगभग दो घंटे की रुकावट के बाद खेल फिर से शुरू हुआ। इस रुकावट में 40 मिनट का लंच का विश्राम भी शामिल था। बारिश के कारण दिन के पहले सत्र में जब खेल रोका गया था जब भारत तीन विकेट पर 344 रन बनाकर 12 रन पीछे था।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी: 46 रन**

**न्यूजीलैंड पहली पारी: 402**

**भारत दूसरी पारी: 462/10** (99.3 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल स्टं. ब्लंडल बो पटेल | 35 | 52 | 6/0 |
| रोहित शर्मा बो पटेल | 52 | 63 | 8/1 |
| विराट कोहली का ब्लंडल बो फिलिप्स | 70 | 102 | 8/1 |
| सरफराज खान का पटेल बो साउथी | 150 | 195 | 18 3 |
| ऋषभ पंत बो ओ'राउर्के | 99 | 105 | 9/5 |
| लोकेश राहुल का ब्लंडेल बो ओ'राउर्के | 12 | 16 | 2/0 |
| रविंद्र जडेजा का यंग बो ओ'राउर्के | 5 | 15 | 1/0 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबाधा हेनरी | 15 | 24 | 1/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 6 | 20 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का ब्लंडेल बो हेनरी | 0 | 4 | 0/0 |
| मोहम्मद सिराज का साउथी बो हेनरी | 0 | 2 | 0/0 |

अतिरिक्त: 4, गेंदबाजी: साउथी 15-2-53-1, हेनरी 24.3-3-102-3, ओ'राउर्के 21-4-92-3, पटेल 18-3-100-2, फिलिप्स 15-2-69-1, रविंद्र 6-0-30-0

**न्यूजीलैंड दूसरी पारी: 00/0** (0.4 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लाथम नाबाद | 0 | 4 | 0/0 |
| डेवोन कोनवे नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

अतिरिक्त: 0, गेंदबाजी: बुमराह 0.4-0-0-0

## मोहन बागान ने ईस्ट बंगाल को 2-0 से हराया

कोलकाता, एजेंसी

मोहन बागान ने शनिवार को यहां सत्र के पहले डर्बी मुकाबले में दबदबा बनाते हुए ईस्ट बंगाल पर 2-0 से जीत दर्ज की जिससे टीम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई।

जैमी मैकलारेन ने 41वें मिनट में गोल कर मोहन बागान की टीम को 1-0 से आगे कर दिया। मोहन बागान ने प्रतिद्वंद्वी टीम को कोई गोल नहीं करने दिया और 89वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी दिमित्रि पेट्रोटोस ने पेनल्टी पर गोल कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। यह मोहन बागान की पांच मैच में दूसरी जीत है जिससे टीम दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है और शीर्ष पर चल रही बेंगलुरू एफसी से तीन अंक पीछे है।



मैच के दौरान गेंद के लिए प्रतिस्पर्धा करते मोहन बागान सुपर जाइंट के आशीष राय और ईस्ट बंगाल एफसी के प्रोवेट लाकड़ा

### मैनचेस्टर के लिए पांच भारतीय चयनित

**नई दिल्ली।** जमीनी स्तर की फुटबॉल पहल यूनाइटेड वी प्ले के भारत में आयोजित चौथे सत्र से चुने गये पांच फुटबॉल खिलाड़ी मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रशिक्षण लेंगे। इस आयोजन में 18 शहरों के 15,000 से अधिक उभरते भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसके बाद लालचुआनवमा (मिजोरम), किस्कू (भुवनेश्वर), अयान (लखनऊ), भक्त बहादुर परियार (नेपाल) और चानसोन चैयथम (बैंकॉक) को चयनित किया।

### ला लीगा : वालाडोलिड ने अलावेस को हराया

**मैड्रिड।** रियल वालाडोलिड ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल की मदद को ला लीगा फुटबॉल मैच में अलावेस के खिलाफ 3-2 से जीत दर्ज की। स्पेन की शीर्ष घरेलू लीग में मौजूदा सत्र में यह टीम की दूसरी जीत है। वालाडोलिड 10 मैचों में आठ अंक के साथ तालिका में 18वें स्थान पर पहुंच गया। अलावेस 10 मैचों में 10 अंकों के साथ उससे चार स्थान ऊपर है।




### तमिल थलाईवाज ने तेलुगु टाइटन्स को हराया

**हैदराबाद।** तमिल थलाईवाज ने शनिवार को यहां नरेंद्र कंडोला और सचिन के शानदार प्रदर्शन के बूते तेलुगु टाइटन्स को हराकर प्रो कबड्डी लीग(पीकेएल) के 11वें सत्र में जीत से अपना अभियान शुरू किया। तमिल थलाईवाज ने गाचीबाउली में यह मुकाबला 44-29 से जीता। थलाईवाज के लिए कंडोला और सचिन दोनों ने सुपर 10 हासिल किए जबकि तेलुगु टाइटन्स के कप्तान पवन सहरावत ने भी 'सुपर 10' बनाया। विजय मलिक ने हारने वाली टीम के लिए नौ अंक जुटाए।

## बॉलीवुड हलचल



### सनी देओल की फिल्म जाट का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो सन्नी देओल के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आने वाली फिल्म जाट से उनका पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। सनी देओल ने अपनी अगली फिल्म के लिए दक्षिण भारतीय फिल्म निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी के साथ हाथ मिलाया है। सन्नी देओल के जन्मदिन के अवसर पर अस्थाई शीर्षक एसडीजीएम के नाम से चर्चा बटोरने वाली इस फिल्म का शीर्षक जारी हो गया है। साथ ही सन्नी देओल का फर्स्ट लुक पोस्टर भी रिलीज हो गया है। एसडीजीएम नाम से चर्चित इस फिल्म का आधिकारिक शीर्षक जाट है। पोस्टर में सनी हाथ में एक बड़ा सेलिंग फैन लिए दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर एसडीजीएम के निर्माताओं ने सन्नी देओल के लिए जन्मदिन पोस्ट साझा किया। मैत्री मूवी मेकर्स ने सन्नी देओल पोस्टर के साथ कैप्शन मे लिखा मास एक्शन के लिए नेशनल परमिट मैन पेश है, सनी देओल जाट, हैप्पी बर्थडे एक्शन सुपरस्टार, मास फीस्ट लॉडिंग।मैत्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले बन रही फिल्म जाट में सन्नी देओल के अलावा रणदीप हुडा, सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा की भी अहम भूमिका है।

### अमिताभ के साथ रोमांस करना चाहती है विद्या बालन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन फिल्मों में अमिताभ बच्चन के साथ रोमांस करना चाहती हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो कौन बनेगा करोड़पति 16 में, बॉलीवुड के सुपरस्टार विद्या बालन और कार्तिक आर्यन अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म भूल भुलैया 3 के प्रमोशन के सिलसिले के लिये पहुंचे थे। शो के दौरान विद्या बालन ने होस्ट अमिताभ बच्चन से एक किस्सा शेयर किया। विद्या बालन ने कहा, फिल्म पा शूट करते वक्त एक सीन था, जहां बच्चन सर, मैं और अभिषेक बारिश में मंकी डांस कर रहे होते हैं। उन्होंने अमिताभ से कहा, मैंने सोचा, मैं आपके साथ आज रपट जाएं तो हमें न उठाइयो पर डांस करना चाहती हूं, लेकिन मैं आपकी मां का किरदार निभा रही हूं और आपके साथ मंकी डांस कर रही हूं। ख्वाहिश अधूरी रह गई सर। मुझे 60 और 70 की दशक की एक्ट्रेस से प्यार है। उनमें अलग सुंदरता और ग्रेस होता था। उनकी शख्सियत उनके किरदारों में से उभरकर बाहर आती थी। सबसे ज्यादा जरूरी बात ये है कि वो सब आपके साथ काम कर चुकी हैं। विद्या ने बताया कि वह अमिताभ की एक्ट्रेस बनना पसंद करेंगी। शो के दौरान विद्या ने अमिताभ के साथ डांस किया।



### एक्सीलेंस इन सिनेमा अवार्ड से सम्मानित हुई शबाना आजमी

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी को मामी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में एक्सीलेंस इन सिनेमा अवार्ड से सम्मानित किया है। मामी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2024 में शबाना आजमी को एक्सीलेंस इन सिनेमा सम्मानित किया गया, जो इंडस्ट्री में उनके 50 साल पूरे होने पर उन्हें ट्रिब्यूट है। शबाना आजमी को यह पुरस्कार दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान ने दिया। शबाना आजमी की शानदार यात्रा, जो फिल्मकार श्याम बेनेगल की वर्ष 1974 में प्रदर्शित फिल्म अंकुर से शुरू हुई। शबाना आजमी ने पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों सहित अनगिनत पुरस्कार जीते हैं।फिल्मों में उल्लेखनीय योगदान को लेकर शबाना आजमी वर्ष 2006 में पद्मश्री और वर्ष 2012 में पद्मभूषण पुरस्कार से भी सम्मानित की गईं है। शबाना आजमी ने अपने पांच दशक लंबे सिने कैरियर में अब तक करीब 150 फिल्मों में अभिनय किया है। शबाना आजमी ने इंस्टग्राम पर लिखा मुझे सिनेमा में



## हरियाणा के धीरू ने लगाया शतक बेअसर नजर आई यूपी की गेंदबाजी

**रणजी ट्राफी- दूसरा दिन**

- हरियाणा ने पहली पारी में नौ विकेट खोकर बनाये 431 रन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** धीरू सिंह (103) और सुमित कुमार (61) के धमाकेदार बल्लेबाजी की बदौलत मेहमान हरियाणा ने यूपी के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के ग्रुप सी के मुकाबले के दूसरे दिन पहली पारी में नौ विकेट पर 431 रन बना लिए हैं। आज का खेल खत्म होने तक हरियाणा के युजवेंद्र चहल 38 रन और अमन कुमार 8 रन बना कर विकेट पर मौजूद हैं। यूपी के गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वे कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ पाये।

लखनऊ के सेठ आनंदराम जयपुरिया प्रांगण स्थित स्पोर्ट्स गैलेक्सी ग्राउंड में हरियाणा ने कल 6 विकेट पर 242 रन बनाये थे। हरियाणा ने आज इसके आगे खेलते हुए 189 रन जोड़े। धीरू सिंह ने उम्दा बल्लेबाजी करते हुए सुमित कुमार के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने यूपी के गेंदबाजों को करारा जवाब दिया। श्रेय निगम ने सुमित को यश दयाल के हाथों कैच कराकर इस जोड़ी को तोड़ा। सुमित कुमार ने 191 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली। दूसरे छोर धीरू सिंह ने मोर्चा संभाले रखा और शानदार शतक जडक़र हरियाणा को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। धीरू सिंह 256 गेंदों 103 रन की जिम्मेदारी भरी पारी खेली। उत्तर प्रदेश की तरफ विराज निगम और शिवम शर्मा ने क्रमशः तीन-तीन विकेट चटकाए, जबकि यश दयाल ने दो विकेट चटकाये। रविवार का दिन दोनों टीमों के लिए बेहद अहम होने वाला है। हरियाणा का अंतिम विकेट लेक यूपी को बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी।

### दिल्ली के कमजोर, तमिलनाडु का विशाल स्कोर

**नई दिल्ली।** वाशिंगटन सुंदर और प्रदोष रंजन पॉल ने दिल्ली के कमजोर स्पिन आक्रमण का पूरा फायदा उठाते हुए शनिवार को यहां शतक जड़े जिससे तमिलनाडु रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच में अपनी पहली पारी में विशाल स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। तमिलनाडु ने अपनी पहली पारी छह विकेट पर 674 रन पर घोषित की। दिल्ली में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के 43 रन बनाए थे। सलामी बल्लेबाज ध्रुव कौशिक के चोटिल होने के कारण सनत सांगवान के साथ हर्ष त्यागी ने पारी का आगाज किया। दिल्ली की समस्या यहीं तक सीमित नहीं है। उसके ऑलराउंडर प्रांशु विजयरन भी चोटिल हो गए हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### श्रीलंका ने 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेजा

**कोलंबो।** श्रीलंका ने अपने जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया है। यहां भारतीय मिशन ने यह जानकारी दी। दोनों देशों के मछुआरों को एक-दूसरे के जलक्षेत्र में अनजाने में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता रहा है। शुक्रवार को यहां भारतीय उच्चायोग ने एक पोस्ट में कहा 17 भारतीय मछुआरों को सफलतापूर्वक वापस भेज दिया गया है और वे तमिलनाडु, भारत के लिए रवाना हो गए हैं। मछुआरों का मुद्दा द्विपक्षीय संबंधों में एक विवादास्पद विषय रहा है।

### यूक्रेन की योजना का समर्थन करने का संकल्प लिया

**कीव।** फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने रूस के साथ ढाई साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने की यूक्रेन की योजना का समर्थन करने का शनिवार को संकल्प लिया। बैरोट ने यहां संवाददाताओं से कहा कि वह प्रस्ताव के लिए अन्य देशों का समर्थन प्राप्त करने के वास्ते यूक्रेनी अधिकारियों के साथ मिलकर काम करेंगे। जेलेंस्की ने कीव की तथाकथित विजय योजना का खुलासा इस सप्ताह की शुरुआत में किया था, जिसके तहत रूस को यूक्रेन पर अपने आक्रमण को खत्म करने के लिए बातचीत के माध्यम से मजबूर किया जाना है। इस प्रस्ताव पर यूक्रेन के पश्चिमी साझेदार विचार कर रहे हैं, जिनका सहयोग कीव द्वारा रूस का विरोध किये जाने के लिए महत्वपूर्ण है।

### धोखाधड़ी के मामले में नेपाल के पूर्व उपप्रधान मंत्री गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री रबी लामिछाने को सहकारी धोखाधड़ी और एक संगठित अपराध में उनकी कथित संलिप्तता को लेकर शुक्रवार शाम को गिरफ्तार कर लिया गया। नेपाल पुलिस के तहत केंद्रीय जांच ब्यूरो की एक टीम लामिछाने को काठमांडू में उनकी पार्टी के केंद्रीय कार्यालय से ले गई। कुछ घंटे पहले कास्की जिला न्यायालय ने सहकारी निधि का गबन करने और एक संगठित अपराध में शामिल होने के आरोप में उनके और 13 अन्य लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ब्यूरो के प्रवक्ता होबिन्द्रा बोगती ने मीडिया को बताया हमने लामिछाने को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कास्की ले जाया जाएगा।

### जापान में महसूस हुए भूकंप के तेज झटके

**बीजिंग।** जापान के नोडा से 48 किलोमीटर ईएनई में शुक्रवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने आज बताया कि अंतरराष्ट्रीय समयानुसार कल शाम करीब 04 :38 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 .1 आंकी गयी। भूकंप का केन्द्र 40 .30 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 142 .33 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 63 .4 किमी की गहराई में स्थित था। भूकंप से जानमाल के नुकसान की फिलहाल कोई सूचना नहीं है।

## भारत ने श्रीलंका में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दोगुना किया अनुदान

- तमिल समुदाय के बागान क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देना है मकसद

**कोलंबो, एजेंसी**

भारत ने श्रीलंका में भारतीय मूल के तमिल समुदाय के बागान क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के मकसद से अपने अनुदान को दोगुना करके 17 करोड़ 22 लाख 50 रुपये कर दिया है। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा और श्रीलंका के शिक्षा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव जे एम थिलाका जयसुंदरा ने इस अनुदान को औपचारिक रूप देने के लिए राजनयिक पत्रों पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए और उनका आदान-प्रदान किया।

झा ने कहा, इस परियोजना के तहत श्रीलंका सरकार द्वारा चिह्नित नौ बागान स्कूल के बुनियादी ढांचे के उन्नयन की परिकल्पना की गई है। इनमें मध्य प्रांत के बागान क्षेत्रों में छह स्कूल और उवा, सबरागामुवा और दक्षिणी प्रांत में एक-एक स्कूल शामिल है।

### श्रीलंका सरकार के अनुरोध पर दी गई अतिरिक्त धनराशि

यह अतिरिक्त धनराशि श्रीलंका सरकार के अनुरोध पर दी गई और इसी के साथ इस परियोजना के लिए भारत की कुल प्रतिबद्धता अब 60 करोड़ श्रीलंकाई रुपये (17 करोड़ 22 लाख 50 भारतीय रुपये) हो गई है। यह परियोजना श्रीलंका में भारत की कई पूर्व एवं वर्तमान विकास साझेदारी पहलों का हिस्सा है।

# कोर्ट में बर्दाश्त नहीं होगी महिलाओं के प्रति अपमानजनक भाषा

## उत्तरी गोवा में जिला न्यायालय परिसर के उद्घाटन के मौके पर प्रधान न्यायाधीश ने जनसमूह को किया संबोधित

**पणजी, एजेंसी**

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि सभी प्रकार की अपमानजनक भाषा का, विशेष रूप से महिलाओं के खिलाफ, अदालतों में कोई स्थान नहीं है। असंवेदनशील शब्द रूढ़िवादिता को बढ़ावा दे सकते हैं और महिलाओं तथा हाशिए पर पड़े समुदायों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने प्रशासनिक प्रतिष्ठान के कुछ सदस्यों द्वारा महिलाओं के प्रति अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल के बारे में महिला न्यायिक अधिकारियों की शिकायतों का उल्लेख किया। पणजी के निकट उत्तरी गोवा जिला न्यायालय परिसर के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हमें न्याय तक वास्तविक लोकतांत्रिक पहुंच बनाने के लिए सभी बाधाओं को दूर करने के वास्ते सक्रिय रूप से काम करना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा जैसा कि हम अपने न्यायालयों में समावेशिता के लिए प्रयास करते हैं, हम जिस भाषा का उपयोग करते हैं, वह हमारे लोकाचार को प्रतिबिंबित करना चाहिए। हमें शब्दों के चयन में सतर्क रहना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारी भाषा न केवल सटीक हो बल्कि सम्मानजनक और समावेशी भी हो।



जिला न्यायालय परिसर के उद्घाटन करते प्रधान न्यायाधीश।

### कानूनी विमर्श को उन्नत बनाने के मूल नियमों को याद रखना चाहिए : चंद्रचूड़

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि पीठ के सदस्यों, विशेषकर जिला स्तर के न्यायिक अधिकारियों को कानूनी विमर्श को उन्नत बनाने के मूल नियमों को याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कानूनी पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम यह सुनिश्चित करना है कि निर्णय और आदेश सभी क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध हों। प्रधान न्यायाधीश ने कहा मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उच्चतम न्यायालय के आदेशों का कोंकणी भाषा में भी अनुवाद किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में तेजी लानी होगी। मुझे विश्वास है कि बम्बई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश यह सुनिश्चित करेंगे कि बम्बई उच्च न्यायालय के फैसलों का भी ऐसी भाषा में अनुवाद किया जाए जिसे राज्य के लोग समझ सकें।

# डॉलर के वर्चस्व को तोड़ने की तैयारी

## राष्ट्रपति पुतिन ने अमेरिकी डॉलर के समानांतर स्विफ्ट प्रणाली बनाने पर दिया जोर

**मॉस्को, एजेंसी**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स समूह को पश्चिमी प्रतिबंधों से मुक्त स्विफ्ट जैसी सीमा-पार भुगतान प्रणाली की संभावनाएं तलाशनी चाहिए। उन्होंने साथ ही अमेरिकी डॉलर के वर्चस्व को खत्म करने के लिए निवेश परियोजनाओं के वित्तपोषण में राष्ट्रीय डिजिटल मुद्राओं के इस्तेमाल पर जोर दिया। रूस की मेजबानी में आयोजित ब्रिक्स नेताओं के 16वें वार्षिक शिखर सम्मेलन से पहले पुतिन ने यह भी कहा कि एक साझा ब्रिक्स मुद्रा के लिए अभी समय नहीं आया है।

हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि 10 देशों का समूह डिजिटल मुद्रा के उपयोग की संभावना तलाश रहा है जिसके लिए उनका देश भारत और अन्य देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है। फरवरी 2022 में यूक्रेन के साथ शुरू हुए संघर्ष के बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने रूस पर व्यापक रूप से प्रतिबंध लगाए हैं। रूस ब्रिक्स केंद्रीय बैंकों के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े वाणिज्यिक बैंकों के नेटवर्क पर आधारित एक नई भुगतान प्रणाली बनाकर वैश्विक वित्तीय प्रणाली को दरकिनार करना चाहता है। ब्रिक्स सदस्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं के ताने-बाने और स्वरूप में अंतर के कारण नयी आरक्षित मुद्रा बनाने में सतर्क रुख अपनाने की वकालत करते हुए पुतिन ने कहा कि इन देशों को राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग, नए वित्तीय साधनों और स्विफ्ट के अनुरूप एक व्यवस्था के निर्माण पर ध्यान देना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 से 23 अक्टूबर तक रूस के तातारस्तान के कजान में होने वाले इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शामिल होने के बाद यह समूह का पहला शिखर सम्मेलन होगा। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स के मूल सदस्य देश हैं। पुतिन ने मॉस्को से करीब 50 किलोमीटर दूर नोवो-ओगारियोवो में अपने आधिकारिक आवास पर शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में ब्रिक्स सदस्य देशों के वरिष्ठ संपादकों से कहा इस समय यह (ब्रिक्स मुद्रा) एक दीर्घकालिक संभावना है। इस पर विचार नहीं किया जा रहा है। ब्रिक्स सतर्क रहेगा और उत्तरोत्तर काम करेगा, आहिस्ता-आहिस्ता आगे बढ़ेगा। अभी समय नहीं आया है। रूस के राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी ब्रिक्स के आरक्षित मुद्रा बनाने की योजना के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब की। माना जाता है कि पश्चिम के भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक गठजोड़ के जवाब में ब्रिक्स समूह की परिकल्पना की गई। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स अब राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ाने तथा ऐसे उपकरणों के निर्माण की संभावना का अध्ययन कर रहा है जो इस तरह के काम को सुरक्षित बना सकें।



### पुतिन ने कहा- भारत-चीन से परामर्श कर रहे

उन्होंने कहा कि विशेष रूप से ब्रिक्स देश इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग की संभावना पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा हम राष्ट्रीय मुद्राओं और निपटान प्रणालियों के उपयोग का विस्तार करने की संभावना पर विचार कर रहे हैं, और ऐसे उपकरण तैनात करना चाहते हैं, जो इसे पर्याप्त रूप से सुरक्षित बना सकें। पुतिन ने कहा कि समूह को एक टूलकिट तैयार करनी होगी जोकि संबंधित ब्रिक्स संस्थानों की निगरानी में रहेगी। उन्होंने कहा यह हमारी प्रत्यक्ष सक्रिय भागीदारी के साथ वैश्विक दक्षिण के विकास में एक और बहुत अच्छा कदम हो सकता है। हम (कज़ान) शिखर सम्मेलन के दौरान इस संबंध में बात करेंगे। हम पहले से ही चीनी, भारतीय मित्रों व ब्राजील के लोगों के साथ परामर्श कर रहे हैं। इसके अलावा, हम दक्षिण अफ्रीका के साथ भी एक दौर का विचार-विमर्श कर चुके हैं।

### संभावित मुद्रा के बारे में जल्दबाजी के बजाय धीरे-धीरे काम करने की जरूरत

ब्रिक्स की संभावित मुद्रा के बारे में पुतिन ने कहा कि सदस्य देशों को बिना जल्दबाजी के धीरे-धीरे काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन देशों की आबादी और संरचना को देखते हुए, यह एक दीर्घकालिक संभावना है और अगर इन मसलों पर विचार नहीं किया गया तो यूरोपीय संघ (ईयू) में एक मुद्रा लागू करते समय हुई समस्याओं से भी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ेगा। रूसी राष्ट्रपति ने केंद्रीय बैंकों के बीच संबंध स्थापित करने और वित्तीय सूचनाओं के आदान-प्रदान की जरूरत पर भी जोर दिया।

### ब्रिक्स समूह डिजिटल मुद्राओं के साथ-साथ, ब्रिक्स पे प्लेटफॉर्म शुरू करें

पुतिन ने कहा स्विफ्ट मुख्य संदेश नेटवर्क प्रदान करता है जिसके माध्यम से अंतरराष्ट्रीय भुगतान शुरू किए जाते हैं। रूस अन्य ब्रिक्स सदस्यों के साथ मिलकर पहले से ही स्विफ्ट जैसी वित्तीय संदेश प्रणाली और उच्च विकास वाली निवेश परियोजनाओं के वित्तपोषण में राष्ट्रीय डिजिटल मुद्राओं के उपयोग पर काम कर रहा है। ब्रिक्स समूह डिजिटल मुद्राओं के साथ-साथ, ब्रिक्स पे प्लेटफॉर्म शुरू करने की तैयारी कर रहा है, जो एक ब्लॉकचेन-आधारित भुगतान प्रणाली है।


# राष्ट्रपति नेतन्याहू के आवास पर हिजबुल्ला का ड्रोन अटैक

- हमास प्रमुख याह्या सिनवार की मौत के बाद हिजबुल्ला ने तेज किए हमले

**तेल अवीव, एजेंसी**

हमास प्रमुख याह्या सिनवार की मौत के बाद हिजबुल्ला ने शनिवार सुबह ड्रोन से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आवास पर हमला किया। हमले के समय नेतन्याहू और उनकी पत्नी वहां नहीं थे, हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बयान में कहा कि यह हमला लेबनान की ओर से मध्य इजराइली शहर कैसरिया में प्रधानमंत्री के निजी आवास को लक्ष्य करके किया गया। ड्रोन हमले के समय नेतन्याहू वहां नहीं थे और इससे कोई हताहत नहीं हुआ है।

इजरायल की मीडिया ने बताया है कि हाइफा के सीजेरिया इलाके में आज सुबह विस्फोट की आवाज सुनी गयी, जहां नेतन्याहू का निजी आवास है। एक इजराइल अधिकारी ने कहा ईरान ने इजराइल के प्रधानमंत्री की हत्या करने की कोशिश की। इससे पहले इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा था कि लेबनान से इजराइल क्षेत्र में प्रवेश करने वाले तीन मानव रहित ड्रोनों की पहचान की गयी थी, जिनमें से दो को ध्वस्त कर दिया गया था और एक ड्रोन कैसरिया में एक इमारत से टकराया। यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक कैसरिया में ड्रोन हमले के समय ही तेल अवीव में भी सायरन की आवाज सुनायी दी। इजरायल के राष्ट्रीय आपातकालीन पूर्व-अस्पताल चिकित्सा एवं रक्त सेवा संगठन मैगन डेविड एडोम (एमडीए) के अनुसार हिजबुल्ला की ओर से दागे गया रॉकेट एक व्यक्ति के वाहन पर गिरा, जिससे उसकी मौत हो गयी। हिजबुल्ला की ओर से सुबह से ही रॉकेट दागे जा रहे हैं। आईडीएफ के अनुसार आज अपराह्न ढाई बजे तक लेबनान स्थित आतंकवादी संगठन द्वारा कम से कम 180 प्रोजेक्टाइल दागे गये थे।



### गाजा पर हवाई हमले में 33 फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा।** उत्तरी गाजा पट्टी में जबालिया शिविर पर शुक्रवार शाम को इजराइली हवाई हमले में कम से कम 33 फिलिस्तीनी मारे गए। हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने यह जानकारी दी। मृतकों में 21 महिलाएं शामिल हैं और कई पीड़ितों के मलबे और इमारतों के नीचे फंसे होने के कारण कुल मौतों की संख्या 50 तक पहुंच सकती है। मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा कि बमबारी में 85 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें से कुछ को गंभीर चोटें आईं। इसमें कहा गया है कि इजराइली सेना ने जबालिया शिविर में कई घरों पर बमबारी की।

# जापान : सत्तारूढ़ पार्टी के मुख्यालय पर हमला

- एक संदिग्ध गिरफ्तार, एक के बाद एक विस्फोट हुए

**तोक्यो, एजेंसी**

जापान की सत्तारूढ़ पार्टी के मुख्यालय में शनिवार को एक व्यक्ति ने कई बम फेंके और प्रधानमंत्री आवास की दीवार में अपनी कार से टक्कर मार दी। तोक्यो पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

संदिग्ध हमलावर की पहचान 49 वर्षीय अत्सुनोबु उसुदा के रूप में की गई है और उसे सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने हालांकि स्पष्ट किया कि बाद में उस पर अतिरिक्त आरोप भी जोड़े जा सकते हैं। हमले का मकसद तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन जापानी मीडिया की खबरों के मुताबिक सोशल मीडिया पर उसुदा की एक कथित पोस्ट है जिसमें वह जापानी कानून के तहत चुनाव लड़ने के लिए आवश्यक धनराशि के बारे में शिकायत कर रहे हैं, जिससे संकेत मिलता है कि उसुदा की राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं हैं। मीडिया ने अज्ञात स्रोतों के हवाले से बताया कि उसुदा ने परमाणु संयंत्रों के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लिया था।



## उ. कोरिया ने दक्षिण कोरियाई ड्रोन के अवशेष मिलने का किया दावा

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने शनिवार को दावा किया कि उसे अपनी राजधानी प्योंगयांग में एक तलाश अभियान के दौरान एक दक्षिण कोरियाई ड्रोन के अवशेष मिले हैं जिससे यह साबित होता है कि इस महीने की शुरुआत में शहर के हवाई क्षेत्र में ड्रोन की कथित घुसपैठ के पीछे दक्षिण कोरिया की सेना का हाथ था। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कुछ तस्वीरें जारी कीं, जिनमें एक क्षतिग्रस्त विमान दिख रहा है, जिसके चौड़े, वी-आकार के पंख हैं।

# वीजा मांगों को लेकर भारत के साथ एफटीए को रोकने का किया दावा

- ब्रिटेन की पूर्व व्यापार और वाणिज्य मंत्री ने किया खुलासा

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन की पूर्व व्यापार और वाणिज्य मंत्री केमी बेडेनोच ने दावा किया है कि उन्होंने अधिक वीजा की मांग के चलते भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अवरुद्ध कर दिया था। बेडेनोच कंजर्वेटिव पार्टी प्रमुख और नेता विपक्ष के रूप में ऋषि सुनक की जगह लेने की दौड़ में सबसे आगे हैं।

नाइजीरियाई मूल की बेडेनोच ने कहा कि सुनक के नेतृत्व वाली टोरी सरकार द्वारा एफटीए पर हस्ताक्षर न किए जाने का एक कारण यह था कि भारतीय पक्ष प्रवासन के मुद्दे पर अधिक रियायतों की अपेक्षा कर रहा था। अखबार द टेलीग्राफ के अनुसार, बेडेनोच ने कहा व्यापार मंत्री के रूप में, जब मैं प्रवासन को सीमित करने के लिए कुछ करने की कोशिश कर रही थी, तब हमारे पास भारत के साथ एफटीए का मुद्दा था जिसके तहत वे प्रवासन के मामले में अधिक रियायतें मांग रहे थे, लेकिन मैंने मना कर दिया। यह उन कारणों में से एक है जिसके कारण हमने इस पर हस्ताक्षर नहीं किए। हालांकि, उनके कुछ पूर्व टोरी मंत्रिमंडलीय सहयोगियों ने द टाइम्स में बेडेनोच के दावे के विपरीत कहा कि ऐसा संभव नहीं है क्योंकि वह किसी भी कीमत पर समझौते के लिए जोर दे रही थीं जिससे द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी में प्रति वर्ष 38 अरब जीबीपी की उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद थी। खबर में एक पूर्व कैबिनेट मंत्री के हवाले से कहा गया केमी किसी भी कीमत पर समझौता करना चाहती थीं और उन्हें नहीं लगता था कि जो आपत्तियाँ सामने रखी जा रही थीं, वे गंभीर थीं।

# पन्नू की हत्या की साजिश का आरोपी विकास पिछले साल ही अपहरण के मामले में गिरफ्तार

- जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर फिरौती मांगने का था आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश रचने में कथित भूमिका के लिए आरोपित विकास यादव को दिल्ली पुलिस ने पिछले साल दिसंबर में अपहरण और जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया था।



पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने भारत सरकार के पूर्व अधिकारी यादव (39) को रोहिणी में रहने वाले एक व्यापारी को अगवा करने और जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर फिरौती मांगने के आरोप में 18 दिसंबर, 2023 को गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने बताया कि यादव को इस साल अप्रैल में जमानत पर रिहा किया गया था। विशेष प्रकोष्ठ की ओर से दायर प्राथमिकी के मुताबिक, यादव ने उक्त व्यापारी से कहा कि वह 11 दिसंबर, 2023 को दक्षिण दिल्ली में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के कार्यालय के पास उससे मिले और धमकी दी कि ऐसा न करने पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। प्राथमिकी में दावा किया गया है कि पीड़ित व्यापारी यादव के कहे अनुसार अपने एक दोस्त के साथ उससे मिलने पहुंचा। इस दौरान, यादव के साथ अब्दुल्ला नाम का एक व्यक्ति मौजूद था।

इसमें आरोप लगाया गया है कि यादव और अब्दुल्ला ने व्यापारी को एक कार के अंदर खींचा तथा लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर उससे फिरौती की मांग की। प्राथमिकी के अनुसार, दोनों आरोपियों ने व्यापारी को एक कोरे चेक पर दस्तखत करने के लिए मजबूर किया और फिर उसे उसकी कार के पास छोड़ दिया।

इसमें कहा गया है कि आरोपियों ने व्यापारी को धमकी दी कि अगर उसने इस घटना के बारे में किसी को भी बताया, तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। प्राथमिकी के मुताबिक, घर लौटने के बाद पीड़ित को पता चला कि यादव और अब्दुल्ला ने उसके कैफे में रखे 50,000 रुपये भी ले लिए और सभी सीसीटीवी रिकॉर्डिंग मिटा दी।

**दीक्षांत समारोह** रक्षामंत्री ने कहा- अधिकारियों को प्रौद्योगिकियों को समझकर उनके इस्तेमाल करने में सक्षम बनना चाहिए

# दुश्मन के तकनीकी उपकरण व प्रौद्योगिकियों का जबाव देने को रहें तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य अधिकारियों से लगातार बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में रणनीतिक लाभ हासिल करने के लिए समीक्षात्मक चिंतन करने का शनिवार को आह्वान किया और कहा कि दुश्मन के तकनीकी उपकरणों तथा प्रौद्योगिकियों का हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की संभावनाओं से निपटने के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

दिल्ली में राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज (एनडीसी) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा, ड्रोन और स्वचालित वाहन से लेकर कृत्रिम मेधा (आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस या एआई) और क्वांटम कंप्यूटिंग तक, आधुनिक युद्ध को आकार देने वाली प्रौद्योगिकियां बहुत तेज गति से विकसित हो रही हैं। हमारे अधिकारियों को इन प्रौद्योगिकियों को समझना चाहिए और उनका इस्तेमाल करने में सक्षम बनना चाहिए। रक्षा मंत्री ने अधिकारियों ने रणनीतिक विचारक बनने का आग्रह किया, जो भविष्य की लड़ाइयों का पूर्वानुमान लगाने, वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में होने वाले बदलावों को समझने और बुद्धिमत्ता एवं सहानुभूति दोनों के साथ नेतृत्व करने की क्षमता रखते हों। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे भूराजनीति, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और वैश्विक सुरक्षा गठबंधनों की जटिलताओं जैसे विषयों पर अच्छी पकड़ रखें, क्योंकि उनके द्वारा लिए गए फैसलों के युद्ध के मैदान से इतर कूटनीति, अर्थशास्त्र और अंतरराष्ट्रीय कानून के क्षेत्र में भी दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, राजनाथ ने अधिकारियों से समीक्षात्मक चिंतन करने, अप्रत्याशित परिस्थितियों के अनुकूल ढलने और तकनीक क्षेत्र में होने वाले नवीनतम आविष्कारों का लाभ उठाने का आह्वान किया, ताकि वर्तमान के लगातार बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में रणनीतिक लाभ हासिल किया जा सके। उन्होंने दुश्मन द्वारा उन तकनीकी उपकरणों और प्रौद्योगिकियों का हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की संभावनाओं से निपटने के लिए तैयार रहने की जरूरत को रेखांकित किया, जिनका लोग रोजमर्रा के जीवन में उपयोग करते हैं। राजनाथ ने कहा, यह ख्याल भर कि हमारे विरोधी हमारे उपकरणों का दुरुपयोग कर रहे हैं, हमें इस बात की याद दिलाता है कि हमें इन खतरों से निपटने के लिए कितनी तत्परता से तैयारी करनी चाहिए।



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के 62वें दीक्षांत समारोह के दौरान डिग्री प्रदान करते हुए।

### रणनीतिक नवाचार को भी बढ़ावा दिया जाए

राजनाथ ने कहा कि एनडीसी जैसे संस्थानों को अपना पाठ्यक्रम इस तरह से तैयार करना चाहिए कि न केवल उसमें ऐसे अपरंपरागत युद्ध पर 'केस स्टडी' शामिल की जाए, बल्कि रणनीतिक नवाचार को भी बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि लगातार बदलती चुनौतियों के बीच पूर्वानुमान लगाने, अनुकूलन करने और प्रतिक्रिया देने की क्षमता उनका सामना करने की हमारी तत्परता को परिभाषित करेगी।